# देशबन्धु

सतना, शनिवार 13 जून 2026 | वर्ष – 41 | अंक – 104 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ मरू भूमि में... ■ घरेलू सोने का... 04
■ किम जोंग उन के देश में भेज दिए थे ड्रोन... ■ पाकिस्तान अपना रक्षा बजट बढ़ाने की फिराक... 09
■ बाजार में बहार, सेंसेक्स 1696 अंक उछला ■ नेस्ले, केएफएसएसएआई और फ्लिपकार्ट को... 11
■ अफगानिस्तान के... ■ रोमांचक मुकाबले... 10

# तीखी होती जा रही महंगाई की मार

### जेब पर सीधा असर

## मई में फिर बढ़ी खुदरा महंगाई दर, 3.93 प्रतिशत पर पहुंची

**सड़क से रसोई तक हर वर्ग होगा प्रभावित**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के आम आदमी की जेब और घरेलू बजट से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में आए उतार-चढ़ाव के कारण देश में खुदरा महंगाई दर में एक बार फिर बढ़ोतरी दर्ज की गई है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, मई 2026 में भारत की खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.93 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इससे पिछले महीने, यानी अप्रैल 2026 में यह आंकड़ा 3.48 प्रतिशत पर था। खुदरा महंगाई में तेजी का असर लगभग हर वर्ग की जेबों पर पड़ेगा और सड़क से लेकर रसोई तक महंगाई की मार तीखी होगी। दूसरी ओर आरबीआई का कहना है कि- महंगाई अभी उनके अनुमान नियंत्रण सीमा से अन्दर है। विशेषज्ञों का मानना है कि ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में आई हालिया गिरावट और शेयर बाजार में लौटे सकारात्मक सेंटिमेंट्स के चलते आने वाले महीनों में घरेलू बाजार में लॉजिस्टिक्स और इनपुट कॉस्ट कम हो सकती है।



कार्टून सोशल मीडिया से साभार

## कैंसर की दवाएं महंगी हुईं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उधर कैंसर का इलाज करा रहे मरीजों के लिए एक चिंताजनक खबर सामने आई है। भारत सरकार ने कैंसर के इलाज में उपयोग होने वाली कुछ जरुरी दवाइयों की कीमत में 50 प्रतिशत तक का इजाफा किया है। भारत सरकार की दवा मूल्य नियामक संस्था, नेशनलफार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी ने कुछ प्रमुख कैंसर रोधी दवाओं के दाम बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। नियामक का कहना है कि यह फैसला बाजार में इन जीवनरक्षक दवाओं की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने के लिए मजबूरी में लिया गया है। इन दवाओं को बनाने में इस्तेमाल होने वाले प्लैटिनम आधारित कच्चे माल की वैश्विक कीमतों में भारी उछाल आया है।

### तेल पर कंट्रोल

## बड़े खरीददरों को पेट्रोल पम्पों से नहीं मिलेगा डीजल

**एक गाड़ी या ग्राहक को दिन में केवल 200 लीटर डीजल ही मिल सकेगा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी संकट से दुनिया में तेल की सप्लाई टाइट हुई है। इसे देखते हुए सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने इंडस्ट्रियल, कमर्शियल और इंस्टीट्यूशनल यूजर्स को पेट्रोल पंपों से पेट्रोल और डीजल खरीदने से रोक दिया है।

उन्हें अपनी जरूरत का ईंधन बल्क सेल पॉइंट्स से लेने को कहा गया है। इस बारे में सरकार ने गुरुवार को एक नोटिफिकेशन जारी किया है। सरकार के मुताबिक इसका मकसद आम उपभोक्ताओं और आवश्यक सेवाओं के लिए ईंधन की उपलब्धता बनाए रखना है। नोटिफिकेशन के मुताबिक ये पाबंदियां शुरुआती तौर पर 90 दिनों तक लागू रहेंगी। नोटिफिकेशन में रिटेल आउटलेट डीलरों को निर्देश दिया गया है कि वे एक दिन में किसी ग्राहक या गाड़ी को 200 लीटर से ज्यादा हाई-स्पीड डीजल न बेचें। साथ ही यह भी कहा गया है कि इस हाई स्पीड डीजल को आगे दोबारा नहीं बेचा जा सकता।

### सार संक्षेप

## एनटीए ने नीट परीक्षा की अवधि 15 मिनट बढ़ाई

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) -2026 परीक्षा को अधिक छात्र-अनुकूल बनाने के लिए परीक्षा समय को 15 मिनट बढ़ाने का फैसला किया है। एनटीए ने शुक्रवार को सार्वजनिक सूचना जारी कर कहा कि 21 जून को आयोजित होने वाली परीक्षा में परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा की कुल अवधि बढ़ाकर 195 मिनट कर दी गई है। अब परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक आयोजित होगी। इस अतिरिक्त समय में उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर और अन्य अनिवार्य औपचारिकताओं का समय भी शामिल रहेगा, जिससे छात्रों को वास्तविक परीक्षा समय में किसी प्रकार की कमी महसूस नहीं होगी। इसके अलावा, प्रश्न पुस्तिका में रफ वर्क के लिए उपलब्ध स्थान को भी बढ़ाया गया है। पहले जहां केवल दो रफ वर्क पेज दिए जाते थे, वहीं अब छात्रों को चार रफ वर्क पेज उपलब्ध कराए जाएंगे।

## विदेशी मुद्रा भंडार 71.1 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच जून को समाप्त सप्ताह में 71.1 करोड़ डॉलर घटकर 681.61 अरब डॉलर रह गया। यह गिरावट मुख्य रूप से विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में कमी के कारण दर्ज की गयी है।







**चूहा-सुनती हो**-महंगाई की मार और तीखी होती जा रही है।

**चुहिया- हां प्रिये**- जब 'महंगाई डायन' का सड़क पर विरोध न हो तब तक 'सैंया की कमाई' छोटी ही पड़ती जाती है।

### सरकारी बिल्डिंग में लगी भीषण आग



## कोलकाता में 4000 ईवीएम जलकर खाक

**अग्निशमन मंत्री ने साजिश की आशंका जताई**

**कोलकाता, (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल की टूट से मचे सियासी घमासान के बीच कोलकाता में चौंका देने वाली घटना सामने आई है। कोलकाता के अलीपुरद्वार इलाके में एक बिल्डिंग में आग लगने से 4000 ईवीएम जल गई हैं। आग लगने के बाद लगभग 24 घंटे तक फायर सर्विस के कर्मचारी आग बुझाने में लगे रहे। शुभेंदु अधिकारी सरकार में मंत्री कौशिक चौधरी ने हादसे पर शक जताया है। उन्होंने बताया कि एक सरकारी इमारत में लगी आग में करीब 4,000 ईवीएम जलकर खाक हो गईं। घटना के संबंध में एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बुधवार को दक्षिण कोलकाता के अलीपुर इलाके में नौ मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई थी। इस इमारत में अन्य विभागों के अलावा दक्षिण 24 परगना जिला परिषद का कार्यालय भी था।

**विधानसभा चुनावों में हुआ था इस्तेमाल**-इन ईवीएम का इस्तेमाल राज्य में इस साल हुए विधानसभा चुनावों के दौरान 10 निर्वाचन क्षेत्रों में किया गया था। घटनास्थल का दौरा करने के बाद चौधरी ने कहा कि यह सामान्य आग नहीं लगती। हम जांच कर रहे हैं कि क्या कोई तोड़-फोड़ की गई थी। अभी यह साफ नहीं है कि आग नौवीं और दसवीं मंजिल तक कैसे पहुंची। उन्होंने कहा कि आग सबसे पहले इमारत की दूसरी और तीसरी मंजिल पर देखी गई थी। चौधरी ने कहा कि घटना के बारे में बेहतर जानकारी के लिए वह फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

**कांग्रेस और आप ने उठाए सवाल**-कांग्रेस ने कहा- सरकार और चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि आग कैसे लगी और ऊपरी मंजिलों तक कैसे पहुंची। आम आदमी पार्टी(आप) का भी कहना है कि एक सरकारी बिल्डिंग में इतनी बड़ी आग कैसे लगी और हजारों ईवीएम इसकी चपेट में कैसे आ गईं।

### समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री का निर्देश

## बेहतर कानून व्यवस्था के लिए वरिष्ठ अधिकारी भी रहें मुस्तैद



**अपराध अन्वेषण दायित्व के लिए भत्ता देने पर हो रहा है विचार**

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि- बदलते दौर में पुलिस बल को नई चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। अपराधों के अन्वेषण का दायित्व निभाने वाले विवेचना अधिकारियों को अन्वेषण भत्ता भी मिले, इस दृष्टि से अन्य राज्यों में लागू व्यवस्थाओं का अध्ययन किया गया है। इस क्षेत्र में अपराध स्थल पर त्वरित पहुंच, सुरक्षा व्यवस्था, साक्ष्य संकलन, अभियुक्त गवाह और पीड़ित के परिवहन, भोजन आदि के साथ फोटोग्राफी - वीडियोग्राफी, डिजिटल साक्ष्य संग्रह, न्यायलीन प्रक्रिया से जुड़े आकस्मिक खर्च देखते हुए मध्यप्रदेश में अन्वेषण भत्ता लागू किए जाने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत रहे, इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर आरक्षक स्तर तक सजगता और सक्रियता से भूमिका निभाई जाए। मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में गृह विभाग की समीक्षा में कहा कि सायबर अपराधों की बढ़ती संख्या को देखते हुए गृह विभाग द्वारा आईटी कंसल्टेंट की सेवाएं लेने का कार्य प्राथमिकता से किया जाए।

## पूर्व निशानेबाज जसपाल राणा का निधन

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** पूर्व दिग्गज निशानेबाज और भारतीय पिस्टल निशानेबाजों के हाई-परफॉर्मेंस कोच जसपाल राणा का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन को खेल जगत के लिए बड़ी क्षति बताते हुए दुख व्यक्त किया है। भारतीय राष्ट्रीय रायफल संघ (एनआरएआई) ने जसपाल राणा के निधन की पुष्टि की है। वह 49 वर्ष के थे। उन्हें वर्ष 2020 में खेल जगत के सर्वोच्च कोचिंग सम्मान 'द्रोणाचार्य पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था। जर्मनी के म्यूनिख में आयोजित आईएसएसएफ विश्वकप से भारतीय दल की वापसी के दौरान फ्लाइट में जसपाल राणा की तबीयत बिगड़ गई थी, वह असहज महसूस कर रहे थे। दिल्ली पहुंचने के बाद उन्हें साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। जसपाल राणा भारतीय पिस्टल निशानेबाजों के हाई-परफॉर्मेंस कोच के रूप में कार्यरत थे। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण और दो रजत सहित कुल चार पदक जीते।



- 49 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से मौत
- 'द्रोणाचार्य पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था

## देश चुनावी तानाशाही की तरफ बढ़ रहा : कांग्रेस

### मीनाक्षी का नामांकन रद्द होने के खिलाफ विधायकों का दिल्ली में प्रदर्शन




**सरकार आरएसएस के एजेंटों को बड़े पदों पर बिठा कर मनमानी करवा रही : खड़गे**

अफजल इमाम

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन रद्द होने के मामले सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिलने के बाद कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि देश चुनावी तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है।

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि सरकार आरएसएस के एजेंटों को बड़े पदों पर बिठा कर मनमानी करवा रही है। मीनाक्षी का नामांकन रद्द होना गैरकानूनी और लोकतंत्र के खिलाफ है। प्रधानमंत्री कांग्रेस और लोकतंत्र को खत्म करने के लिए ऐसी साजिशें करवा रहे हैं। नामांकन रद्द होने के मामले में दो उदाहरण सामने हैं- पहला झारखंड में भाजपा व कॉर्पोरेट समर्थित उम्मीदवार परिमल नाथवानी को पूरा समय दे कर फार्म की गलतियां ठीक कराई गई, जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार का नामांकन रद्द कर दिया गया। इससे साफ है कि चुनाव आयोग निष्पक्ष काम नहीं कर रहा है। इसके पहले शुक्रवार को सुबह साढ़े नौ बजे से मध्य प्रदेश से आए कांग्रेस के 61 विधायकों ने जंतर मंतर पर सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया, लेकिन जब वे राष्ट्रपति भवन कूच करने लगे तो पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया और बस में बिठा कर नजदीकी थाने ले गई।

### सुको से याचिका खारिज,चुनाव याचिका दायर करने की दी छूट

***नई दिल्ली।*** *सुप्रीम कोर्ट उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने मध्य प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन रद्द होने को चुनौती दी थी। हालांकि, अदालत ने उन्हें यह छूट दी है कि वह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत चुनाव याचिका दायर कर इस मामले को आगे बढ़ा सकती हैं। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति ए एस चांदूरकर की पीठ ने इस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने व्यवस्था दी कि संविधान के अनुच्छेद 329 के तहत इस चरण में न्यायिक हस्तक्षेप वर्जित है।*







### ट्रंप ने किया एकतरफा ऐलान

## जंग खत्म हुई.. ईरान बोला-अभी हमने फैसला नहीं लिया

**वॉशिंगटन, (एजेंसियां)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के साथ युद्ध खत्म कर दिया है। एक वर्चुअल रैली में ट्रंप ने अपने समर्थकों से यह बात कही। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। इससे पहले ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा था कि सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने नई डील को मंजूरी कर लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के साथ शांति समझौते पर इसी सप्ताह यूरोप में साइन हो सकता है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भी इसमें शामिल होंगे।

ट्रंप ने कहा कि बातचीत और अंतिम बिंदुओं को सिद्धांत और विस्तार दोनों स्तरों पर सभी पक्षों ने मंजूरी दे दी है। इनमें अमेरिका, इजरायल, सऊदी अरब, यूएई, कतर, तुर्की, पाकिस्तान, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन, मिस्र और अन्य देश शामिल हैं। हालांकि, उन्होंने प्रस्तावित समझौते या बातचीत के मुद्दों के बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं दी। राष्ट्रपति ने यह भी संकेत दिया कि बातचीत जारी रहने के दौरान अमेरिका ईरान पर अपना समुद्री दबाव बनाए रखेगा। ट्रंप ने कहा कि जब तक यह समझौता पूरी तरह अंतिम रूप नहीं ले लेता, तब तक नौसैनिक नाकेबंदी पूरी तरह लागू रहेगी। समझौते पर हस्ताक्षर कब और कहां होंगे, इसकी घोषणा जल्द की जाएगी। राष्ट्रपति का कहना था कि हाल के सैन्य दबाव की वजह से ईरान इस समझौते के लिए तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा है।



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, वे कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएंगे
- अमेरिका ईरान पर अपना समुद्री दबाव बनाए रखेगा

तेहरान। ईरान ने इस बात पर जोर दिया है कि अमेरिका के साथ मौजूदा संघर्ष खत्म करने वाले समझौते पर अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। ईरान का यह बयान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे के बावजूद आया है, जिसमें उन्होंने एक बार फिर कहा था कि जल्द ही इस समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। लेकिन ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने समझौते की खबरों को 'अटकलबाजी' करार देते हुए कहा कि अभी 'कुछ भी अंतिम रूप से तय नहीं हुआ है'। श्री ट्रंप पहले भी ईरान के साथ समझौता करीब होने का दावा कर चुके हैं, जबकि असल में तब ऐसा कुछ भी धरातल पर नहीं उतरा था।



डाक पंजीयन क्रमांक रीवा संभाग/16/2009-2011

# विशेष आधार महाअभियानः डाउन सर्वर की समस्या

## मुख्य डाकघर में शाम तक लगभग 30-35 लोगों के आधार का हो पाया अपडेशन





### ● शहर के हर केन्द्रों में रही सर्वर डाउन की समस्या

**सतना, देशबन्धु।** डाक विभाग दो दिवसीय विशेष आधार महाअभियान के दूसरे दिन शुक्रवार को जिले के मुख्य डाकघर जयस्तंभ चौक में सुबह 8 बजे से ही लोग अपने आधार कार्ड अपडेट कराने पहुंचने लगे और दोपहर होते-होते बच्चों समेत महिलाओं की भीड़ जमा हो गई और अलग से बने आधार केन्द्र में फार्म देकर उसमें नंबर दिया गया।

एक व्यक्ति जिसका नाम रामनरेश है वह नकटी गांव से डाकघर में अपना आधार कार्ड अपडेट कराने आया। वह सुबह से बैठा था और उसे 10 बजे के बाद फार्म और उसमें नंबर लिखकर दिया गया। यानि टोकन नंबर और उससे बोला गया कि बाहर बैठ जाओ, बुलाया जाएगा तो उसने कहा कि इतनी देर से बैठे हैं और फार्म व नंबर अभी दिया जा रहा है। वह इधर-उधर देखने के बाद गाड़ी उठाकर चला गया।

### फार्म के साथ दिए गए टोकन नंबर

मुख्य डाकघर में सुबह 10 बजे से ही सर्वर डाउन की समस्या बनी रही। लोग आते रहें और उन्हे फार्म के पीछे बारी का नंबर लिखकर दिया जाता रहा और लोग बाहर बारी के इंतजार में बैठे रहे। घंटे-घंटे भर बैठने के बाद जब कई लोगों का आधार का अपडेशन नहीं हुआ तो वो चले गए। इधर शाम 5 बजे तक मात्र 30 से 35 लोगों का आधार कार्ड अपडेट हो पाया। जब इस संबंध में आधार केन्द्र में बैठी महिला ऑपरेटर से पूंछा गया कि इतनी लेट लतीफी क्यों हो रही है तो उन्होने कहा कि ऊपर से ही सर्वर डाउन है, इसलिए देरी हो रही है। कई लोग सुबह से बैठे है, लेकिन कई लोगों का आधार कार्ड एक्सेप्ट ही नहीं हो पा रहा है। वहीं इस संबंध में जब मुख्य डाकघर के पोस्ट मास्टर साहब से बात करनी चाही गई तो उनके उपलब्ध न होने पर बात नहीं हो सकी।

### पोर्टल में नहीं हो रहे थे एक्सेप्ट

बताया जाता है कि सिविल लाइन स्थित आधार सेन्टर सहित ज्यादातर आधार केन्द्रों की यही स्थिति रही और सर्वर डाउन होने और कई नागरिकों का आधार ही पोर्टल में एक्सेप्ट नहीं होने के कारण ज्यादातर लोगों के आधार कार्डो का अपडेशन नहीं हो पाया। जबकि नागरिकों को आधार संबंधी सेवाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से भारतीय डाक विभाग संभाग द्वारा 11 एवं 12 जून को दो दिवसीय विशेष आधार महाअभियान चलाया गया, जिसका शुक्रवार को समापन हो गया। वहीं जिनके आधार कार्ड का अपडेशन नहीं हो पाया वे अब पूर्व की तरह आधार केन्द्रों में पैसा खर्च आधार कार्ड में नाम, जाति, जन्मतिथि आदि का सुधार करवाना पड़ेगा।

## किरहाई हत्याकांड का मुख्य आरोपी भी गिरफ्तार

**सतना, देशबन्धु।** मैहर जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्रार्गत ग्राम किरहाई बंधा टोला में पांच दिन पहले 7 जून की रात बड़े भाई की हत्या में शामिल फरार छोटे भाई को भी पुलिस गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। वहीं हत्या में शामिल छह आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जिनमें तीन नाबालिग शामिल थे। पुलिस के मुताबिक घटना के बाद से मृतक का सगा भाई आरोपी सीताराम कोल उर्फ रूपेन्द्र कोल फरार था। जिसकी लगातार तलाश की जा रही थी। सभी आरोपी विवाह संबंधी एवं जादू-टोना करने के संदेह को लेकर पतीराम कोल से विवाद कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी थी। निरीक्षक विजय सिंह परस्ते के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर तत्काल आरोपियों की तलाश कर सातों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजे जाने की कार्यवाही की गई।





## 35.90 किलो गांजा से भरी कार को पुलिस ने किया जब्त

**सतना, देशबन्धु।** मैहर जिले की रामनगर थाना पुलिस ने बैगनआर में रखा 35 किलो 90 ग्राम गांजा समेत 9 लाख रुपए की कार जप्त किया है। वहीं पुलिस प्रकरण दर्ज कर कार मालिक समेत गांजा तस्करों की तलाश कर रही है। बताया जाता है कि थाने के सहायक उप निरीक्षक भागचन्द कुशराम अपराध विवेचना एवं देहात भ्रमण पर थे। इसी दौरान मुखबिर से उन्हे सूचना मिली कि जिगना-हिनौती मार्ग पर ग्राम खोडरी मोड़ के पास जंगल किनारे एक संदिग्ध वैगनआर कार क्रमांक यूपी 64 एल 6036 खड़ी है, जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी द्वारा पुलिस टीम भेजा गया और उक्त कार सड़क किनारे खड़ी मिली और तलाशी के दौरान सीट पर रखे एक बड़ा बैग तथा डिक्की में बोरी से कुल 37 पैकेट बरामद किए गए। जिसमें 35 किलो 90 ग्राम गांजा पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 25 हजार रुपए बतायी जा रही है। साथ ही 9 लाख कीमत की कार भी जप्त किया गया। पुलिस धारा 8/20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर फरार आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के प्रयास कर रही हैं।



## आज का मौसम

| न्यूनतम तापमान | अधिकतम तापमान | आर्द्रता |
|---|---|---|
| 23.06 डि.से. | 36.01 डि.से. | सुबह : 71 |
| | | शाम : 45 |

## सार-समाचार



### मलेरिया रथ को सीएमएचओ ने दिखाई हरी झंडी

**सतना, देशबन्धु।** एक जून से 30 जून तक चलने वाले मलेरिया निरोध माह जून अंतर्गत सीएमएचओ ऑफिस से मलेरिया जागरूकता रथ को सीएमएचओ डॉ. मनोज शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर ग्रामीण क्षेत्र के लिए रवाना किया। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी शीला सोनकर, प्रशासनिक अधिकारी रविंद्र सिंह, लेखपाल अजय भाटेले, स्टोर कीपर अनिल मिश्रा, गिरीश तिवारी एवं अन्य कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बरसात के पूर्व मलेरिया बीमारी को रोकथाम करने सतना एवं मैहर जिले में जन जागरूकता अभियान 1 जून से चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत आठो ब्लॉक में आशा कार्यकर्ताओं के साथ में मलेरिया किट एवं अन्य सामग्री उप स्वास्थ्य केंद्रो तक पहुंचाने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मलेरिया रथ सतना एवं मैहर जिले के लगभग 400 गांव का भ्रमण कर उप स्वास्थ्य केंद्र लेवल तक जन जागरूकता रथ के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पूरे जिले में विकासखंड स्तर से बीएमओ, उप स्वास्थ्य केंद्र में सेक्टर मेडिकल ऑफिसर्स, एएनएम, एमपीडब्ल्यू को मलेरिया के संबंध में ग्रामीणों तक जागरूकता पहुंचने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

### प्रशिक्षु न्यायाधीशों ने किया जेल का भ्रमण

**सतना, देशबन्धु।** केन्द्रीय जेल में उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समन्वयन से न्यायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण योजना-2021 अंतर्गत अमन श्रीवास्तव व द्विज सिंह सेंगर प्रशिक्षु व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड द्वारा जेल का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। न्यायाधीशों ने जेल की दंडित व विचाराधीन वारंट शाखा, तकनीकी शाखा, जेल कन्ट्रोल रूम, बंदी कानूनी सहायता केन्द्र, कल्याण शाखा, अष्टकोण शाखा, जेल स्कूल, लाइब्रेरी का भ्रमण कर जेल की शाखाओं में किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली एवं संधारित अभिलेखों का अवलोकन किया। इस अवसर पर जेल उप अधीक्षक श्रीकांत त्रिपाठी, कल्याण अधिकारी अनिरूद्ध कुमार तिवारी, सहायक जेल अधीक्षक फिरोजा सिंह, अनिल प्रताप सिंह व जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।



### राज्यमंत्री ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**सतना, देशबन्धु।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय सतना में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है। उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।

# बारिश में डूब जाएंगे गड्ढे, बढ़ जाएगा हादसों का खतरा

## रेलवे माल परिवहन मार्ग की बदहाली से कारोबार भी प्रभावित





**सतना, देशबन्धु।** शहर के रेलवे माल गोदाम तक पहुंचने वाली सड़क इन दिनों अपनी बदहाली के कारण चर्चा में है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे न केवल हादसों को न्योता दे रहे हैं, बल्कि माल परिवहन व्यवस्था पर भी असर डाल रहे हैं। विडंबना यह है कि मानसून की दस्तक से पहले भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। रेलवे माल गोदाम शहर की आपूर्ति व्यवस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां प्रतिदिन अनाज, सीमेंट, खाद और अन्य आवश्यक वस्तुओं से भरे ट्रक पहुंचते हैं। लेकिन माल गोदाम के आसपास की सड़क जगह-जगह से उखड़ चुकी है। कई स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिनमें वाहन फंस रहे हैं और चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

### दोपहिया वाहनों को अधिक परेशानी

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर बने गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालकों की सबसे ज्यादा परेशानी है। कई बार वाहन चालक अचानक गड्ढे में उतर जाने से संतुलन खो बैठते हैं। वहीं भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क की हालत और बिगड़ती जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि माल गोदाम तक माल पहुंचाने वाले ट्रकों की गति काफी धीमी हो गई है। इससे समय और ईंधन दोनों की अतिरिक्त खपत हो रही है। बारिश शुरू होने के बाद स्थिति और गंभीर हो सकती है, क्योंकि पानी भर जाने पर गड्ढों की गहराई का अनुमान लगाना मुश्किल हो जाएगा।

### मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि सड़क की खराब हालत लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा। हर साल बारिश के दौरान यही समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है और फिर मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति होती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि शहर की आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े इस महत्वपूर्ण मार्ग की सुध आखिर कब ली जाएगी? यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो बारिश के मौसम में यह मार्ग हादसों का हॉटस्पॉट बन सकता है।

# शिविर में आए 2022 आवेदन, 1820 निराकृत

## 202 आवेदनों का किया जा रहा निराकरण

**सतना, देशबन्धु।** मंगल भवन धवारी में आयोजित जनकल्याण शिविर में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में कुल 2022 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1820 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि 202 प्रकरणों के निराकरण की प्रक्रिया जारी है। प्राप्त आवेदनों में पेंशन एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से जुड़े आवेदन सर्वाधिक रहे। आयुक्त डॉ. शेर सिंह मीना के निर्देशन एवं उपायुक्त सत्यम मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित शिविर का मुख्य अतिथि महापौर योगेश ताम्रकार ने शिविर का निरीक्षण कर विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया तथा नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में पेंशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, जलप्रदाय, स्वच्छता, कर, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर विकास सिंह, अधीक्षण यंत्री एसके सिंह, पार्षद राजेश सूर्यवंशी, समाजसेवी बालकृष्ण शुक्ला सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के संचालन में कार्यपालन यंत्री केपी गुप्ता एवं मुकेश चतुर्वेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जनकल्याण शिविर का अगला चरण 13 जून को सामुदायिक भवन भरहुत नगर तथा 14 जून को नई बस्ती में आयोजित किया जाएगा।



2022 आवेदन प्राप्त, पेंशन एवं पीएम स्वनिधि से जुड़े प्रकरण सर्वाधिक

# प्रेमी संग मिलकर पत्नी ने की पति की हत्या

## चित्रकूट पुलिस ने सुलझाई अंधी हत्या की गुत्थी

**सतना, देशबन्धु।** जिले के चित्रकूट नयागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सती अनुसुइया रोड पर एक व्यक्ति की लाश मिली थी। इस मामले में मृतक की पहचान करना और आरोपी को पकड़ना पुलिस के लिए चुनौती थी। इस अंधी हत्या की गुत्थी सुलझाने में पुलिस कामयाब रही। पुलिस ने न केवल मृतक की पहचान की बल्कि उसकी हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि मृतक की पत्नी के अवैध सम्बन्ध थे। पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने की साजिश रची थी। मालूम हो कि 8 जून को अज्ञात युवक की लाश मिली थी जिसकी गला काटकर हत्या की गई थी। लाश को सड़क किनारे झाड़ियों में फेंक दिया गया था। मृतक की शिनाख्त, उसके परिजनों का पता लगाने और आरोपी की जानकारी जुटाने, उसे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर टीम बनाई गई थी। गठित टीम एवं साइबर सेल की मदद से शिनाख्ती कर 24 घंटे के अन्दर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी अमित सिंह उर्फ बडकू पिता सूर्यप्रकाश सिंह 26 वर्ष निवासी ग्राम खटांगी थाना

एयरपोर्ट जिला प्रयागराज उप्र एवं शेरा उर्फ राजू निषाद पिता पग्गल निषाद 32 वर्ष निवासी धनुवा मामा भान्जा तालाब के पास थाना नैनी जिला प्रयागराज उप्र तथा अनीता देवी पति संजीव उर्फ संजू 35 वर्ष निवासी ग्राम अमिलिया हाल मामा भान्जा तालाब के पास थाना नैनी जिला प्रयागराज उप्र को अवैध धारदार चाकू एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसायकिल एवं मोबाईल फोन जब्त कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया।



# चोरी करते पुलिस ने पकड़ा, फिर छोड़ दिया

### ● एसपी के पास पहुंचे पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

**सतना, देशबन्धु।** शहर के भवानी नगर में किराये के मकान में रह रहे जैतवारा थाना अंतर्गत लकहा निवासी आशीष मिश्रा पिता रावेन्द्र कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर के ठोस कार्रवाई की मांग की है। एसपी को दिये आवेदन में कहा है कि मै और मेरी पत्नी भवानी नगर वार्ड क्रमांक 1 सतना में किराये के मकान में रह रहे हैं। होण्डइ कम्पनी के कार्य से इंदौर गया था मेरी पत्नी मायके चली गई थी। 11जून की रात्रि 2बजे घर सूना घर पाकर घर में घुसे। घर के सामने रहने वाली अन्नू गौतम ने फोन पर सूचना देते हुए बताया कि आप के घर में चोर घुसे है और मैने 112 डायल कर दिया एवं आदित्य सिंह ने भी 112 लगाया है। पुलिस आई और चोरों को पकड़कर मारते हुए ले गई फिर छोड़ दिया। लेकिन मेरे घर में रखा सोने-चांदी का समान जिसकी लगभग कीमत 150000 एवं नगदी 50000 रुपया है। वह नहीं है। जिसकी सूचना मेरे द्वारा थाना सिविल लाइन में 11जून को की गई। लेकिन थाने में रिपोर्ट नहीं लिखी गई। पीड़ित ने एसपी से चोरों को पकड़कर के चोरी किये गये सोने-चांदी के आभूषण सहित नकदी दिलवाये जाने की गुहार लगाई है।




## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र.1 सागर

फोन नं. 07582-222296 ईमेल आईडी. eepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं.-07/2026-27 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण — सागर दिनांक 09.06.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित ) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_ PWDRB_ 509813_1 | संभाग क्र. 1 सागर के अन्तर्गत बाढ़ से हुए नुकसान को ठीक करने सड़क के रखरखाव और सड़क से जुड़े अन्य आपातकालीन कार्यों के लिये जोनल टेण्डर अनुमानित लागत 300.00 लाख | सागर | 30000000 | 300000 | 15000 | 12 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http:// mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 10/06/2026 समय 10:00 से दिनांक 23/06/2026 समय 17:30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है। 4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (भ./स.) संभाग क्र.1 सागर

G-14295/26 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

## कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED OFFICE

इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन- 482001,
Phone No. 0761-2621541 E-mail:- cepwdcentral@nic.in

निविदा सूचना क्र. 07/सा/2026-27 — जबलपुर, दिनांक-09/06/2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेंडरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती हैं। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला/ लो.नि.वि. संभाग | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि रू. (लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PWDRB_ 511453_1 | क्र.-1 जबलपुर | मुख्यालय उपसंभाग क्रं.3 जबलपुर के अंतर्गत पंचशील नगर, गीता विहार और आजाद चौक मार्ग लं. 5.03 कि.मी. में मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम | 606.15 | 6,06,200/- | 20,000/- | 08 माह (वर्षा ऋतु सहित) |

टीप:- निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 25.06.2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य अभियंता, लो.नि.वि.
जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर


G-14271/26 स्वच्छता ही सेवा


## राज्यसभा में समाज का प्रतिनिधित्व मिलने पर

# अग्रवाल, केवट और सिख समाज ने भाजपा का जताया आभार

**सतना, देशबन्धु।** राज्यसभा चुनाव में भाजपा द्वारा सिख समाज से तरुण चुग, अग्रवाल समाज से रजनीश अग्रवाल एवं केवट, माझी-मल्लाह समाज से महेश केवट को प्रतिनिधित्व दिए जाने पर अग्रवाल, केवट माझी मल्लाह एवं सिख समाज के लोगो ने भाजपा कार्यालय पहुचकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओ से मुलाकात कर आभार प्रगट किया। राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय, महापौर योगेश ताम्रकार की मौजूदगी मे उक्त समाज के लोगो ने कहा कि यह गौरवशाली क्षण है कि हमारे समाज को देश के उच्च सदन मे प्रतिनिधित्व दिया गया। अग्रवाल समाज के अशोक अग्रवाल, मछुआरा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुनील केवट एवं सिख समाज से वरिष्ठ समाजसेवी सरदार लजपाल सिंह भाटिया ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल के प्रति आभार प्रगट करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमारे समाज को जो सम्मान दिया है।

राज्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने हमेशा समाज के सभी वर्गो को सम्मान दिया है। यही वजह है कि आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक संगठन है। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस के समय देश विभिन्न जातियो एवं धर्मो के नाम पर बंटे हुए देश की एकता और अखण्डता कायम रखना एक चुनौती बन चुकी थी। ऐसे समय मे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को एक जुट करते हुए एक नई मजबूती प्रदान की है और भाजपा ने इन सभी को संगठित करते हुए एक नये भारत का निर्माण किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसा दल है जहां पर छोटे से छोटे व्यक्ति का ध्यान रखा जाता है और भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को सम्मान देने में सदैव आगे रहा है।



## संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग ने रचा इतिहास



**रीवा देशबन्धु।** श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय, रीवा के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग ने आधुनिक थेराप्यूटिक एंडोस्कोपी के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। विगत दिनों विभागाध्यक्ष गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग प्रोफेसर डॉ. एम. एच. उस्मानी एवं सह-प्राध्यापक डॉ. पी. निगम की टीम ने संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय के इतिहास में पहली बार एक 5 वर्षीय बालक की बड़ी आंत में गठान (पॉलीप) का सफल एंडोस्कोपिक उपचार किया। गंभीर रक्त स्त्राव के कारण बालक में अत्यधिक रक्ताल्पता (एनीमिया) विकसित हो गई थी।

विभाग में स्थापित नवीन इलेक्ट्रोसर्जिकल यूनिट एवं एंडोस्कोपी उपकरणों की सहायता से सफल एंडोस्कोपिक स्नेयर पॉलीपेक्टॉमी की गई। पॉलीपेक्टॉमी के पश्चात डिलेड ब्लीडिंग की संभावना को कम करने हेतु हीमोक्लिप्स भी लगाए गए, जिससे सुरक्षित हीमोस्टेसिस सुनिश्चित किया जा सका तथा शल्य चिकित्सा की आवश्यकता नहीं पड़ी।

**विभाग की महत्वपूर्ण उपलब्धियां**

एक अन्य महत्वपूर्ण प्रकरण में 31 वर्षीय महिला, जो पित्ताशय एवं पित्तनली की पथरी से पीड़ित थीं तथा पूर्व में अन्यत्र पित्ताशय का ऑपरेशन करा चुकी थीं, का सफल उपचार किया गया।

उक्त मरीज में पित्तनली में फँसी रह गई पथरियाँ तथा लंबे समय से विद्यमान बिलियरी स्टेंट की जटिल समस्या का सफल एंडोस्कोपिक उपचार किया गया। थेराप्यूटिक ई.आर.सी.पी. द्वारा उक्त स्टेंट को निकाला गया तथा पित्तनली को पूर्णरूपेण पथरियों एवं स्टेंट से मुक्त किया गया। दोनों मरीजों का उपचार अत्यंत सफल रहा तथा उन्हें संतोषजनक अवस्था में अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।

गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग की स्थापना के पश्चात विगत दो माह से भी कम अवधि में 160 से अधिक एंडोस्कोपिक प्रक्रियाएं संपन्न की जा चुकी हैं तथा प्राणघातक गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल रक्तस्राव के कई मामलों में सफल एंडोस्कोपिक उपचार प्रदान किया जा चुका है।

गौरतलब है कि विभाग में एंडोस्कोपी टेक्नीशियन उपलब्ध न होने के बावजूद एंडोस्कोपी यूनिट में पदस्थ नर्सिंग अधिकारियों को इलेक्ट्रोसर्जिकल यूनिट एवं एडवांस्ड एंडोस्कोपिक इक्विपमेंट के संचालन एवं रखरखाव संबंधी प्रशिक्षण विभागीय फैकल्टी द्वारा हैंड्स-ऑन डेमॉन्स्ट्रेशन्स एवं सुपरवाइज्ड ट्यूटोरियल्स के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है।

**आभार एवं कृतज्ञता**



विभाग द्वारा राजेन्द्र शुक्ल उपमुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन एवं लोक स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिनके दूरदर्शी नेतृत्व एवं सतत सहयोग से रीवा में उन्नत गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सेवाओं की स्थापना एवं विस्तार संभव हो सका है। विभाग ने प्रो. डॉ. सुनील अग्रवाल, डीन, श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा के मार्गदर्शन, प्रोत्साहन एवं संस्थागत सहयोग तथा प्रो. डॉ. राहुल मिश्रा, संयुक्त संचालक सह अधीक्षक, संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय, रीवा के सहयोग एवं निरंतर समर्थन के लिए भी कृतज्ञता व्यक्त की।


### इनका कहना...



आपातकालीन एंडोस्कोपिक इंटरवेंशंस के अतिरिक्त विभाग ने एंडोहेपेटोलॉजी, इन्फ्लेमेटरी बावल डिजीज (आई. बी. डी.), क्रॉनिक डायरिया, डिस्फेजिया, कॉरोसिव गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल इंजरी तथा गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर्स के निदान एवं उपचार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन उपलब्धियों का श्रेय गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के फैकल्टी सदस्यों, नर्सिंग अधिकारियों, विभागाध्यक्ष निश्चेतना प्रोफेसर डॉ. अवतार सिंह यादव के कुशल निर्देशन में कार्यरत एनेस्थीसिया टीम तथा अन्य सहयोगी कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों को जाता है।

**प्रोफेसर डॉ. एम.एच. उस्मानी**
विभागाध्यक्ष गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग

## विन्ध्य की बेटी डॉ. गीता की पुस्तक चांद मायूस क्यों हैं को मिला सम्मान




**रीवा देशबन्धु।** विन्ध्य की बेटी प्रख्यात कवियित्री रचना कार डॉ. गीता शुक्ला गीत को मप्र हिन्दी साहित्य अकादमी संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा प्रदेश के कई साहित्यकारों के साथ उनकी गजल संग्रह कृति ''चॉद मायूस क्यों हैं'' को प्रदेश स्तरीय कृति सम्मान देने की घोषणा से समूचे विन्ध्य के साहित्य जगत में हर्ष की लहर फैली है।

विन्ध्य काव्य-साहित्य परिषद कलम परिवार एवं हिन्दू धर्म परिषद की पूर्ण कालिक संरक्षक सदस्य डॉ0 गीत को विन्ध्य धरा की गौरवशाली ऐतिहासिक साहित्यक परम्परा को आगे बढ़ाने नया सुनहरा अध्याय जोड़ने पर हार्दिक बधाई एवं स्वागत किया गया है। दोनो संस्थाओं के संस्थापक नारायण डिगवानी ने अपना आर्शीवाद एवं शुभकामनायें प्रेषित करते हुये कहा है डॉ. गीता शुक्ला गीत के परिश्रम एवं प्रतिभा का मूल्यांकन काफी विलम्ब से हुआ लेकिन उनकी पुस्तक का सम्मान काफी गौरवशाली है। डॉ. गीता द्वारा 12 विभिन्न विधाओं में पुस्तको का प्रकाशन कराया जा चुका है। पेशे से शिक्षिका होने के कारण समयाभाव रहने के बावजूद रचनाकार्य करना उनकी जीवट जिजीवटा का परिचायक है। उनकी कई गजल गीतो को मंचीय गायकों द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। आज उनका नाम बड़े आदर के साथ समूचे विन्ध्य के मंचो पर लिया जाता है। उनकी उपस्थिति से आयोजनो को गौरवशाली ऊँचाई प्राप्त हो जाती है। समूचे प्रदेश एवं देश के कवि सम्मेलनों में उनकी सहभागिता विन्ध्य को स्थापित कराती है।

### सार-समाचार

## जुर्माना न भरने वाले खाद्य प्रतिष्ठानों से की गई वसूली




**रीवा देशबन्धु।** प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन के प्रकरणों में एडीएम न्यायालय द्वारा लगाए गए जुर्माने की वसूली के लिए प्रशासन ने कार्यवाही शुरू की है। एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी द्वारा तहसीलदार एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की गठित संयुक्त टीम ने जुर्माना राशि जमा न करने वाले व्यवसायियों और उनके प्रतिष्ठानों के खिलाफ सीलबंदी की कार्रवाई शुरू की। संयुक्त दल द्वारा शुरू की गई इस कार्रवाई के दौरान अनेक व्यवसायियों ने मौके पर ही जुर्माना जमा किया। कार्रवाई के तहत राल्ही ढाबा द्वारा 50 हजार रूपये, संजय मेडिसिन द्वारा 10 हजार रूपये और स्टार फूड्स मेडिकल कॉलेज कैंटीन द्वारा 20 हजार रूपये की बकाया जुर्माना राशि मौके पर ही जमा कराई गई। इन संचालकों ने राशि जमा कर अपने लाइसेंस निरस्त होने और दुकानों की सीलबंदी जैसी दंडात्मक कार्रवाई को रोका। खाद्य सुरक्षा विभाग और प्रशासनिक अमले की संयुक्त टीम द्वारा बकाया जुर्माना न चुकाने वाले अन्य प्रतिष्ठानों पर भी यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। संयुक्त टीम में तहसीलदार यतीश शुक्ला, खाद्य निरीक्षक साबिर अली तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी अम्बरीश द्विवेदी कार्यवाही के दौरान शामिल रहे।

## समाजसेवी शिक्षक शम्भू प्रसाद श्रीवास्तव का देवलोकगमन

**रीवा देशबन्धु।** विंध्य की धरती के छोटे से ग्राम खौर कोठी में जन्मे शम्भू प्रसाद का पूरा जीवन समाजसेवा में बीता। वे पेशे से एक शिक्षक थे,जिनकी गिनती अंग्रेजी एवं गणित के प्रख्यात विद्वानों में होती थी। अपने 60 वर्षों के शिक्षण कार्य के उपरान्त भी उन्होंने हार नहीं मानी और गरीब बच्चों, अनपढ़ तथा निर्धन कन्याओं को अपनी पेंशन के पैसों से शिक्षित किया। उनके द्वारा पढ़ाए गए ऐसे कई निर्धन बच्चे आज स्वयं शिक्षक है। ऐसे महान शिक्षक के निधन पर समाज के सभी लोगों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कुंजबिहारी श्रीवास्तव, कवि राकेश खरे, सुनीता श्रीवास्तव एवं भारतीय मानवाधिकार के प्रदेश कल्याण सचिव डॉ. रजनीश कान्त मिश्रा तथा श्रीमती जयन्ती मिश्रा ने उनके परिवार और बच्चों के प्रति संवेदना वयक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी।

## उप मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा

**रीवा देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल नई दिल्ली से प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा रवाना होकर 13 जून को सुबह 7 बजे प्रयागराज रेलवे स्टेशन आयेंगे तदुपरांत कार द्वारा सुबह 9 बजे रीवा पहुंचेंगे तथा स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

## विश्व योग दिवस में भागीदारी के लिए मिसकॉल से हो रहा पंजीयन

**रीवा देशबन्धु।** जिले भर में 21 जून को 12वां विश्व योग दिवस मनाया जाएगा। इस दिन सुबह 6 बजे से सुबह 7.45 बजे तक विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष स्वस्थ आयु के लिए योग की थीम पर विश्व योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला आयुष अधिकारी डॉ. शारदा मिश्रा ने बताया कि योग से हमारा मन और शरीर दोनों स्वस्थ रहते हैं। हर आयु वर्ग का व्यक्ति अपनी सुविधा के अनुसार योगाभ्यास कर सकता है। विश्व योग दिवस में अधिक से अधिक भागीदारी के लिए विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।

### कठिनाईयों पर चलकर लिखा सफलता का इतिहास

## कल्पना बनीं असि. लोको पायलट



**रीवा देशबन्धु।** कहते हैं कि माँ-बाप का साया सिर पर न हो तो जिंदगी की राहें धुंधली हो जाती हैं। लेकिन अगर इरादे फौलादी हों तो किस्मत को भी अपना फैसला बदलना पड़ता है। कुछ ऐसी ही हैरतअंगेज और जज्बे से भरी कहानी है रीवा जिले के एक छोटे से गाँव बहुरीबांध की रहने वाली कल्पना प्रजापति की। कल्पना ने अपनी जिंदगी के सबसे कठिन दिनों को पार कर वो मुकाम हासिल किया है, जो आज लाखों युवाओं के लिए एक मिसाल बन चुका है।

कल्पना की जिंदगी की शुरुआत ही संघर्षों के बीच हुई। जब वह इस दुनिया में आईं, तभी उनके सिर से माँ का साया हमेशा के लिए उठ गया। माँ के बिना बीता हर दिन एक इम्तिहान जैसा था, लेकिन पिता ने हमेशा अपनी बेटी की हिम्मत बनाए रखी। पिता के इसी हौसले के दम पर कल्पना ने रीवा आईटीआई से साल 2021-23 के बैच में अपनी पढ़ाई पूरी की। सब कुछ ठीक चल रहा था कि तभी साल 2024 में नियति ने उन पर एक और गहरा वार किया। एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने के कारण उनके पिता का भी असमय निधन हो गया। जिस पिता के कंधों पर टिककर कल्पना अपने सपनों की उड़ान देख रही थीं, वही कंधा अब हमेशा के लिए छिन चुका था।

## विशेष शिविर में पीएम स्वनिधि योजना के प्राप्त हुए 295 आवेदन





**नगर निगम के चारों जोन में आयोजित किए गए शिविर**
**13 जून को भी चारों जोन में लगाए जाएंगे शिविर**

**रीवा देशबन्धु।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देश एवं जिला कलेक्टर के आदेश के अनुक्रम में नगर पालिक निगम रीवा द्वारा लोक कल्याण मेला के तहत प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत 12 जून को नगर निगम के चारों जोनों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में बड़ी संख्या में पथ विक्रेताओं ने पहुंचकर योजना का लाभ उठाया तथा विभिन्न ऋण श्रेणियों एवं क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। निगम आयुक्त अक्षत जैन के निर्देशानुसार 12 जून से 22 जून तक आयोजित किए जा रहे विशेष अभियान के प्रथम दिवस नगर निगम के जोन क्रमांक एक के वार्ड क्रमांक पांच स्थित ढेकहा तिराहा, जोन क्रमांक दो के वार्ड क्रमांक सात सिरमौर चौक क्षेत्र (फल एवं सब्जी हॉकर्स कॉर्नर), जोन क्रमांक तीन के वार्ड क्रमांक 15 रतहरा नहर के पास तथा जोन क्रमांक चार के वार्ड क्रमांक 39 महामृत्युंजय कॉम्प्लेक्स (एसएएफ चौराहा) में शिविर लगाए गए।

शिविरों में निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर पथ विक्रेताओं को प्रेरित करते हुए पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन तथा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत आवेदन प्राप्त किये। साथ ही मौके पर आने वाली तकनीकी समस्याओं का निराकरण भी किया गया। शिविरों के दौरान कुल 295 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 15 हजार रुपये से लेकर 50 हजार रुपये तक के ऋण तथा क्रेडिट कार्ड संबंधी आवेदन शामिल हैं। इन चारों स्थानों पर 13 जून को भी विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। पात्र पथ विक्रेता अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर पथ विक्रेता पंजीयन एवं पीएम स्वनिधि योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। नगर निगम रीवा ने सभी पात्र पथ विक्रेताओं से अपील की है कि वे शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय के विस्तार एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ें। यह विशेष अभियान 22 जून तक निरंतर संचालित रहेगा।

## गोविंदगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में हुई कार्यकर्ता बैठक




**रीवा देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संचालित संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत गोविंदगढ़ ब्लॉक के तमरा मंडलम में एक महत्वपूर्ण कार्यकर्ता बैठक का आयोजन मंडलम अध्यक्ष श्री आनंद सिंह के नेतृत्व में किया गया। बैठक का उद्देश्य ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटियों को सशक्त बनाना, संगठनात्मक संरचना को मजबूत करना तथा संगठन की गतिविधियों को गांव-गांव तक सक्रिय रूप से संचालित करना था। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद एवं पूर्व मंत्री राजमणि पटेल रहे, जबकि अध्यक्षता गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर कपिध्वज सिंह (भैया साहब) ने की। कार्यक्रम में जिला संगठन महासचिव रवि तिवारी, गुढ़ विधानसभा प्रभारी रमेश द्विवेदी, गोविंदगढ़ ब्लॉक प्रभारी प्रदीप अवस्थी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम नरेश यादव, जिला मंत्री अरविंद सिंह, ब्लॉक कोषाध्यक्ष कामदेव मिश्रा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में रामायण तिवारी, राम सुंदर सिंह, रमेश पटेल, रजनीश शुक्ला, सुशील मिश्रा, ज्ञानी सोनी, शिब्बू सिंह सहित मंडलम पदाधिकारी, ग्राम पंचायत अध्यक्ष, बी.एल.ए. एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रीवा में 'बज़्म-ए-ग़ज़ल' की नई कार्यकारिणी गठित



**अदबी गतिविधियों को मिलेगा नया आयाम**

**रीवा देशबन्धु।** शहर की प्रतिष्ठित अदबी संस्था 'बज़्म-ए-ग़ज़ल' ने साहित्य, शायरी और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। संस्था के संस्थापक सलीम रज़ा ने पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को दायित्व सौंपते हुए आशा व्यक्त की कि सभी सदस्य संस्था की गरिमा को बनाए रखते हुए अदब की ख़िदमत और सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

संस्था के संरक्षक एवं अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ शायर रफ़ीक़ रीवानी, उपाध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ शायर जाम रीवानी, जबकि शायर सिद्धार्थ श्रीवास्तव को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचिव पद का दायित्व कवयित्री गीता शुक्ला को दिया गया है। समन्वयक के रूप में वरिष्ठ कवि भृगुनाथ 'भ्रमर' एवं युवा कवि सत्यम शुक्ला, कोषाध्यक्ष के रूप में हुमायूँ ख़ान, फ़ोटोग्राफ़र के रूप में असलम रज़ा, सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में सिद्धार्थ श्रीवास्तव तथा सांस्कृतिक प्रभारी के रूप में युवा रचनाकार साकेत श्रीवास्तव को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रवि प्रकाश गुप्ता, साहिर रीवानी, संगीत पाण्डेय, क्रांति पाण्डेय, रामलखन केवट जलेश, मोहम्मद जावेद सौदागर, राजेंद्र गुप्ता बैकुंठपुरी, अनुराधा पाण्डेय एवं स्नेहा त्रिपाठी को शामिल किया गया है।

### सरकारी सिस्टम की शर्मनाक तस्वीर

## निलंबित उपयंत्री कटोरा लेकर मांग रहा भीख...



**रीवा देशबन्धु।** सरकारी सिस्टम की एक शर्मनाक तस्वीर आज देखने को मिली जहां एक उपयंत्री कटोरा लेकर भीख मांगने निकल पड़ा है। नगर परिषद मऊगंज के निलंबित उपयंत्री राजेश सिंह ने शुक्रवार को जीवन निर्वाह भत्ता नहीं मिलने के विरोध में कटोरा लेकर भीख मांगी। उन्होंने संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और बाद में सिरमौर चौराहे पर राहगीरों से भीख मांगकर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया। राजेश सिंह का कहना है कि उन्हें 28 मार्च 2025 को निलंबित किया गया था। नियमानुसार मिलने वाला जीवन निर्वाह भत्ता पिछले 10 माह से जारी नहीं हुआ है। इसके कारण परिवार के भरण-पोषण में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उपयंत्री पर मऊगंज में पाइप लाइन के ऊपर नाली निर्माण कराए जाने में लापरवाही का आरोप लगने के बाद विभागीय कार्रवाई हुई थी।

**सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर भी सुनवाई नहीं**

राजेश सिंह के मुताबिक, उन्होंने जीवन निर्वाह भत्ता जारी कराने के लिए कई आवेदन दिए और तीन बार सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भी दर्ज कराई। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई और शिकायतों को बिना संपर्क किए बंद कर दिया गया।


**सार्वजनिक सूचना**

न्यायालयः पन्ना नागेश, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
रीवा जिला- रीवा ( म0प्र0 )
कमांक 91. न्याया0 / 2026
रीवा दिनांक 18.5.2026
प्रकरण कमांक 138ए/2014
पेशी दिनांक 13.7.2026

1. श्रीमती शकुन्तला मिश्रा पुत्री स्व0 जगतदेव प्रसाद निवासी बांसा पतेरी तहसील हुजूर जिला रीवा हाल मुकाम सब्जी मंडी रीवा जिला रीवा म0प्र0 ..... वादी

बनामः इन्द्रमणि प्रसाद वगै0, 1. रेखा शुक्ला पत्नी गणेश प्रसाद, 2. आकाश शुक्ला पुत्र गणेश प्रसाद, 3. प्रिया शुक्ला पत्नी गणेश प्रसाद, 4. पूजा शुक्ला पुत्री गणेश प्रसाद सभी निवासी प्रकाश चौराहा तहसील हुजूर जिला रीवा म0प्र0, 5 विष्णु शुक्ला मृतक तनय अन्नपूर्णा शुक्ला, 6 आलोक शुक्ला तनय विष्णु शुक्ला, 7 महेश शुक्ला तनय अन्नपूर्णा, 8 लालू शुक्ला तनय अन्नापूर्णा शुक्ला, 9 रोशन शुक्ला तनय अन्नपूर्णा शुक्ला सभी निवासी घोघर तहसील हुजूर जिला रीवा म0प0 ....प्रतिवादी

दावा चिरस्थाई निषेधाज्ञा वावत

वादी श्रीमती शकुन्तला मिश्रा द्वारा आपके विरूद्ध दावा चिरस्थाई निषेधाज्ञा वावत् का न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई तारीख 13.7.2026 को 11.00 बजे दिन होगी। अगर उस दिन अवकाश घोषित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस में कार्यवाही होगी। सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से आम जन को सूचित किया जाता है कि यदि वे प्रकरण के संबंध में कोई हक या अधिकार रखते है तो पेशी दिनांक 13.7.2026 को न्यायालय में स्वयं, अभिकर्ता या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत न करने की स्थित मे एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 18.5.2025 को न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

मोहर

पन्ना नागेश
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड
रीवा जिला- रीवा ( म0प्र0 )





## रेलवे स्टेशन सतना में जीआरपी द्वारा चलाया गया साइबर जागरुकता अभियान

**सतना।** वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश के पालन में चलाए जा रहे सायबर जागरूकता अभियान के तारतम्य में जीआरपी चौकी सतना एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 12 जून 2026 को रेलवे स्टेशन सतना में सायबर जागरूकता अभियान का संचालन किया गया।

जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र यात्रीगण, महिला यात्री एवं छोटे बच्चों को साइबर अपराधों से संबंधित ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी किसी को नहीं देने का परामर्श देकर सोशल मीडिया पर साइबर के माध्यम से होने वाली घटनाओं से अवगत कराते हुए। *डिजिटल अरेस्ट* के विषय में उदाहरण सहित विस्तृत जानकारी दी गई एवं ऐसी स्थिति में क्या करना चाहिए इसके लिए निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया अकाउंट में *मजबूत पासवर्ड* रखने और उसे समय समय पर बदलने हेतु जागरूक किया गया। ऑनलाइन शॉपिंग करते समय सस्ते सामान के लालच में किसी भी वेबसाइट से सामान न खरीदते हुए केवल प्रामाणिक वेबसाइट जिनका हो उनसे शॉपिंग करने हेतु निर्देश दिया गया । साइबर अपराध होने पर *1930* टोल फ्री नंबर या नजदीकी साइबर थाना में शिकायत करनी चाहिए। *जीआरपी एमपी हेल्प ऐप* डाउनलोड करने आदि जानकारी सहित अभियान के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा कर जागरुक करते हुए अभियान का संचालन किया गया है।

कार्यक्रम में चौकी प्रभारी श्री राजेश राज, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक सागर उपाध्याय, आरक्षक पिंटू पाल एवं चौकी का स्टाफ उपस्थित रहे ।

## जनकल्याण शिविरों की अधिकारी कर रहे मॉनीटरिंग




**रीवा देशबन्धु।** रीवा संभाग के सभी जिलों में 12 जून से 18 जून तक जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं से पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि जनकल्याण शिविरों की मानीटरिंग के लिए संभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

सभी अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करके विकासखण्ड मुख्यालयों तथा नगरीय निकायों में आयोजित शिविरों की मानीटरिंग कर रहे हैं। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ. एसबी अवधिया ने मैहर जिले में आयोजित शिविर में भाग लेते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने शिविरों में प्राप्त आवेदन पत्रों और उनके निराकरण की जानकारी ली। क्षेत्रीय संचालक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घुनवारा तथा ग्राम पंचायत पोड़ी का भी निरीक्षण किया।


**AFFIDAVIT**

I, CHAHEL KUMAR SAKLECHA, aged about 21 years, S/o-SHRINIVAS SAKET resident of VILLAGE POST KANDAILA TEHSIL MANGAWAN DISTRICT REWA MADHYA PRADESH-486441, do hereby solemnly affirm and state as follows;1. That, I am the deponent in this affidavit and the Permanent resident of the above noted address. 2. That, my correct date of birth is 20.04.2006 in my Adhaar card bearing No. 7987 0402 9671, but wrongly mentioned as 20.04.2007 in my Brother servie record bearingh army no. 10261825H Rank Sipahi Name-PUSHPANJAL DAS SAKET. 3. That my carrier name is CHAHEL KUMAR SAKLECHA as per my aadhar card bearing no.7987 0402 9671 but wrongly mentioned as CHAHEL KUMAR SAKET in my brother service record Army No.10261825H Rank Sipahi Name-PUSHPANJAL DAS SAKETwill be. 4. That, the affidavit produce before the concerned authority for acceptance of my correct date of birth is 20.04.2006 & my correct name is CHAHEL KUMAR SAKLECHA, in my brother service record bearing Army No. 10261825H, Rank-SIPAHI Name-PUSHPANJAL DAS SAKET. 5. That, the fact stated above are true to the best of my knowledge and belief.

Date:12/06/2026 Deponent

# अभिमत

**इस थार के मरुस्थल में उरमूल सीमांत का काम कई मायनों में अनूठा है। हस्तशिल्प कशीदाकारी के साथ टिकाऊ कृषि कार्यक्रम, जैविक खेती, बागवानी, चारागाह विकास कार्यक्रम जारी रखे गए, जिससे समुदायों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल सके। तालाबों को बचाने का भी महत्वपूर्ण और उपयोगी है। यह पूरी पहल उपयोगी व अनुकरणीय है।**

## मरूभूमि में आत्मनिर्भरता की राह

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

पश्चिमी राजस्थान का यह इलाका थार का मरुस्थल कहलाता है। यहां की मुख्य आजीविका कृषि और पशुपालन है। इस इलाके में मैं कई बार गया हूं, आज इस यहां की खेती, पशुपालन और आजीविका के बारे में चर्चा करना चाहूंगा, जिससे यह समझा जा सके कि कठिन परिस्थितियों में भी कैसे बेहतर जीवनयापन किया जा सकता है।

इस इलाके में उरमूल सीमांत समिति करीब चार दशक से कार्यरत है। उरमूल यानी उत्तरी राजस्थान मिल्क यूनियन लिमिटेड। 90 के दशक में उरमूल का विकेन्द्रीकरण हुआ। उरमूल ट्रस्ट बना। उरमूल सीमांत समिति नेटवर्क संस्था है। उरमूल की और शाखाएं हैं, पर अब सभी स्वतंत्र ढंग से काम कर रही हैं। विकेन्द्रीकरण की सोच से किया।

उरमूल सीमांत का केन्द्र बज्जू गांव ( बीकानेर जिला) में स्थित है। इस संस्था द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, कशीदाकारी, कढ़ाई-बुनाई और स्थायी आजीविका, टिकाऊ कृषि, किचन गार्डन जैसे कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

यहां जब मैं पहली बार गया था, तो यह इलाका मैदानी इलाकों से अलग लगा। मरुस्थल यानी शुष्क क्षेत्र। थार के मरुस्थल में दूर-दूर तक रेत के मैदान हैं। रेत के पहाड़ हैं, जिन्हें यहां धौरे कहा जाता है। छोटी कंटीली झाड़ियां हैं। विरल पेड़ पौधे हैं। यहां कम पानी और बहुत गरमी होती है।

**उरमूल यानी उत्तरी राजस्थान मिल्क यूनियन लिमिटेड। 90 के दशक में उरमूल का विकेन्द्रीकरण हुआ। उरमूल ट्रस्ट बना। उरमूल सीमांत समिति नेटवर्क संस्था है। उरमूल की और शाखाएं हैं, पर अब सभी स्वतंत्र ढंग से काम कर रही हैं। विकेन्द्रीकरण की सोच से किया। उरमूल सीमांत का केन्द्र बज्जू गांव (बीकानेर जिला) में स्थित है। इस संस्था द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, कशीदाकारी, कढ़ाई-बुनाई और स्थायी आजीविका, टिकाऊ कृषि, किचन गार्डन जैसे कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।**

यहां मैं संस्था से जुड़ी कई महिलाओं से मिला था, जो कशीदाकारी का काम करती थीं, और उन्हें घर बैठे कुछ कमाई हो जाती थी। उरमूल ने अच्छी डिजाइन से लेकर मार्केटिंग तक की कड़ी जोड़ी है, जिससे सैकड़ों महिलाओं को रोजगार उपलब्ध हुआ है। यह सिलसिला आगे बढ़ रहा है।

यहां के कार्यकर्ताओं ने बताया था कि साल 1991 के आसपास एक दूसरे क्षेत्र में कशीदाकारी का काम शुरू किया गया। उरमूल से जुड़ी प्रेरणा अग्रवाल बताती हैं कि हम कारीगरों को कपड़े देते हैं, धागा और सुई उपलब्ध कराते हैं, उनसे कशीदाकारी करवाते हैं और फिर बाजार में आपूर्ति करते हैं। महिलाओं को उनके काम का मेहनताना मिल जाता है। कशीदाकारी के काम से कई ग्रामीण महिलाएं जुड़ी हैं। आज यह थार डेजर्ट क्राफ्ट या थार मरूज कला या थारी कशीदाकारी के नाम से देश-दुनिया में विख्यात है।

बाजार की मांग व नित बदलते फैशन के दौर में कशीदा उत्पादों में विविधता बढ़ी। पहले कच्छी भरत व सिंधी टांका ही काम में लिए जाते थे। कढ़ाई के बीच कांच लगाए जाते थे। समय के साथ इसमें बदलाव किया गया।

यहां की प्रेरणा अग्रवाल बताती हैं कि जब कुछ साल पहले कोविड के दौरान तालाबंदी हुई थी, तब होली के बाद का समय था। गांव के लोग खेती-किसानी के काम में लगे हुए थे। हमने तत्काल स्थिति की गंभीरता को समझा और ग्रामीण कार्यकर्ताओं की मदद के लिए टीम बनाई और पहल शुरू की।

वे आगे बताती हैं कि सबसे पहले हमने महिलाओं को मास्क बनाने का प्रशिक्षण दिया। बीकानेर, गंगानगर और हनुमानगढ़ जिले के गांवों में कई केन्द्र बनाए थे। बुनकरों समूहों से सूत बनवाया, और उस कपड़े से सिलाई प्रशिक्षण केन्द्रों में मास्क तैयार करवाए।

मास्क तैयार करने के लिए महिलाओं की पुरानी साड़ियों का इस्तेमाल किया। नापासर, लूनकरणसर के बुनकरों से कपड़ा खरीदा। कपड़े की डोरियां बनवाईं। इस तरह हमने ढाई-तीन लाख मास्क बनाए। उनमें कढ़ाई व कशीदाकारी भी करवाई। इससे हमारे शिल्प इकाई के कर्मचारियों की आजीविका चली। संस्था से करीब 4-5 हजार कारीगर जुड़े हैं, उन्हें लगातार रोजगार मिला, और मास्क से कोविड-19 से बचाव हुआ।

उरमूल संस्था शिल्प इकाई से जुड़ी कार्यकर्ता बताती है कि इसका अच्छा असर हुआ। साथ ही उन्हें शिल्प इकाई के माध्यम से दुपट्टे रंगाई का काम दिया गया, जिससे उनके हाथ में कुछ पैसा आए। शिल्प इकाई से जुड़ी महिलाओं ने अपने स्तर पर मास्क बनाकर बेचे। रूनिया बड़ावास गांव की गोगा जी और चाड़ासर गांव की रचना जी ने बड़े पैमाने पर मास्क बनाए और बेच कर कुछ कमाई की। गडियाला की नसीम बानो ने सूती दुपट्टों को रंगाई कर बेचा और कुछ पैसे कमाए।

इसी प्रकार, पशुपालन और कृषि यहां की प्रमुख आजीविका है। ऊंट यहां की जीवनरेखा है, किस तरह ऊंटपालकों को मदद की जाए, इसकी कोशिश की जा रही है।

डिजर्ट रिसोर्स सेंटर के अंशुल ओझा बताते हैं कि हम न केवल तत्कालीन राहत का करते हैं बल्कि दीर्घकालीन काम भी किया जा रहा है। इसमें चारागाह विकास कार्यक्रम, शिल्प इकाई, टिकाऊ कृषि, किचन गार्डन व दूध डेयरी की गतिविधियां शामिल हैं।

टिकाऊ कृषि कार्यक्रम के तहत जैविक खेती, केंचुआ खाद, जैव कीटनाशक, राठी नस्ल की दुधारू गायों की देखभाल, पशु आहार, चारागाह विकास, बागवानी ( किचन गार्डन) आदि के प्रशिक्षण दिए जाते हैं। इसके अलावा, उरमूल परिसर में कृषि डेमो फार्म भी बनाया गया है, जिसमें केंचुआ खाद, जैव कीटनाशक, फलदार पेड़, बागवानी ( किचन गार्डन), गोबर गैस प्लांट, ड्राई सोलर यूनिट, पशु आहार, चारागाह आदि हैं, जिसे देखकर और सीखकर किसान खुद कर सकें। इससे उनकी खेती की लागत भी कम होगी और जमीन की उर्वरा शक्ति भी बनी रहेगी।

इसी प्रकार, उरमूल ने तालाबों को पुनर्जीवित करने और उनका दस्तावेजीकरण करने का अनूठा काम किया है। कुछ वर्ष पहले उन्नति संस्था के साथ मिलकर उरमूल ने तालाबों को बचाने और उनके रखरखाव का दस्तावेजीकरण व जागरूकता का कार्यक्रम चलाया था, जिसमें मैं भी शामिल हुआ था। हमने 5 जिलों के तालाबों का अवलोकन किया था। गांवों में ग्रामीणों से बातचीत की थी। तालाबों के सार-संभाल पर ग्रामीणों की परंपराओं से हम सब प्रभावित हुए थे, जिस पर मैंने कुछ लेख भी लिखे थे।

मुझे यह देखकर सुखद आश्चर्य हुआ था कि हमें एक भी तालाब में गंदगी नहीं मिली। साफ-सुथरे व स्वच्छ तालाब मिले थे। कई तो सैकड़ों साल पुराने तालाब हैं, ग्रामीण इन तालाबों का न केवल पानी पीते हैं, बल्कि इनकी सार-संभाल का जिम्मा खुद उठाते हैं। उन्होंने तालाबों का साफ रखने के कई अलिखित नियम भी बनाए हुए हैं। संस्था ने गांवों में टंकी निर्माण के लिए भी सहायता की है। इस काम में संस्था के सुनील लहरी ने महती भूमिका निभाई है। उन्होंने मुझे कई गांवों में भी घुमाया था, और ग्रामीणों से मिलवाया था। तालाबों के महत्व, सार संभाल, उसके भंडारण के तरीके बताए थे।

कुल मिलाकर, इस थार के मरुस्थल में उरमूल सीमांत का काम कई मायनों में अनूठा है। हस्तशिल्प कशीदाकारी के साथ टिकाऊ कृषि कार्यक्रम, जैविक खेती, बागवानी, चारागाह विकास कार्यक्रम जारी रखे गए, जिससे समुदायों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल सके। तालाबों को बचाने का भी महत्वपूर्ण और उपयोगी है। यह पूरी पहल उपयोगी व अनुकरणीय है। क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ना चाहेंगे?

## बीता सप्ताह

**6 जून**

- एयर मार्शल आशुतोष वायुसेना के नए वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ नियुक्त किया गया है।
- चुनाव प्रक्रिया में सुनवाई पर मद्रास हाईकोर्ट ने सख्त हुआ कहा इससे भारत में आ जाएगी तानाशाही।
- मप्र के बैतूल जिले की एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना भैसदेही को जनजातीय क्षेत्रों में उत्कृष्ट विकास कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।
- दमदार विकेटकीपर बल्लेबाज के.एस. भरत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया सन्यास।

**7 जून**

- दिल्ली के जंतर मंतर में कॉकरोच जनता पार्टी ने शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को इस्तीफा देने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया।
- राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधी संसदीय स्थायी समिति का सदस्य नामित किया गया।
- भारतीय शतरंज के युवा सितारे व ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद नार्वे शतरंज खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने।
- अंतरिक्ष में माइक्रोग्रेविटी से पूरी तरह बदल जाता है तरल पदार्थो का व्यवहार।

**8 जून**

- तीन महीने में दूसरी बार घरेलु गैस सिलेंडर 29 रूपये महंगा हुआ।
- अदाणी ग्रुप के चेयरमेन गौतम अदाणी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने।
- अयोध्या में राममंदिर की दान पेटी से करोड़ों रूपये की चोरी हो गई।
- पूरी दुनिया की जलवायु व महासागरों के संतुलन को बनाए रखती है क्रामांस्फीयर।

**9 जून**

- विशाखा पटनम स्टी प्लांट में पिघले हुए लोहे की चपेट में आने से आठ लोगों की मौत हो गई।
- पूर्व जस्टिस मार्कंडेय काटजू ने बनाई इश्क करो पार्टी।
- छग के युवा बल्लेबाज आयुष पांडे इंडिया ए टीम में जगह बनाने वाले छत्तीसगढ़ के पहले क्रिकेटर बने।
- अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने आटेमिस-3 मिशन की तैयारियां तेज कर दी है।

**10 जून**

- धान के बदले दूसरी फसल लगाने पर छग सरकार देगी प्रति एकड़ 15 हजार रूपये।
- मध्यप्रदेश से मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन निरस्त हो गया।
- छग के तीन जवानों कांकेर के पुलिस निरीक्षक लक्ष्मण केंवट और रामेश्वर देशमुख तथा बालोद के असम राइफल्स के जवान भोजराज साहू को राष्ट्रपति ने शौर्यचक्र से सम्मानित किया।
- पीएम मोदी सबसे लंबे समय कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री बने।

**11 जून**

- ग्लोबल पीस इंडेक्स 2026 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों में भारत को शीर्ष 100 देशों में नहीं मिली जगह।
- पाकिस्तानी सेना का एमआई 17 हेलीकॉप्टर पीओके में क्रैश, सभी सैनय कर्मियों की मौत।
- मंगोलिया में फुट एंड मउथ डिजीज का प्रकोप 1200 से अधिक पशुओं को मारा गया।
- फदीम सिन्हा बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के नए चेयरमेन होंगे।

**12 जून**

- राजनांदगांव (छग) की महक नरवासे का भारत की 19 महिला टीम में चयन।
- होर्मुज के पास पलाऊ के झंडे वाले एमटी सेट्टेबेलों पर हुए हमले में 3 भारतीय की मौत हो गई।
- भारत और नेपाल ने परस्पर डिजीटल वित्तीय संपक्र और सहयोग को बढ़ावा देने नेपाल में भी यूपीआई चालू किया।
- तारवान ने किया अमेरिका निम्रित हिमार्स लॉन्चर का परीक्षण।

## गांधी के मुताबिक : छल-कपट से फिलिस्तीन यहूदियों को नहीं दिया जा सकता

■ विवेकानंद माथने

महात्मा गांधी उस दौर में सक्रिय थे जब फिलिस्तीन का प्रश्न विश्व राजनीति में उभर रहा था। यूरोप में यहूदियों का उत्पीड़न, 'जायोनी आंदोलन' का उदय, फिलिस्तीन में 'यहूदी राष्ट्रीय गृह' की मांग, 'बाल्फोर घोषणा' और बढ़ते यहूदी प्रवास जैसी घटनाएं तेजी से हो रही थीं। गांधीजी के कई निकट सहयोगी यहूदी थे, वहीं भारतीय मुसलमानों और अरब जगत के प्रश्नों से भी उनका गहरा सरोकार था। वे दोनों समुदायों के इतिहास और पीड़ा से परिचित थे और यहूदियों के प्रति सहानुभूति रखते थे, लेकिन फिलिस्तीनी अरबों पर हो रहे अन्याय और औपनिवेशिकता थोपने के सख्त खिलाफ थे।

'प्रथम विश्वयुद्ध' के बाद वैश्विक राजनीति तेजी से बदल रही थी। पराजित 'तुर्क साम्राज्य' (उस्मानी सल्तनत) को विभाजित करने के लिए ब्रिटेन और फ्रांस ने 'सेवर की संधि' की रूपरेखा बनाई, जिसके तहत अरब क्षेत्रों और इस्लामी पवित्र स्थलों को यूरोपीय नियंत्रण में बांटने की योजना थी। इस औपनिवेशिक हस्तक्षेप ने भारतीय मुसलमानों के साथ-साथ महात्मा गांधी को भी गहराई से उद्वेलित कर दिया। गांधीजी ने इसे केवल धार्मिक नहीं, बल्कि साम्राज्यवाद के क्रूर चेहरे और वैश्विक न्याय के हनन के रूप में देखा।

**'पिछले युद्ध में मुसलमान सैनिकों ने अपना खून इसलिए नहीं बहाया कि वे फिलिस्तीन को मुसलमानी नियंत्रण से बाहर किसी दूसरे को अर्पित कर दें। मैं चाहता हूं कि मेरे यहूदी मित्र भारत के सात करोड़ मुसलमानों की स्थिति पर निष्पक्ष भाव से विचार करें। एक स्वतंत्र राष्ट्र के नाते क्या वे अपनी पवित्र मिल्कियत का एक ऐसे ढंग से छीना जाना बर्दाश्त कर सकते हैं जो उनकी दृष्टि में विश्वासघातपूर्ण है?'**

मार्च 1921 में महात्मा गांधी ने लंदन के समाचार पत्र 'डेली हेरॉल्ड' को दिए एक साक्षात्कार में ब्रिटिश सरकार द्वारा मुसलमानों से किए गए वादों से मुकरने और 'सेवर की संधि' के जरिए अरब जगत पर थोपी गई नाइंसाफी की आलोचना की। 'खिलाफत आंदोलन' और फिलिस्तीन के संबंध को रेखांकित करते हुए गांधीजी ने कहा था कि 'खिलाफत मूलत: एक धार्मिक आंदोलन है;' यह आंदोलन सीधे पैगम्बर के निर्देशों से प्रेरणा ग्रहण करता है।' जिन्हें 'अरब के द्वीप' कहा जाता है उन्हें पूरी तरह से केवल मुसलमानों के ही नियंत्रण में रहना चाहिए; उस पर खलीफा की धार्मिक प्रभुसत्ता होनी चाहिए, चाहे फिलहाल खलीफा कोई भी हो।' इस्लाम के अस्तित्व के लिए यह जरूरी है कि ब्रिटेन और फ्रांस को दी गई अधिसत्ता बिलकुल समाप्त कर दी जाये।'

'फिलिस्तीन भी मुसलमानों के नियंत्रण में होना चाहिए।' धर्म या युद्ध का कोई भी फतवा 'मित्र-राष्ट्रों' द्वारा फिलिस्तीन का यहूदियों को सौंपा जाना उचित नहीं सिद्ध कर सकता। यह खास तौर पर भारतीय मुसलमानों के साथ और आमतौर पर समूचे भारत के साथ विश्वासघात करना होगा; यदि युद्ध के प्रारंभ में ब्रिटेन ने ऐसे किसी अधिकार हरण की संभावना की ओर इशारा किया होता तो एक भी भारतीय सिपाही युद्ध में न जाता।' 'प्रथम विश्वयुद्ध' के बाद 'खिलाफत आंदोलन' (1919-1924) के दौरान भारतीय मुसलमान तुर्की के खलीफा और इस्लामी पवित्र स्थलों की स्थिति को लेकर चिंतित थे।

इसी संदर्भ में ब्रिटिश वादों और फिलिस्तीन के भविष्य पर महात्मा गांधी ने 23 मार्च 1921 को 'यंग इंडिया' में लिखा- 'सेवर्स की संधि में जिस परिवर्तन की बात सोची जा रही है, उससे भारतीय मुसलमान संतुष्ट नहीं हो सकते; और इतना कहना काफी कह देना है।' मेरी नम्र राय में, भारत के मुसलमानों की मांगें स्वीकार कर ली जायें' इसके दो कारण हैं। 'खिलाफत' एक आदर्श है और जब कोई व्यक्ति किसी आदर्श को लेकर चलता है तो उसका रास्ता दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। मुसलमान उस आदर्श का प्रतिनिधित्व करते हैं और समस्त भारत के सर्वसाधारण का समर्थन उन्हें प्राप्त है।'

गांधीजी ने कहा था कि 'छल-कपट से और नैतिकता के बंधनों को तोड़कर फिलिस्तीन यहूदियों के हाथों में नहीं दिया जा सकता। फिलिस्तीन के सवाल को लेकर तो यह लड़ाई नहीं लड़ी गई थी। ब्रिटिश सरकार एक भी मुसलमान सिपाही से यह कहने का साहस नहीं कर सकती थी कि वह फिलिस्तीन को अपने मुसलमान भाइयों के नियंत्रण से छीनकर यहूदियों को दे देगी। फिलिस्तीन यहूदियों का तीर्थस्थल है, इसलिए उनके लिए यह एक ऐसी भावना की चीज है जिसका आदर करना चाहिए और अगर मुसलमान आदर्शवादी यहूदियों को उतनी ही स्वतंत्रता से पूजन आदि नहीं करने देते जितनी स्वतंत्रता से स्वयं करते हैं तो यहूदियों का शिकायत करना उचित होगा।'

'नैतिकता या युद्ध के परिणामस्वरूप फिलिस्तीन यहूदियों को नहीं सौंपा जा सकता।... अगर 'खिलाफत' के सवाल का न्यायसम्मत निपटारा होता है तो 'जजीरत-उल-अरब' को खलीफा की धार्मिक प्रभुसत्ता के आधीन पूरी तरह से मुसलमानों के नियंत्रण में ही देना होगा।' 'खिलाफत आंदोलन' के दौरान ही दक्षिण अफ्रीका के एक मित्र ने गांधीजी से पूछा था कि 'क्या मुसलमान फिलिस्तीन यहूदियों को वापस कर देंगे?' इसके जवाब में गांधीजी ने 6 अप्रैल 1921 को 'यंग इंडिया' में मुसलमानों के ऐतिहासिक दावे को रेखांकित करते हुए लिखा था- 'मुसलमान दावा करते हैं कि फिलिस्तीन 'जजीरत-उल-अरब' का अविभाज्य अंग है। वे पैगम्बर की आज्ञा के अनुसार उस पर कब्जा बनाये रखने के लिए बाध्य हैं, किन्तु इसका यह अर्थ नहीं है कि यहूदी और ईसाई फिलिस्तीन में बे-रोक टोक आ-जा नहीं सकते या वहां बसकर अचल संपत्ति के स्वामी नहीं हो सकते।' गैर-मुसलमान या यहूदी उस स्थान पर संपूर्ण प्रभुता-संपन्न वह अधिकार प्राप्त नहीं कर सकते, जिस पर धार्मिक विजय के अधिकार से मुसलमानी शक्तियों का सदियों से कब्जा रहा है।'

'पिछले युद्ध में मुसलमान सैनिकों ने अपना खून इसलिए नहीं बहाया कि वे फिलिस्तीन को मुसलमानी नियंत्रण से बाहर किसी दूसरे को अर्पित कर दें। मैं चाहता हूं कि मेरे यहूदी मित्र भारत के सात करोड़ मुसलमानों की स्थिति पर निष्पक्ष भाव से विचार करें। एक स्वतंत्र राष्ट्र के नाते क्या वे अपनी पवित्र मिल्कियत का एक ऐसे ढंग से छीना जाना बर्दाश्त कर सकते हैं जो उनकी दृष्टि में विश्वासघातपूर्ण है?' यहूदियों के प्रति सहानुभूति के बावजूद, महात्मा गांधी का स्पष्ट मानना था कि ऐतिहासिक और नैतिक रूप से फिलिस्तीन पर पहला अधिकार वहां के मूल निवासियों का है और किसी भी बाहरी छल-कपट या औपनिवेशिक दबाव से इसे यहूदियों को नहीं सौंपा जा सकता।

**( लेखक 'आजादी बचाओ आंदोलन' एवं 'किसान स्वराज आंदोलन' से संबद्ध हैं।)**

## घरेलू सोने का उपयोग कर विदेशी मुद्रा बचाने की पेशकश

जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीयों से अपील की कि कम से कम एक साल के लिए भारत में सोने का आयात टाला जा सकता है, तो उन्होंने ऐसा उस बड़ी अनिश्चितता के संदर्भ में किया जिसका सामना देश कर रहा है। यह अपील खासकर मध्य पूर्व में संघर्ष और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने या लगभग बंद होने की वजह से बड़े पैमाने पर आपूर्ति में रुकावटों के कारण की गई। भारत अभी 72 अरब अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष से ज़्यादा के सोने का आयात करता है। इसके परिणामस्वरूप व्यापार असंतुलन तेजी से बढ़ गया है। भारत का फॉरेन एक्सचेंज रिज़र्व 700 अरब डॉलर से नीचे गिर गया है और कुल विदेश पूंजी निवेश नगण्य हो गया है। अगर खाद, ईंधन (कच्चा तेल और गैस) और दूसरे ज़रूरी सामान के स्टॉक में और कमी होती है तो कुल रिज़र्व मुश्किल से ही काफ़ी बफर दे पाएगा। अकेले भारत का ईंधन आयात कुल ज़रूरतों का 85 प्रतिशत से ज़्यादा है। समय-समय पर लगने वाले प्रतिबंध और अचानक आने वाली धमकियों से बढ़ते टकराव के हालात ने ईंधन आपूर्ति पर असर डाला है जिससे कच्चे तेल की कीमतें 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास और कभी-कभी उससे भी ज़्यादा बढ़ी हैं। मध्य पूर्व में अभी के शांति प्रयास शायद जल्द कामयाब न हों और इसलिए भारत को ऊर्जा की दूसरी मांगों को पूरा करने के लिए दूसरे रणनीतिक समाधान ढूंढने होंगे।



ए वासुदेवन

**मध्य पूर्व में अभी के शांति प्रयास शायद जल्द कामयाब न हों और इसलिए भारत को ऊर्जा की दूसरी मांगों को पूरा करने के लिए दूसरे रणनीतिक समाधान ढूंढने होंगे। इस स्थिति को देखते हुए न केवल ईंधन बल्कि सोने और अन्य सामानों के बड़े पैमाने पर आयात पर (मूल्य के हिसाब से) निर्भरता कम करनी ज़रूरी है। सोना ऐसी ही एक चीज़ है।**

इस स्थिति को देखते हुए न केवल ईंधन बल्कि सोने और अन्य सामानों के बड़े पैमाने पर आयात पर (मूल्य के हिसाब से) निर्भरता कम करनी ज़रूरी है। सोना ऐसी ही एक चीज़ है। जहां तक सोने की बात है, भारतीय परिवारों के पास पारंपरिक रूप से आपातकालीन स्थितियों से निपटने, संपत्ति के तौर पर और शादियों जैसे मौकों पर गहनों के रूप में इस्तेमाल करने की ज़रूरत को पूरा करने के लिए सोना होता है।

भारतीय परिवारों के पास सोने का काफ़ी स्टॉक है। फिर भी सोने की मांग इतनी बढ़ रही है कि कुल आयात में इसके आयात का हिस्सा 2013-14 में लगभग 6 प्रतिशत से बढ़कर 2025-26 में अनुमानित 9.25 प्रतिशत हो गया है। परिवारों के पास मौजूद सोने के अलावा, रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया (आरबीआई) के पास भी अप्रैल, 2026 के आंकड़ों के अनुसार 120 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का सोना है। हिंदू, इस्लामी, सिख, ईसाई और बौद्ध धर्मों का प्रतिनिधित्व करने वाले धार्मिक संस्थानों, ट्रस्टों, बोर्डों आदि के पास भी सोने का काफ़ी स्टॉक है। कुछ अनुमानों के अनुसार इन संस्थानों के पास 2500 से 4000 टन सोना है।

अप्रैल 2026 में रिजर्व बैंक का गोल्ड रिज़र्व कुल विदेशी मुद्रा रिज़र्व का लगभग 17 प्रतिशत थे। ये मैक्रो-इकानॉमिक स्थिरता लाने में मदद करते हैं और एक सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं जिसका उपयोग विदेशी मुद्रा की दरों में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए किया जा सकता है।

अगर घरों में सोने की मांग को पूरा करना है तो एक तरीका हो सकता है कि यह देखा जाए कि क्या धार्मिक संस्थान और ट्रस्ट बिना किसी बड़े नुकसान के इसे पूरा कर सकते हैं। यह कोई नया विचार नहीं है लेकिन इस पर अमल किया जा सकता है क्योंकि इन संस्थानों को ऐसे लोग चलाते हैं जो किसी भी अन्य नागरिक की तरह ही सामाजिक और राष्ट्रीय हितों के प्रति जागरूक हैं। इसलिए भारत सरकार इन संस्थानों को 1 औंस (1 औंस लगभग 28.35 ग्राम), 2 औंस और 5 औंस के सोने के सिक्के और 10 औंस की टिकिया (टैबलेट) जारी करने और उन्हें व्यक्तियों/छोटे व्यापारियों को एक निश्चित सीमा तक (जैसे प्रति खरीदार 'प्रति दिन' 20 औंस से अधिक नहीं, साथ ही खरीदारों के पैन नंबर के साथ बिक्री का विवरण आयकर कार्यालयों को भेजे जाने के निर्देश के साथ) बेचने के लिए मना सकती है। औंस वजन या आयतन मापने की एक इकाई है जो मुख्य रूप से अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में प्रचलित है। इसमें एक बायबैक (वापस खरीदने) का विकल्प भी हो सकता है जिसकी कीमत एक साल बाद कीमती धातुओं या किसी प्रमुख विदेशी मुद्रा के फ़्यूचर मार्केट्स से तय की जा सकती है। इसके अलावा ये संस्थान, रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया को बायबैक विकल्प के साथ सोने की छड़ें (गोल्ड बार) बेच सकते हैं जिसमें यह शर्त हो कि इस विकल्प का इस्तेमाल दो साल की अवधि के बाद किया जाएगा। हालांकि बिक्री की मात्रा प्रत्येक संस्थान के पास मौजूद कुल सोने के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। ज़रूरत पड़ने पर इस समझौते को और दो साल के लिए बढ़ाया जा सकता है।

इन संस्थानों से होने वाली कमाई का इस्तेमाल पहले की तरह ही शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, प्रिंट या डिजिटल किताबों वाली पब्लिक लाइब्रेरी और दूसरे सामाजिक कामों के लिए किया जा सकता है। इससे भी ज़्यादा फ़ायदेमंद यह होगा कि कमाई का एक बड़ा हिस्सा (जैसे कुल कमाई का 75-80 प्रश) टेक्नालॉजी और साइंस से जुड़े रिसर्च पर खर्च हो ताकि ऐसा नवाचार अपनाया जाए जिनसे उत्पादकता बढ़ाई जा सके। उदाहरण के लिए नए और अनोखे तरीकों से 'रेयर अर्थ एलिमेंट्स' का इस्तेमाल करने से कई उद्योगों- जैसे वाहन उद्योग, नवीकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों, रक्षा और एयरोस्पेस, लेज़र तकनीक, औद्योगिक विनिर्माण इत्यादि में उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। सभी नवाचारों का पेटेंट कराया जाएगा और जो लोग इन पेटेंट्स का इस्तेमाल करना चाहेंगे उन्हें इसके लिए कीमत चुकानी होगी। पेटेंट के इस्तेमाल से मिलने वाली रकम को एक तय अनुपात (जैसे 20:80) में उस खास संस्थानों और असल रिसर्चर (या रिसर्च कराने वाली संस्थाओं) के बीच बांटा जाएगा। ऊपर दिए गए प्रस्ताव में यह बात है कि यह मौजूदा अनिश्चितता से विकास के लिए पैदा हुई मुख्य चुनौती को काफी हद तक हल करता है। सामान्य सकल घरेलू उत्पाद (ग्रास डोमेस्टिक प्रॉडक्ट- जीडीपी) में निवेश लगभग 32 फीसदी है और दुनिया भर में आर्थिक मंदी, बाहरी व्यापार और दूसरी दिक्कतों के मौजूदा हालात में इस अनुपात को और बढ़ाना भले ही विदेशी निवेशकों के लिए टैक्स के नियम आसान हों तो भी अगले 12 महीनों में तो बिल्कुल भी मुमकिन नहीं होगा। जीडीपी में निवेश के अनुपात के आलोक में यह नवाचारों और नई तकनीकी प्रक्रियाओं को अपनाने से संभव हुई उत्पादकता वृद्धि ही है जो काफी हद तक भारत की आर्थिक वृद्धि को सुरक्षित रखना सुनिश्चित करेगी।

**(लेखक रिज़र्व बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

## मां शारदा प्रबंध समिति की दुकानों में चल रहा अतिक्रमण

### जिम्मेदारों को निरीक्षण में नहीं दिखा निर्माण, मेला क्षेत्र में चर्चाओं से बाजार गर्म

**आस्था के महापवित्र केंद्र मां शारदा देवी मंदिर परिसर से प्रशासनिक अनदेखी का मामला सामने आया है, जिसने मंदिर प्रबंध समिति की साख को पूरी तरह मटियामेट कर दिया है। मैहर प्रबंध समिति की निष्क्रिय, संदेहास्पद और पंगु कार्यप्रणाली अब पूरे मेला क्षेत्र की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए अत्यंत घातक और खतरनाक साबित हो रही है।**

**सतना, देशबन्धु।** अधिकारियों के तथाकथित 'औचक निरीक्षण' महज एक ढोंग और कागजी खानापूर्ति बनकर रह गए हैं, जो अब सीधे तौर पर गंभीर सवालों के घेरे में हैं।

बात की जा रही है यात्री निवास क्रमांक 1 के ठीक सामने का है, जहां मंदिर समिति द्वारा निर्मित और आवंटित दुकानों में सरेआम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। दुकान क्रमांक 13, 14 और 3, 4 में भू-माफियाओं और रसूखदार दुकानदारों द्वारा बेखौफ होकर अवैध अतिक्रमण और पक्का निर्माण किया जा रहा है।



### दुकानों के पीछे बना दिया शौचालय

हद तो तब हो गई जब दुकान संख्या 13 और 14 के पीछे, बिना किसी अनुमति और नक्शे के, मनमाने ढंग से अवैध शौचालय का निर्माण करा दिया गया। इतना ही नहीं समिति द्वारा आवंटित की गई मूल दुकानों के स्वरूप को पूरी तरह से विकृत और परिवर्तित कर, बेतहाशा अवैध कब्जे को अंजाम दिया जा चुका है।

### नहीं नजर आया अतिक्रमण

इस पूरे मामले में सबसे शर्मनाक और हैरान करने वाली बात यह है कि हाल ही में मंदिर प्रशासक दिव्या पटेल एवं अतिक्रमण प्रभारी चंद्र भूषण पटेल द्वारा इस पूरे क्षेत्र का दौरा और निरीक्षण किया गया था। अधिकारियों की आंखों के सामने यह अवैध खेल चल रहा था। लेकिन उन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारियों की यह रहस्यमयी चुप्पी सीधे तौर पर प्रशासन की भूमिका को संदेह के कटघरे में खड़ा करती है।

### तरह-तरह की चर्चाएं

मेला क्षेत्र और आम जनता के बीच अब यह चर्चा आग की तरह फैल चुकी है कि इन दुकानदारों के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं। सूत्रों की मानें तो मोटे सिस्टम के दम पर ही कानून को जेब में रखकर यह अवैध निर्माण कराया जा रहा है। समिति के अधिकारियों की यह जानबूझकर की गई 'नजरअंदाजी' अब उन्हें भ्रष्ट और संदेहास्पद साबित करने के लिए काफी है।

## सीमेंट फैक्ट्रियों, क्रेशरों और अवैध उत्खनन से उड़ती धूल पर हो कार्रवाई

**सतना, देशबन्धु।** औद्योगिक नगरी के रूप में पहचान रखने वाले सतना जिले में लगातार बढ़ रहे वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण को लेकर भारतीय मजदूर संघ की पर्यावरण जिला इकाई ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए प्रदूषण नियंत्रण के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में जिले के नागरिकों को गंभीर स्वास्थ्य संकट, जल संकट और पर्यावरणीय आपदाओं का सामना करना पड़ सकता है।

तापमान में वृद्धि और गिरता जलस्तर बना चिंता का विषय भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह,जिला मंत्री शरद तिवारी एवं पर्यावरण मंच के जिला संयोजक एवं मीडिया प्रभारी बृजेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि जिले में तेजी से हो रही वृक्षों की कटाई और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उदासीनता के कारण तापमान लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकास और उद्योग आवश्यक हैं, लेकिन यह विकास पर्यावरण और जनस्वास्थ्य की कीमत पर नहीं होना चाहिए।



### मांगों पर एक नजर

प्रदूषण मापने वाले इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड सार्वजनिक चौराहों पर लगाए जाएं। सीमेंट फैक्ट्रियों एवं क्रेशरों पर सख्ती की जाए। अवैध उत्खनन पर रोक लगाई जाए। रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य हो, कचरा एवं बायो-मेडिकल वेस्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन किया जाए। धुआं उगलते वाहनों पर कार्रवाई हो। सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध हो। किसानों को वैकल्पिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर आशा ऊषा के प्रभारी पीसी श्रीवास्तव, सुमन द्विवेदी, पद्मधर द्विवेदी, अंजू सिंह, मिथिलेश तिवारी, रवीता श्रीवास्तव, बबीता प्रजापति, ऊषा सिंह, डीसी श्रीवास्तव, धीरज मालवीय के साथ भारतीय मजदूर संघ एवं पर्यावरण मंच के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### सीएचसी से लेखापाल सत्यनारायण सेवानिवृत्त



**सतना, देशबन्धु।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी में पदस्थ लेखापाल सत्यनारायण त्रिपाठी ने 33 वर्षों तक अपनी सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्ति अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, विदाई समारोह में स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक, अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ. अशोक द्विवेदी, डॉ. मयंक तिवारी, बीपीएम रविंद्र साकेत, बृजेंद्र सिंह, अर्चना समदड़िया, जया सिंह, मिथलेश तिवारी, पूजा खरे, नीतू कुशवाहा, मुस्कान रावत, निधि अहिरवार, आस्था गर्ग, अनमोल मिश्रा, श्रेयस त्रिपाठी, संतोष यादव, प्रिंस कुशवाहा, प्रशांत सिंह, सत्यनारायण कुशवाहा काफी संख्या में लोग रहे।

### जसपाल राणा का निधन अपूर्णीय क्षति

**सतना, देशबन्धु।** भारतीय निशानेबाजी के गौरव, एशियन व कॉमनवेल्थ गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता और स्टार निशानेबाज मनु भाकर के मुख्य कोच जसपाल राणा का 49 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन खेल जगत के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए सतना के राष्ट्रीय निशानेबाज अमित गोयल ने इसे भारतीय खेल इतिहास का एक अत्यंत दुखद दिन बताया है। अमित गोयल ने अपनी शोक संवेदना में कहा कि जसपाल राणा जी ने न केवल अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का मान बढ़ाया, बल्कि एक उत्कृष्ट कोच के रूप में नई पीढ़ी को तैयार कर भारतीय शूटिंग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दी। वे हम जैसे अनगिनत निशानेबाजों के लिए हमेशा प्रेरणाश्रोत रहेंगे।



### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**सतना, देशबन्धु।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर धमकी देने वाले एक आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। मिली जानकारी मुताबिक नाबालिग किशोरी अपनी मां के साथ थाना पहुंच कर रिपोर्ट किया कि आरोपी ओमकार गिराय पिता स्व. विनोद गिराय निवासी बजरहा टोला द्वारा उसके साथ जबरन शारीरिक संबध बनाया गया और किसी से न बताने की धमकी दिया था। कुछ दिन तक वह डरी सहमी रही, लेकिन किसी तरह हिम्मत कर मां के साथ रिपोर्ट करने आई। जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम रवाना होकर आरोपी की तलाश शुरू की और मुखबिर लगाए, जिसके महज 12 घंटे के अंदर आरोपी ओमकार गिराय को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सहित उप निरीक्षक बेबी तरन्नुम, महिला आरक्षक प्रियंका चुतर्वेदी आदि का सराहनीय योगदान रहा।



## कोठी के सार्वजनिक शौचालय बदहाल

**सतना, देशबन्धु।** नगर परिषद कोठी कार्यालय से कुछ ही कदमों की दूरी पर तहसील कार्यालय के ठीक बगल में स्थित सार्वजनिक शौचालय बदहाली का शिकार है। शौचालय परिसर में फैली गंदगी, टूटे हुए दरवाजे, पानी की कमी और नियमित रखरखाव का अभाव जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता को दर्शाता है। हैरानी वाली बात तो यह है कि एक ओर सरकार स्वच्छता अभियान पर लाखों रुपये खर्च कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास कर रही है, वहीं दूसरी ओर नगर परिषद क्षेत्र की यह स्थिति अभियान की वास्तविकता पर सवाल खड़े करती है। शौचालय की दुर्दशा के कारण आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि यहां प्रतिदिन सैकड़ों महिला एवं पुरुष आते-जाते हैं, लेकिन नारी सम्मान और उनकी सुविधाओं का भी समुचित ध्यान नहीं रखा जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद से शौचालय की तत्काल सफाई, मरम्मत और नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि लोगों को स्वच्छ एवं सुरक्षित सुविधा उपलब्ध हो सके।



## प्रसन्न को मिला बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार

**सतना, देशबन्धु।** एकेएस विवि के परफॉर्मिंग आर्ट्स संकाय के छात्र प्रसन्न कुमार सोनी को नाटक लेखन ड्रामा प्ले-राइटिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वर्ष 2024 का उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह सम्मान भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय अंतर्गत स्वायत्त संस्था संगीत नाटक अकादमी द्वारा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा कलाकारों को प्रदान किया जाता है।




एकेएस यूनिवर्सिटी के एमपीए थिएटर एवं फिल्म द्वितीय सेमेस्टर के छात्र प्रसन्न कुमार सोनी लगभग दो दशकों से रंगमंच से जुड़े हैं। उन्होंने 40 से अधिक नाटकों में अभिनय, 20 से अधिक नाटकों का निर्देशन तथा 10 से अधिक मौलिक हिंदी नाटकों का लेखन किया है। उन्हे भारत सरकार द्वारा जूनियर रिसर्च फेलोशिप भी प्रदान की जा चुकी है। वे श्रीराम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स नई दिल्ली में विजिटिंग फैकल्टी के रूप में सेवाएं दे रहे हैं।

उन्होंने लगातार दो वर्षों तक इंडोनेशिया के बांडुंग इंटरनेशनल आर्ट्स फेस्टिवल में भाग लेकर भारतीय रंगमंच का प्रतिनिधित्व किया। वे वेब सीरीज राख और लैला में भी अभिनय कर चुके हैं। उनके द्वारा लिखित नाटक सम्राट विक्रमादित्य का मध्यप्रदेश के विभिन्न नगरों में एक ही दिन में एक साथ मंचन किया गया था। इस उपलब्धि पर एकेएस विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर अनंत कुमार सोनी, कुलपति प्रो. बीए चोपड़े, डॉ. दीपक मिश्रा, बालकृष्ण मिश्रा आदि ने शुभकामना दी है।

## जनकल्याण शिविरों में जिले में आज मिले कुल 3933 आवेदन

**सतना, देशबन्धु।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 12 से 18 जून तक नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविरों का आयोजन प्रारंभ किया गया है। सतना जिले में जनकल्याण शिविरों के प्रथम दिवस सतना नगर निगम, जनपद पंचायत सोहावल, नागौद, नगर परिषद कोठी, उचेहरा, नागौद, जैतवारा और रामपुर बघेलान, कोटर में कुल 3933 आवेदन दर्ज हुए। जिनमें से 3481 स्वीकृत करते हुए निराकृत किये गये। जबकि 492 आवेदन निराकरण के लिए लंबित है। जिनका निराकरण समय-सीमा में किया जायेगा। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में 12 जून को आयोजित जनकल्याण शिविर के दौरान नगर पालिक निगम सतना में मंगल भवन धवारी के आयोजित शिविर में कुल 2022 आवेदन प्राप्त हुए।



## अभ्यास वर्ग में नई शिक्षा नीति से कराया परिचय

**नागौद, देशबन्धु।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान एवं सरस्वती शिक्षा परिषद के मार्गदर्शन में संकुल स्तरीय पांच दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर नागौद आयोजित किया गया। वर्ग का शुभारंभ 11जून की सुबह 8 बजे विद्यालय के सहव्यवस्थापक डॉ. सचिन गोयल द्वारा मां वीणापाणि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसमें प्राचार्य वीरेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य प्रमोद पांडेय, शालिनी त्रिपाठी ने सहयोग किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सचिन गोयल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर बड़ा ही प्रेरणादायी और गंभीर मार्गदर्शन किया। उन्होंने नई शिक्षा नीति का परिचय, उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। इस सत्र के पश्चात गीत, वंदना का अभ्यास, मॉड्यूल निर्माण की प्रक्रिया पर रामायण गुप्ता व्याख्याता द्वारा अभ्यास कराया गया और अंतिम सत्र में कंप्यूटर का परिचय और अभ्यास प्रमोद सिंह परिहार द्वारा कराया गया। इस दौरान वक्ताओं ने मानव जीवन, व्यक्तित्व निर्माण, जीवन की सार्थकता जैसे गंभीर पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राचार्य वीरेंद्र सिंह, प्रमोद पांडेय एवं शालिनी त्रिपाठी के साथ पूरा विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।



कलेक्टर ने ली प्राचार्यों की क्लास

## परीक्षाओं का रिजल्ट सुधारने मन से प्रयास करें

**सतना, देशबन्धु।** मैहर जिले में शैक्षणिक संत्र प्रारंभ होने के पूर्व हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्रचार्यो की बैठक लेकर कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने कहा कि सभी प्राचार्य पूरे मन से अपने स्कूलों का बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट सुधारने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि गत वर्ष के रिजल्ट में सुधार लाने के लिए कमियों को ढूढकर उन्हें दूर करने का प्रयास करें। स्कूलों में नवाचार करे ताकि बच्चों को स्कूल आने और अध्ययन करने के कार्य में रूचि और आकर्षण बढें। कलेक्टर ने कहा कि हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल में बोर्ड परीक्षाओं में उल्लेखनीय सुधार लाने वाले बेस्ट फारमर प्राचार्य को पुरूस्कृत किया जाएगा। वहीं खराब प्रदर्शन करने वाले पर प्राचार्यो पर कार्यवाही भी सुनिश्चित होगी। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी गिरीश अग्निहोत्री, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्राचार्य होंगे जिम्मेदार

कलेक्टर ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये कि जर्जर और जीर्ण-शीर्ण भवनों एवं बाउण्ड्री वाले स्कूलों में कक्षायें नहीं लगाई जाये। किसी घटना के लिए प्राचार्य को जिम्मेदार ठहराया जायेगा।

## टमस नदी के पास सफाई कर किया पौधरोपण



ननि और एनएसएस ने चलाया संयुक्त स्वच्छता अभियान

**सतना, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिक निगम एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विशेष जनजागरूकता एवं पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। जिसके तहत वार्ड क्रमांक 16 स्थित कृपालपुर के पास टमस नदी तट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान नदी एवं उसके आसपास के क्षेत्र की व्यापक सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। साथ ही उपस्थित नागरिकों एवं स्वयंसेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तथा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। अधिकारियों ने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, नगर निगम आयुक्त डॉ. शेर सिंह मीणा, नोडल अधिकारी रोजल प्रताप सिंह, स्वास्थ अधिकारी अरविंद प्रताप सिंह, एनएसएस की जिला संगठक व ब्रांड एम्बेसडर डॉ. क्रांति मिश्रा, सहायक उपयंत्री केपी गुप्ता, सहायक स्वास्थ अधिकारी राजू साकेत, लतीफ सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारी व आईईसी टीम उपस्थित रही।

## रासलीला महोत्सव का समापन, प्रवचन आज

**सतना, देशबन्धु।** संतधाम उदासीन आश्रम में महंत स्वामी ईश्वर दास उदासीन के सानिध्य में 27 दिन से चल रहे भक्ति अमृत महोत्सव की कड़ी में बालकृष्ण लीला संस्थान द्वारा आयोजित कृष्ण रासलीला महोत्सव का समापन शुक्रवार हो गया। आश्रम के ओमप्रकाश उदासीन एवं विनोद गेलानी ने बताया कि भक्ति महोत्सव की अंतिम कड़ी में 13 जून से 15 जून तक कथाव्यास महंत स्वामी ईश्वरदास उदासीन द्वारा गुरुवचननामृत एवं आशीष वचन देंगे। आध्यात्मिक प्रवचनों में बताया गया कि श्रीकृष्ण की रासलीला केवल एक सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के दिव्य मिलन का प्रतीक है। रासलीला मानव जीवन को प्रेम, करुणा, त्याग, सेवा एवं पूर्ण समर्पण का संदेश देती है। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं हमें धर्म और भक्ति के मागज़ पर चलने की प्रेरणा प्रदान करती हैं।



**फूल व लट्ठमार होली भी खेली गई**-समापन अवसर पर महाआरती, पुष्पवर्षा एवं प्रसाद वितरण किया गया। संत-महात्माओं ने सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से जीवन में प्रेम, शांति और सद्भाव का संचार होता है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर (नगरीय) एवं पंजीयक लोक न्यास जिला सतना (म.प्र.)**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0004/बी-113/2005-2006

**उद्घोषणा**

**लोक न्यासों के पंजीयक सतना जिला के समक्ष**

यतः कि श्री अनंत कुमार सोनी तनय श्री बनमाली प्रसाद सोनी निवासी बिरला रोड़ सतना, अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी, ''ए.के.एस. चैरिटेबल ट्रस्टे'' ने मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951 (1951 का 30) की धारा 09 के अन्तर्गत ट्रस्ट के सदस्यों में संशोधन करते हुए ट्रस्टी- श्री मिथलेश कुशवाहा का नाम उनके द्वारा त्यागपत्र दिये जाने के कारण ट्रस्टियों की सूची से विलोपित किए जाने एवं नवीन ट्रस्टी श्री अजय सोनी का नाम ट्रस्ट के सदस्यों में जोड़ने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि कथित आवेदन पर दिनांक 05/06/26 को मेरे न्यायालय में विचार में लिया जाएगा।

किसी आपत्ति या सुझाव को करने का आशय रखते हुए कथित न्यास या सम्पत्ति में हितबद्ध कोई व्यक्ति को इस सूचना पत्र के प्रकाशन की तारीख से पन्द्रह दिवस के भीतर नियत दिनांक 22/06/26 तक लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिए और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिशः अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए। उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

**(राहुल सिलाड़िया)**
**अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर (नगरीय) एवं**


## शिविर से शासन और जनता के बीच बनता है सेतु



### राज्यमंत्री ने किया सोहावल में जनकल्याण शिविर का शुभारंभ

**सतना, देशबन्धु।** रैगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत सोहावल में शुक्रवार को जनकल्याण शिविर का शुभारंभ नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने कहा कि शासन की मंशा है कि हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचे और किसी भी जरूरतमंद को भटकना न पड़े। शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ दिलाने की प्रक्रिया शुरू की गई। साथ ही आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, जनपद पंचायत सदस्य रावेन्द्र सिंह, हरिओम सिंह, आकांक्षा सिंह, जनपद पंचायत सोहावल के सीईओ प्रतिपाल सिंह बागरी सहित अन्य अधिकारी एवं पंचायत प्रतिनिधि, सरपंचगण उपस्थित रहे।

राज्यमंत्री ने कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। राज्यमंत्री ने कहा कि जनहित और जनसेवा के कार्यों को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। ऐसे शिविरों के माध्यम से आमजन को त्वरित लाभ प्रदान करना ही मुख्य उद्देश्य है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रतिपाल बागरी ने बताया कि जनकल्याण शिविर में कुल 948 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 700 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया तथा शेष 248 आवेदनों का निराकरण समय-सीमा में किया जायेगा।

## पौधरोपण व जनसंवाद के साथ चला जनसंपर्क अभियान



### पीएम मोदी सरकार के सफलतम 12 वर्ष पर सांसद ने मझगवां में लगाई चौपाल

**सतना, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत गुरुवार को सतना सांसद गणेश सिंह चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के मझगवां पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जनता के बीच साझा किया। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद गणेश सिंह ने मॉडल हाउस परिसर में पौधरोपण कर की। इसके बाद उन्होंने बांके बिहारी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर सहित अन्य जगहों पर आयोजित स्वच्छता अभियान में भी उन्होंने सक्रिय भागीदारी निभाई तथा उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। सांसद ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। वहीं चौपाल कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह ने ग्रामीणों और आमजन से सीधा संवाद स्थापित किया।

कार्यक्रम में शंकर दयाल त्रिपाठी, चन्द्रकमल त्रिपाठी, डॉ. पंकज सिंह, संजय सिंह कछवाह, रेणुका जयसवाल, साधना पटेल, हरिश अग्रवाल, लव सिंह, रमेश धुर्वे, विनीता शिवहरे, कामता यादव, श्रीकृष्ण मिश्रा, अश्वनी तिवारी, ओमप्रकाश शर्मा, श्यामदीन शर्मा, निरंजन जयसवाल, नारेन्द्र सिंह, विरेन्द्र मिश्रा, रामाऔतार, राजेन्द्र उपाध्याय, शातिभूषण पांडेय, गुलाब शुक्ला, केशव बंसल, सुरेन्द्र द्विवदी, रमेश पाण्डेय, राजकुमार गुप्ता, संजय आरख, रूद्रदत्त पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया बैंक अधिकारी

## सीबीआई की कार्रवाई से मचा हड़कंप




## बैंकिंग कियोस्क की अनुमति दिलाने के बदले मांगी थी 10 हजार रुपए की रिश्वत

**शहडोल, देशबन्धु।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जबलपुर इकाई ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शहडोल क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ एक सहायक प्रबंधक को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बैंकिंग कियोस्क संचालन की अनुमति दिलाने के एवज में रिश्वत मांगने की शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप कार्रवाई कर आरोपी को धर दबोचा। कार्रवाई के बाद बैंक कार्यालय और आरोपी के निवास पर भी जांच की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहडोल निवासी दीपेंद्र सिंह ने क्षेत्र में चार बैंकिंग कियोस्क संचालित करने के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि आवेदन को स्वीकृति दिलाने और संबंधित प्रक्रिया पूरी कराने के बदले बैंक के सहायक प्रबंधक ने 10 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। आवेदक ने कई बार संपर्क करने के बावजूद काम नहीं होने और लगातार रिश्वत मांगे जाने से परेशान होकर सीबीआई जबलपुर में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने मामले का सत्यापन किया। प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर विशेष टीम गठित कर ट्रैप की योजना बनाई गई। तय रणनीति के तहत गुरुवार को शिकायतकर्ता को रिश्वत की राशि लेकर बुलाया गया। बताया गया कि बैंक कार्यालय के समीप गुरुद्वारे के पास आरोपी ने जैसे ही शिकायतकर्ता से 10 हजार रुपये लिए, पहले से निगरानी कर रही सीबीआई टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद सीबीआई अधिकारियों ने आरोपी से पूछताछ की तथा उसके कब्जे से संबंधित दस्तावेज और अन्य साक्ष्य एकत्र किए। जांच एजेंसी ने बैंक कार्यालय के साथ-साथ आरोपी के निवास पर भी तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों के अनुसार आरोपी अधिकारी मूल रूप से ग्वालियर का निवासी है और वर्तमान में शहडोल में पदस्थ था। सीबीआई की इस कार्रवाई से बैंकिंग महकमे में हड़कंप मच गया है। जांच एजेंसी अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी द्वारा इस प्रकार की अवैध वसूली के अन्य मामले भी तो नहीं हैं। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# नशीली कफ सिरप के साथ किशोर पकड़ा गया

## आईफोन और बाइक भी जब्त



**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में मादक पदार्थों एवं प्रतिबंधित दवाओं के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत धनपुरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक किशोर को नशीली कफ सिरप के साथ पकड़कर उसके कब्जे से मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल भी जब्त की है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना धनपुरी प्रभारी निरीक्षक खेमसिंह पेन्द्रो के नेतृत्व में गठित टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नरगड़ा नाला स्थित मुक्तिधाम के पास एक युवक प्रतिबंधित कफ सिरप की बिक्री के लिए मौजूद है।

सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर कार्रवाई की और एक विधि-विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से कुल 15 बोतल नशीली कफ सिरप बरामद की गई, जिनमें 8 बोतल ओनेरेक्स (ह्रश्वक्रश्वङ्क) तथा 7 बोतल कैंडीकफ (ष्ट्ह-ष्ठङ्घ्यस्न) शामिल हैं। जब्त कफ सिरप की अनुमानित कीमत करीब 2,740 रुपये बताई गई है। इसके अलावा एक एप्पल आईफोन-15 तथा बिना नंबर की होंडा लिवो मोटरसाइकिल भी बरामद की गई, जिनकी कुल कीमत लगभग 80 हजार रुपये आंकी गई है। बरामद सामग्री के आधार पर थाना धनपुरी में एनडीपीएस एक्ट एवं मध्यप्रदेश ड्रग कंट्रोल अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई। इसके बाद किशोर को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में एसडीओपी धनपुरी विकाश पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खेमसिंह पेन्द्रो, उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह, भारत सिंह, प्रधान आरक्षक दिनेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह राठौर, रामनाथ बांधव, आरक्षक अमित सिंह, जयप्रकाश एवं राघवेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सार-समाचार

### मरिया-ताला मार्ग पर कटे साइड शोल्डर, चालकों को परेशानी

**उमरिया, देशबन्धु।** विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के प्रमुख पहुंच मार्ग उमरिया-ताला रोड पर सड़क के साइड शोल्डर कट जाने से वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। इन कटे हुए शोल्डर और सड़क किनारे बने गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे कई लोग घायल भी हुए हैं। यह मार्ग परासी मोड़ से ताला तक फैला है और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व पहुंचने का मुख्य रास्ता है। इस पर प्रतिदिन देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों का भी आवागमन रहता है। सड़क के दोनों ओर शोल्डर कट जाने से बड़े वाहनों को सड़क से उतारने में दिक्कत होती है, जबकि दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति और भी खतरनाक साबित हो रही है।

**बाइक उतारते या दोबारा चढ़ाते समय पहिया फंस जाता**-स्थानीय निवासी और बाइक सवार रामभजन ने बताया कि सड़क से बाइक उतारते या दोबारा चढ़ाते समय पहिया कटे हुए हिस्से में फंस जाता है, जिससे चालक गिरकर घायल हो जाते हैं। उन्होंने इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। इस मामले को लेकर एमपीआरडीसी के संभागीय प्रबंधक अवधेश स्वर्णकार ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क के साइड शोल्डर की मरम्मत जल्द ही कराई जाएगी। संबंधित ठेकेदार को इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। स्वर्णकार ने आश्वस्त किया कि मार्ग को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए आवश्यक सुधार कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएंगे।

### अवैध रेत परिवहन पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित लाखों का माल जब्त

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पपौंध पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रेत परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक शहडोल के निर्देश पर जिले भर में अवैध खनिज कारोबार के विरुद्ध लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में 8 जून 2026 को पपौंध थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सोन नदी के दुअरा क्षेत्र से अवैध रूप से रेत निकालकर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से परिवहन किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई की योजना बनाई और ग्राम नई बस्ती पड़री तिराहा के समीप घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोक लिया। जांच के दौरान पुलिस ने बिना नंबर के नीले रंग के सोनालिका ट्रैक्टर एवं रेत से भरी ट्रॉली को अपने कब्जे में लिया। वाहन चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम जितेन्द्र मिश्रा (27 वर्ष) निवासी ग्राम जमुनी, थाना पपौंध, जिला शहडोल बताया। पुलिस द्वारा रेत परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज एवं ट्रांजिट पास (टीपी) की मांग की गई, लेकिन चालक कोई भी अधिकृत दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। दस्तावेजों के अभाव में पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित अवैध रेत को जब्त कर लिया। जब्त रेत की अनुमानित कीमत करीब 3 हजार रुपये तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली की कीमत लगभग 3 लाख रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान वाहन एवं खनिज सामग्री को विधिवत जप्त कर थाना परिसर लाया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2), 317(5), मध्यप्रदेश खान एवं खनिज अधिनियम की धारा 4/21 तथा मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना**

**शहडोल जिले के धनपुरी, बुढ़ार, अमलई, सिंगपुर, गुहपारु, खन्नौदी में विज्ञापन, समाचार व अखबार की एजेंसी के लिये संपर्क करें।**

**आशीष कचेर-मो. 9479707671**

**कार्यालय- दैनिक देशबन्धु**

**न्यू मार्केट शहडोल म.प्र.**

# कबाड़ की आड़ में अवैध लोहा परिवहन का खुलासा

## 9.31 लाख की संपत्ति जब्त

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के सोहागपुर क्षेत्र में पुलिस ने अवैध कबाड़ एवं लोहे के परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों रुपये मूल्य की सामग्री जब्त की है। पुलिस की सतर्कता से कबाड़ की आड़ में ले जाई जा रही संदिग्ध लोहे की खेप पकड़ी गई, जिसे जबलपुर ले जाने की तैयारी थी।

पुलिस को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि सोहागपुर निवासी एक कबाड़ कारोबारी द्वारा मेटाडोर वाहन में भारी मात्रा में अवैध लोहा एवं कबाड़ सामग्री लोड कर परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने पाली रोड स्थित आकाशवाणी केंद्र और मुड़ना नाला के बीच घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोक लिया। जांच के दौरान वाहन चालक ने अपना नाम रूप सिंह पाल (51 वर्ष), निवासी मालवीगंज, इटारसी जिला नर्मदापुरम बताया। वाहन की तलाशी लेने पर गत्तों और अन्य सामान के नीचे छिपाकर रखे गए ट्रैक्टर के विभिन्न पुर्जे, पुराना कल्टीवेटर, बिजली के तार, लोहे के एक्सल सहित बड़ी मात्रा में कबाड़ सामग्री बरामद हुई।

पुलिस के अनुसार जब्त सामग्री का कुल वजन लगभग 1,746 किलोग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 21 हजार 720 रुपये आंकी गई है। वहीं परिवहन में प्रयुक्त मेटाडोर वाहन और मोबाइल फोन सहित कुल 9 लाख 31 हजार 720 रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की गई है।

कार्रवाई के बाद आरोपी चालक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। मामले में संलिप्त अन्य दो संदिग्धों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि अवैध कारोबार से जुड़े नेटवर्क



की भी जांच की जा रही है तथा जल्द ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# चाचा ने किया भतीजे का अपहरण, फिरौती में मांगे 5 हजार रुपए, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बच्चे को छुड़ाया

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के बिरसिंहपुर पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत घुनघुटी चौकी के बलवई गांव में एक बच्चे के अपहरण का मामला सामने आया है। बच्चे का अपहरण उसके ही चाचा ने किया था, जिसने परिजनों से पांच हजार रुपए की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आर

**घुनघुटी पुलिस चौकी क्षेत्र में हुई घटना**-जानकारी के अनुसार, यह घटना 8 जून की है। बलवई गांव निवासी राकेश अपने घर के बाहर खेल रहा था, तभी वह अचानक लापता हो गया। परिजनों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने



पुलिस को सूचना दी।

जांच के दौरान बच्चे की मां के पास उसकी बुआ सास के लड़के का फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि राकेश उसके पास है। जब परिजनों ने बच्चे का पता पूछना चाहा तो उसने फोन काट दिया। 10 जून की दोपहर आरोपी ने दोबारा फोन कर बच्चे को सुरक्षित घर पहुंचाने के बदले पांच हजार रुपए की मांग की।

**आरोपी को कोर्ट ले जाता पुलिसकर्मी**-ग्राम हर्रई से आरोपी गिरफ्तार एसडीओपी एसबी बोहित ने बताया कि फिरौती की सूचना मिलते ही पुलिस ने एक विशेष टीम गठित कर बच्चे की तलाश शुरू की। सघन तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने हरिओम अगरिया (26) निवासी ग्राम हर्रई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बच्चे को भी सुरक्षित बरामद कर लिया।

# बेटियों ने लगाए हरियाली के बीज

## पौधरोपण के साथ स्वच्छता का दिया संदेश

**शहडोल, देशबन्धु।** पर्यावरण संरक्षण और बालिकाओं के स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम पोंगरी (परियोजना सोहागपुर) में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर प्रकृति को संवारने का संकल्प लिया, वहीं माहवारी स्वच्छता को लेकर भी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में किया गया। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन परिसर में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि उपस्थित सभी किशोरी बालिकाओं ने स्वयं पौधे लगाकर उनकी देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया।

# एनटीपीसी विंध्याचल में उत्तरा महिला क्लब की अध्यक्ष सीमा कौशिक ने सुहासिनी संघ की गतिविधियों का लिया जायजा

**सिंगरौली, देशबन्धु।** एनटीपीसी विंध्याचल के प्रवास के दौरान उत्तरा महिला क्लब की अध्यक्षा सीमा कौशिक ने सुहासिनी संघ की विभिन्न गतिविधियों एवं जनकल्याणकारी पहलों की समीक्षा की तथा महिला क्लब की सामान्य सभा की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उनका स्वागत निशी सिन्हा, प्रभारी, वेलफेयर विंग, सुहासिनी संघ तथा महिला क्लब की वरिष्ठ सदस्यों द्वारा किया गया।

अपने दौरे के दौरान श्रीमती कौशिक ने सुहासिनी संघ द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता की सराहना की। उनके सम्मान में सुहासिनी संघ,बाल भवन एवं वेलफेयर विंग के सदस्यों द्वारा एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ एक भावपूर्ण गीत-संगीत प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर आयोजित पट्टचित्र कार्यशाला के प्रतिभागियों को भी श्रीमती कौशिक द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों की रचनात्मकता, उत्साह एवं भारतीय पारंपरिक कला के संरक्षण हेतु उनके प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक संरक्षण एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में सुहासिनी संघ की सतत प्रतिबद्धता का एक प्रेरणादायी उदाहरण रहा।

# मृत महिला के परिवार को 17 लाख रुपए मिले, उमरिया में 17 दिन बाद मिली मदद, बाघ के हमले में महिला की जान गई थी

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर परिक्षेत्र अंतर्गत खेरवा टोला में बाघ के हमले में जान गंवाने वाली महिला के परिजन को 17 दिन बाद बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री राहत कोष से 17 लाख रुपए की सहायता राशि मृतका के परिजनों के खाते में पहुंच गई है

यह राशि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषित कुल 25 लाख रुपए की सहायता का ही हिस्सा है। इससे पहले, वन विभाग की ओर से 8 लाख रुपए की मुआवजा राशि 25 मई को ही परिजन को दी जा चुकी थी। महिला की मौत 24 मई को बाघ के हमले में हुई थी।

मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली 17 लाख रुपए की यह राशि 15 दिन से ज्यादा समय तक अटकी रही थी। इस लापरवाही के चलते खबर सामने आने के महज चार दिन बाद ही प्रशासनिक प्रक्रिया में तेजी आई और बुधवार को बची हुई 17 लाख रुपए की राशि भी मृतका के परिजन के खाते में ट्रांसफर कर दी गई।

**प्रक्रियाओं को सरल बनाने की मांग**-इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि वन्यजीव प्रभावित परिवारों को समय पर मदद मिल सके, इसके लिए सरकारी प्रक्रियाओं को और ज्यादा सरल व आसान बनाया जाना चाहिए।

# 30 किमी पैदल चलकर कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण सड़क, पुल और पानी देने की मांग की, बोले-कई गांवों में रोड नहीं बनी

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के कौड़िया गांव और आसपास के इलाकों के सैकड़ों ग्रामीणों ने सड़क, पुल, पीने के पानी और पेंशन जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर जन आक्रोश यात्रा निकाली। ग्रामीण तपती धूप में करीब 30 किलोमीटर पैदल मार्च करते हुए उमरिया कलेक्ट्रेट पहुंचे और ग्रामीणों ने कहा कि देश की आजादी के इतने दशकों बाद भी उनके कई गांवों आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।



ग्रामीणों की प्रमुख मांगें कौड़िया से कुदारी पहुंच मार्ग, कौड़िया से सेमराहार मार्ग और घोघरी, करुआझर और अतरिया गांवों में नई सड़कों का निर्माण कराया जाए। चंदिया-कौड़िया मार्ग पर पड़ने वाली मछडार नदी पर एक बड़े पुल का निर्माण किया जाए, ताकि बारिश में रास्ता बंद न हो। नल-जल योजना के तहत गांवों में नियमित रूप से पीने के पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाए।

बुजुर्गों और पात्र हितग्राहियों की लंबे समय से रुकी हुई लंबित पेंशन की राशि तुरंत उनके खातों में डाली जाए। ग्रामीणों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

**एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, मिला आश्वासन**-कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर ग्रामीणों ने एसडीएम अम्बिकेश सिंह को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद एसडीएम ने आश्वासन दिया कि वे इस संबंध में तुरंत सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से बात करेंगे और समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कराएंगे। यह किसी दल या जाति की नहीं, आम जनता की यात्रा है।

यात्रा के संयोजक विक्रम सिंह ने बताया कि यह यात्रा किसी राजनीतिक दल, जाति या विशेष वर्ग की नहीं है। यह उन आम ग्रामीणों की बुलंद आवाज है, जो सालों से बुनियादी सुविधाओं के बिना रहने को मजबूर हैं। जब ग्रामीण इस भीषण धूप में 30 किलोमीटर पैदल चलकर अपनी बात रखने आए हैं, तो प्रशासन को उनकी तकलीफ और समस्याओं की गंभीरता को समझना होगा।

ग्रामीणों ने दो-टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने उनकी इन जायज मांगों पर जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए, तो वे आगे और बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# खरला गांव में 20 दिन से ट्रांसफॉर्मर खराब, बिजली न होने से मोटर पंप बंद

## मोबाइल चार्ज के लिए दूसरे गांव जा रहे ग्रामीण

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल जिले के बुढ़ार क्षेत्र अंतर्गत खरला गांव के ग्रामीण करीब 20 दिनों से गंभीर बिजली संकट का सामना कर रहे हैं। गांव का बिजली ट्रांसफॉर्मर जल जाने के कारण बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। अब तक नया ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है।



ग्रामीण राम प्रसाद यादव ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर खराब होने की सूचना बिजली कंपनी को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ उपभोक्ताओं के बिजली बिल बकाया होने के कारण विभाग ट्रांसफॉर्मर बदलने में देरी कर रहा है, जिसका खामियाजा पूरे गांव को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीण सीताराम कोल ने जानकारी दी कि बिजली न होने से मोटर पंप बंद पड़े हैं, जिससे पानी की समस्या बढ़ गई है। लोगों को दूर-दराज के हैंडपंपों से पानी लाना पड़ रहा है। वहीं, बुजुर्गों और छोटे बच्चों को गर्मी के कारण सबसे अधिक परेशानी हो रही है। गांव की निवासी फूलवती बाई ने बताया कि रात के समय पूरा गांव अंधेरे में डूबा रहता है। बिजली न होने से पंखे और कूलर बंद हैं, जिससे लोगों की रातें जागकर कट रही हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। एक अन्य ग्रामीण राजेश सिंह ने बताया कि मोबाइल चार्ज करने के लिए भी लोगों को दूसरे गांव जाना पड़ रहा है।

# महिलाओं और बच्चों के विकास में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, होगी कड़ी कार्रवाई : कलेक्टर

**अनूपपुर, देशबन्धु।** महिलाओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा पोषण स्तर में सुधार के लिए मैदानी अमले को अधिक सक्रिय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। गुरुवार को आयोजित महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण से जुड़ी सभी गतिविधियों का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रत्येक माह सेक्टर स्तरीय बैठक आयोजित करने तथा विभागीय गतिविधियों का मासिक कैलेंडर तैयार कर समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पोषण ट्रैकर पोर्टल पर महिलाओं एवं बच्चों के फेस कैप्चर, ई-केवाईसी और समग्र सत्यापन की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने लंबित ई-केवाईसी कार्यों को अभियान चलाकर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही 3 से 6 वर्ष



आयु वर्ग के बच्चों को पोषण आहार वितरण कार्यक्रम की नियमित मॉनिटरिंग पर भी जोर दिया।अपार आईडी निर्माण की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जिले में 27,307 बच्चों के लिए अपार आईडी बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित है, जिनमें से 19,927 बच्चों की आईडी तैयार की जा चुकी है। कलेक्टर ने शेष बच्चों के लिए विशेष शिविर आयोजित कर लक्ष्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आभा आईडी निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की।

कलेक्टर ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल सके। परियोजनावार कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की समीक्षा करते हुए उन्होंने गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर आवश्यकता अनुसार उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर उपचार और पोषण सुधार की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में गर्भवती एवं धात्री माताओं की देखभाल पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि पात्र महिलाओं को समय पर पोषण आहार उपलब्ध कराया जाए तथा उनके स्वास्थ्य और पोषण संबंधी आवश्यकताओं की नियमित निगरानी की जाए इसके अलावा सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में एलईडी टीवी और जल शुद्धिकरण प्रणाली की स्थापना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। वहीं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को लाभान्वित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में जिला परियोजना समन्वयक विनोद परस्ते, सहायक संचालक मंजूषा शर्मा सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी ब्लॉक परियोजना समन्वयक एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# निर्वाचित पंच पर अतिक्रमण के आरोप

## पुराने पोस्ट ऑफिस मार्ग पर बढ़ी परेशानी, आवागमन प्रभावित

**अनूपपुर, देशबन्धु।** ग्राम सोन मौहरी के पुराना पोस्ट ऑफिस के समीप स्थित सार्वजनिक मार्ग पर कथित अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि मार्ग पर मिट्टी डालकर सड़क को संकरा कर दिया गया है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्य गांव के निर्वाचित पंच अशोक यादव द्वारा कराया गया है।

क्षेत्रवासियों के अनुसार सड़क पर डाली गई मिट्टी के कारण बरसात के मौसम में कीचड़ की स्थिति बन जाती है, जिससे राहगीरों के फिसलने का खतरा बढ़ गया है। विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं, स्कूली बच्चों तथा दोपहिया वाहन चालकों को इस मार्ग से गुजरने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सड़क के दोनों ओर पालतू पशुओं को बांध दिए जाने से मार्ग और अधिक बाधित हो जाता है। इससे पैदल राहगीरों के साथ-साथ छोटे-बड़े वाहनों के आवागमन में भी परेशानी उत्पन्न होती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कर वास्तविक



**नागरिकों ने उठाए नैतिकता व जवाबदेही पर सवाल**

स्थिति की जांच कराने तथा आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

**जनप्रतिनिधि की भूमिका पर उठे सवाल** - ग्रामीणों का कहना है कि एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि से अपेक्षा की जाती है कि वह सार्वजनिक हित, सुगम यातायात और जनसुविधाओं को प्राथमिकता दे। यदि किसी जनप्रतिनिधि पर ही सार्वजनिक मार्ग को प्रभावित करने वाले कार्यों के आरोप लगते हैं, तो इससे आम लोगों के बीच गलत संदेश जाता है और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही तथा नैतिक दायित्वों पर सवाल खड़े होते हैं।

ग्रामीणों का मानना है कि जनप्रतिनिधि समाज के लिए आदर्श होते हैं। ऐसे में उनसे नियमों के पालन और सार्वजनिक संपत्तियों के संरक्षण की अपेक्षा सामान्य नागरिकों की तुलना में अधिक की जाती है।

लोगों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर सत्यता सामने लाने और आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों की प्रमुख मांगें में सार्वजनिक मार्ग पर किए गए कथित अतिक्रमण की जांच कराई जाए, सड़क पर डाली गई मिट्टी एवं अन्य अवरोधों को हटाया जाए, सार्वजनिक सड़क पर पशु बांधने जैसी गतिविधियों पर रोक लगाई जाए, बरसात के मौसम को देखते हुए मार्ग को सुरक्षित एवं सुगम बनाया जाए, जनप्रतिनिधियों द्वारा सार्वजनिक हित से जुड़े मामलों में आदर्श आचरण सुनिश्चित किया जाए संबंधी है।

## सार-समाचार

### आकांक्षा करेंगी युवा संगम में मप्र का प्रतिनिधित्व

**राजनगर, देशबन्धु।** दृढ़ संकल्प और मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। इसे सिद्ध कर दिखाया है आदिवासी बाहुल्य



जिला अनूपपुर के राजनगर निवासी आकांक्षा श्रीवास्तव ने। आकांक्षा का चयन केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित युवा संगम फेज-6 कार्यक्रम के लिए हुआ है। वह इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में अनूपपुर जिले से मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। आकांक्षा श्रीवास्तव राजनगर आरओ उपक्षेत्र में कार्यरत वरिष्ठ पीएसए संजय कुमार श्रीवास्तव की पुत्री हैं। उनके चयन से पूरे क्षेत्र में खुशी और गौरव का माहौल है।

जानकारी के अनुसार युवा संगम फेज-6 के अंतर्गत इस बार आईआईटी इंदौर को प्रेषक संस्थान तथा आईआईटी (आईएसएम) धनबाद, झारखंड को मेजबान संस्थान बनाया गया है। कार्यक्रम 10 जून से 21 जून तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से चयनित युवा प्रतिभागी शामिल होंगे। इस 11 दिवसीय शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी अपने-अपने राज्यों की भौगोलिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं सामाजिक विशेषताओं को साझा करेंगे। साथ ही उन्हें झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं साहित्यिक विरासत को निकट से जानने और समझने का अवसर मिलेगा। आकांक्षा के इस चयन को क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 16 को दुर्घटनाओं में कमी लाने पर होगा मंथन

**अनूपपुर, देशबन्धु।** सड़क दुर्घटनाओं एवं उनसे होने वाली मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन 16 जून को किया जाएगा। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में शाम 5 बजे से प्रारंभ होगी।

जानकारी के अनुसार बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं, दुर्घटना संभावित स्थलों की स्थिति, यातायात नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक सुझावों एवं कार्ययोजनाओं पर भी चर्चा होगी। डिप्टी कलेक्टर ने बताया कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सड़क सुरक्षा से जुड़े विषयों पर समन्वित रूप से आवश्यक निर्णय लिए जा सकें। बैठक का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की संख्या एवं उनमें होने वाली जनहानि को कम करने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करना है।

### ग्राम सकरा, बदरा, निगवानी, भवनीभंवर, पसान और अमरकंटक में 13 को लगेंगे जनकल्याण शिविर

**अनूपपुर, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार जिले में 12 से 18 जून तक ग्रामीण एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण तथा विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाएगा।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 13 जून को जिले के विभिन्न स्थानों पर जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। जनपद जैतहरी अंतर्गत ग्राम सकरा, जनपद अनूपपुर अंतर्गत ग्राम बदरा, जनपद कोतमा अंतर्गत ग्राम निगवानी तथा जनपद पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम भवनीभंवर में शिविर लगाए जाएंगे।

इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में नगर परिषद कार्यालय पसान एवं नगर परिषद कार्यालय अमरकंटक में भी 13 जून को जनकल्याण शिविर आयोजित होंगे। प्रशासन ने संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की है कि वे शिविरों में पहुंचकर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा अपनी समस्याओं और आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित कराएं।

### शहर के अंदर भारी वाहनों एवं टैक्टर के प्रवेश पर प्रतिबंध आदेश का कराएं पालनः कलेक्टर

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर ऊषा परमार द्वारा पन्ना शहर के भीतर सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक भारी वाहन एवं ट्रैक्टरों के प्रवेश पर प्रतिबंध संबंधी पूर्व में जारी आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के संबंध में पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित किया गया है।

विदित हो कि जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 24 सितम्बर 2024 को आदेश जारी कर पन्ना नगर के भीतर निर्धारित समयावधि के लिए आवश्यक सेवाओं में लगे वाहनों को छोड़कर शेष वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया था। इसके बावजूद अब भी शहर के अंदर भारी वाहन एवं बालू व सामान से भरे टैक्टर प्रवेश कर रहे हैं, जिससेजाम की स्थिति निर्मित होने के साथ असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार 14 को अनूपपुर प्रवास पर

**अनूपपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार 14 जून को एक दिवसीय प्रवास पर अनूपपुर जिले पहुंचेंगे। अपने प्रवास के दौरान वे भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न मंडलों का भ्रमण कर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे तथा संगठनात्मक बैठकों को संबोधित करेंगे।



भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष का यह दौरा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उनके आगमन को लेकर जिले के सभी मंडलों में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पवन पाटीदार 14 जून को दोपहर 12 बजे शहडोल से प्रस्थान कर 12.30 बजे बरगवां के बाबू चौक पहुंचेंगे, जहां कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वे दोपहर 1 बजे चचाई, 1.30 बजे परसवार तथा 2 बजे भाजपा कार्यालय अनूपपुर में आयोजित बैठकों एवं संवाद कार्यक्रमों में शामिल होंगे। दोपहर 3 बजे अनूपपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता के बाद 3.15 बजे स्वतंत्रता सेनानी मूलचंद जी का सम्मान एवं अभिनंदन करेंगे। इसके पश्चात 3.30 बजे ग्राम पिपरिया में पटेल समाज के बीच आयोजित बैठक एवं भोजन कार्यक्रम में भाग लेंगे। शाम 4.30 बजे राजेंद्रग्राम में कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा तथा 5.30 बजे अमरकंटक पहुंचेंगे। अमरकंटक प्रवास के दौरान शाम 7.30 बजे वे मां नर्मदा की पूजा-अर्चना एवं आरती में शामिल होंगे। इसके बाद रात्रि 8 बजे भोजन एवं विश्राम का कार्यक्रम निर्धारित है। 15 जून की सुबह 7 बजे रामघाट में आयोजित स्वच्छता अभियान में सहभागिता करने के बाद सुबह 9 बजे उनके प्रस्थान करेंगे।

# जनकल्याण शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, 81 आवेदन प्राप्त

**अनूपपुर, देशबन्धु।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने तथा उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जनपद अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत खोडरी नंबर 02 में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खोडरी नंबर 02 सहित पिपरहा, निमहा, फुलकोना, सेमरा, रेऊदा, पयारी नंबर- 2 एवं सोहीबेलहा पंचायतों के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। शिविर में जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने राजस्व, स्वास्थ्य, खाद्य, पशुपालन सहित अन्य विभागों से जुड़ी समस्याओं एवं मांगों के आवेदन प्रस्तुत किए।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। राजस्व, पशुपालन, आयुष, खाद्य एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने विभागीय स्टॉल के




**जिप सीईओ ने सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को दिए तत्काल निराकरण के निर्देश**

माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की पात्रता, लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की। आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 81 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें सिविल रजिस्टर एवं संबंधित ग्राम पंचायतों के जन आकांक्षा रजिस्टर में दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ की गई। कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण भी किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य भारती केवट, जनपद सदस्य यशोदा सिंह, अनुविभागीय अधिकारी कोतमा सतीश वर्मा, जनपद अनूपपुर सीईओ रवि ग्वाल, सरपंच श्याम लाल सिंह पाव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी एवं जिला पंचायत सदस्य भारती केवट ने जनकल्याण शिविरों के उद्देश्यों और शासन की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से इनका अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।

# बावड़ी उत्सव में गूंजा जल संरक्षण का संदेश, बैहार में किया सामूहिक श्रमदान

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जैतहरी विकासखंड के ग्राम बैहार में शुक्रवार को बावड़ी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों, सामाजिक संस्थाओं और प्रशासनिक अमले ने मिलकर पारंपरिक जल स्रोत के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए सामूहिक श्रमदान किया। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार 30 मार्च से 30 जून तक जिलेभर में जल संरक्षण संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम बैहार के सेक्टर क्रमांक-03 स्थित प्राकृतिक एवं बारहमासी बावड़ी नुमा जल स्रोत पर जल स्रोत सेवा समागम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था ह्यूमैनिटी केयर फैमिली वेलफेयर एंड हेल्थ सोसायटी के तत्वावधान में किया गया।

श्रमदान के दौरान ग्रामीणों एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने बावड़ी में जमा कचरा,



जलकुंभी, प्लास्टिक अपशिष्ट तथा गाद को हटाकर जल स्रोत की साफ-सफाई की। सामूहिक प्रयासों से वर्षों पुराने इस पारंपरिक जल स्रोत का स्वरूप निखरकर सामने आया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पांडेय ने कहा कि प्राचीन बावड़ियां और पारंपरिक जल स्रोत जल संरक्षण की अमूल्य धरोहर हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन से ही भविष्य में जल संकट की समस्या का प्रभावी समाधान संभव है। उन्होंने ग्रामीणों से जल स्रोतों की नियमित साफ-सफाई एवं संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित नागरिकों को पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता बनाए रखने तथा जल संवर्धन के लिए सामूहिक शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक फत्ते सिंह, संस्था प्रमुख पुष्पेंद्र नामदेव, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बैहार के अध्यक्ष श्याम सिंह, भेलमा समिति के अध्यक्ष राम सिंह सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता पाठ्यक्रम (बीएसडब्ल्यू/एमएसडब्ल्यू) के छात्र-छात्राएं, स्थानीय मातृशक्तियां एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने जल संरक्षण के इस अभियान को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

# भाजपा अनूपपुर जिले की संगठनात्मक बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर दिया जोर

**अनूपपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर जिला की मासिक संगठनात्मक बैठक शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा जिला प्रभारी संजय साहू एवं जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी संजय साहू एवं जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने संगठन के वर्तमान कार्यक्रमों और आगामी गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने बूथ एवं शक्ति केंद्र स्तर पर संचालित संगठनात्मक कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सक्रियता एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।



बैठक में प्रत्येक मंडल में संगठन के विस्तार, बूथ सशक्तिकरण तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर विशेष चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की योजनाओं, नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को निरंतर जनसंपर्क एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहना होगा। इस दौरान जिले के सभी मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष एवं संयोजक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि बैठक में संगठन को और अधिक प्रभावी एवं मजबूत बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

# रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**अनूपपुर, देशबन्धु।** रामनगर पुलिस ने अवैध रेत परिवहन करते एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर कार्रवाई की है। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि मरवाही क्षेत्र से बिना नंबर का ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध रूप से रेत लोड कर भलवाही की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बरतराई बस्ती के पीछे स्थित खाली मैदान के पास रोककर जांच की गई। जांच के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगभग 3 घन मीटर रेत लोड पाई गई।पूछताछ में चालक ने अपना नाम लक्ष्मण यादव उर्फ रामा उम्र 23 वर्ष निवासी चनाडोंगरी थाना मरवाही का बताया तथा मौके पर चालक ने वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जिसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर आरोपी लक्ष्मण यादव उर्फ रामा के विरुद्ध धारा 303(2), 317(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) तथा 4/21 खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण कायम किया गया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 13 जून 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, जेष्ठ कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी, नक्षत्र- कृतिका**

मेष – दिन के आरंभ में नए काम की शुरुआत को लेकर आप उत्साहित रहेंगे। शरीर और मन की स्वस्थता भी आपके उत्साह को दोगुना कर देगी। स्नेही मित्रों के साथ समारोह में जाना हो सकता है।

वृषभ – घर के सदस्यों के साथ आप आवश्यक चर्चा करेंगे। घर की सुंदरता बढ़ाने में व्यस्त रहने वाले हैं। मां का विशेष आशीर्वाद मिलेगा। कार्यालय में अधिकारियों के साथ मधुर संबंध बनेंगे।

मिथुन – आज आपको मित्रों से लाभ होगा। नए मित्र बन सकते हैं, जो कि भविष्य में आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। अपेक्षा से अधिक धनलाभ होगा।

कर्क – आज आपका व्यवहार लोगों के साथ अच्छा रहेगा। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। शुरुआत में आपको ऐसा लगेगा, जैसे आपके प्रयास गलत दिशा में आगे बढ़ रहे हो।

सिंह – आज दिन की शुरुआत में आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ और चिंता में रहेंगे। किसी बात को लेकर गुस्से में रह सकते हैं। दोपहर बाद स्थिति में सुधार होगा।

कन्या – आज नए काम और प्रवास ना ही करें। आध्यात्मिक क्षेत्र में आज सिद्धि प्राप्त होने का योग है। स्वास्थ्य में शिथिलता का अनुभव होगा। क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी।

तुला – आज आप सामाजिक कार्यक्रमों में प्रशंसा प्राप्त कर सकेंगे। प्रियपात्र मिलने से आपका मन खुश रहेगा। दांपत्यजीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा।

वृश्चिक – आज का आपका दिन बहुत खुशी और आनंद में गुजरेगा। आप व्यापार के काम में ज्यादा व्यस्त रहेंगे तथा उससे आर्थिक लाभ भी होगा।

धनु – आज दिन की शुरुआत में आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से थोड़ी शिथिलता का अनुभव करेंगे। काम के लिए कुछ अधिक भागदौड़ मची रहेगी।

मकर – आज किसी बात को लेकर ज्यादा इमोशनल ना हो। पानी वाली जगहों से दूर रहें। जमीन-ज़ायदाद के दस्तावेज ध्यान से पढ़ें। मानसिक चिंता रहेगी। आज जिद्दी व्यवहार टालिएगा।

कुंभ – आज आपको नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी, लेकिन कोई अति महत्वपूर्ण निर्णय लेने से बचें। साहित्य से जुड़े काम के लिए दिन अच्छा है।

मीन – आज आप ज्यादा स्वार्थी ना बनें और दूसरों को भी महत्व दें। घर, कुटुंब तथा व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छा व्यवहार दूसरों से आपके संबंध बनाए रखेगा।

3,8,4,9,82,44,93,26,76,14,68

## घर में अकेली लड़की को बंधक बनाकर दो युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

**● 40 हजार रुपए भी ट्रांसफर कराए, दोनों आरोपी गिरफ्तार**



**सीधी देशबन्धु।** घर में पुताई का काम करने आए दो युवकों ने एक लड़की को अकेले पाकर बंधक बना लिया। उन्होंने लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और डरा-धमकाकर ऑनलाइन पैसे भी लूट लिए। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए कुछ ही घंटों में दोनों आरोपियों को धर दबोचा है। घटना सीधी जिले के जमोड़ी थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार आरोपी अनूप साकेत और राकेश साकेत पुताई और पेंटिंग के काम के बहाने घर के अंदर आए थे। उस वक्त 20 साल की लड़की घर में बिलकुल अकेली थी। आरोपियों ने इसका फायदा उठाया और लड़की को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने लड़की के ही मोबाइल से फोन पे ऐप के जरिए 40,000 रुपए ऑनलाइन अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। पैसे लूटने के बाद भी आरोपियों का मन नहीं भरा। उन्होंने लड़की को एक कमरे में बंधक बना लिया और दोनों ने बारी-बारी से उसके साथ गलत काम किया। जब पीड़ित लड़की ने खुद को बचाने की कोशिश की और विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट भी की। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी वहां से भाग निकले। शाम को जब परिवार के लोग घर लौटे, तो रोती हुई पीड़ित लड़की ने उन्हें पूरी आपबीती सुनाई। परिवार तुरंत थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई।

### इनका कहना

घटना की खबर मिलते ही पुलिस टीम तुरंत एक्शन में आई। देर रात ही आरोपियों के छिपने के ठिकानों पर छापेमारी की गई और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। शुक्रवार सुबह दोनों आरोपियों का जिला अस्पताल में मेडिकल टेस्ट कराया गया और शाम 5 बजे उन्हें कोर्ट में पेश कर दिया गया है। दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी।

**संतोष कोरी,** सीधी एसपी

## टास्क फोर्स समिति की बैठक 15 जून को

**सीधी।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति विकास मिश्रा की अध्यक्षता में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम तथा प्रभावी नियंत्रण के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक 15 जून 2026 को दोपहर 12 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध संयुक्त रूप से की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही सोन घड़ियाल अभयारण्य क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर नियंत्रण की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा होगी। बैठक के दौरान सीधी-सिंगरौली एवं सीधी-छत्तीसगढ़ सीमा से लगे क्षेत्रों में संचालित स्वीकृत रेत खदानों की सतत निगरानी एवं जांच संबंधी व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की जाएगी।

## तेज आंधी तूफान के बीच किसान के शरीर में घुसी चादर, हो गई मौत



**सीधी देशबन्धु।** शुक्रवार सुबह तेज आंधी के दौरान ग्राम चंदवाही में 60 वर्षीय रघुनाथ साकेत पर उड़ती हुई लोहे की सीट (चादर) गिरने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घर से लगभग 80 मीटर दूर पहुंचते ही एक उड़ती हुई लोहे की सीट उनके पैर के ऊपरी हिस्से में जा धंसी। वे खुद को संभालने का प्रयास कर ही रहे थे कि एक और लोहे की सीट तेज रफ्तार से उड़कर आई और उनके शरीर में जा लगी।

दोनों सीटों से लगी गंभीर चोटों के कारण उनका काफी खून बह गया। मृतक के बड़े भाई जगन्नाथ साकेत ने बताया कि वे घटना के समय पास में ही मौजूद थे। उन्होंने कहा, आंधी शुरू होते ही हम सभी बाहर भाग रहे थे। मेरा भाई आगे था, तभी एक उड़ती हुई सीट उसके शरीर में घुस गई। उसने मदद के लिए पुकारा। जगन्नाथ और उनके बेटे ने रघुनाथ की ओर दौड़ लगाई, लेकिन तब तक दूसरी सीट भी उन्हें लग चुकी थी।

### इनका कहना

थाना प्रभारी राजेश पांडे ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही बहरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह एक आकस्मिक दुर्घटना प्रतीत होती है और मामले की जांच की जा रही है।

**सार-समाचार**

## विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर का जन्मदिन मनाया गया



**रीवा देशबन्धु।** म0प्र0 विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के जन्मदिवस पर भाजपा ने मनकामनेश्वर शिव मंदिर, कोठी में अभिषेक, पूजा अर्चना कर दीर्घायु होने की कामना किया एवं फल एवं मिष्ठान वितरण किया गया। उक्त अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, जिला प्रभारी रवीन्द्र चैहान, पूर्व विधायक के पी त्रिपाठी, राजगोपाल चारी, जिला उपाध्यक्ष प्रबोध व्यास, राजेश प्रताप सिंह, श्रीमती मनीषा पाठक, जिला मंत्री श्रीमती गीता मांझी, श्रीमती सुमन शुक्ला, मंडल अध्यक्ष शिवम द्विवेदी, गौरव पाण्डेय, श्रीमती हेमलता सिंह, पूनम मिश्रा, प्रतिमा मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती साधना गुप्ता, श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिध रमाशंकर गुप्ता, कार्यालय मंत्री वीरेश पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम दीनानाथ वर्मा संजीव गुप्ता, मोहित गुप्ता आदि सैकड़ो की संख्या में जन्मदिन पर शामिल हुए।

## मीनाक्षी नटराजन के नामांकन निरस्तीकरण के विरोध में कांग्रेस का दिल्ली में प्रदर्शन, कई नेता हिरासत में



**रीवा देशबन्धु।** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस नेत्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र निरस्त किए जाने के विरोध में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सरकार के इशारे पर असंवैधानिक तरीके से नामांकन पत्र रद्द किया गया, जिसके खिलाफ पार्टी लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही है। जानकारी के अनुसार, प्रदेश कांग्रेस के विधायक एवं वरिष्ठ नेता राष्ट्रपति भवन की ओर मार्च कर राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपने जा रहे थे। इसी दौरान दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकते हुए कई नेताओं को हिरासत में ले लिया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि लोकतांत्रिक विरोध की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। बताया गया है कि प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव हरीश चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, प्रदेश कांग्रेस महासचिव गुरमीत सिंह मंगू सहित कई कांग्रेस नेता दिल्ली के नरेला थाना में निरुद्ध बताए जा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह संघर्ष केवल एक नामांकन पत्र का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता की रक्षा का है। पार्टी का कहना है कि वह न्याय की इस लड़ाई को पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ाएगी और लोकतांत्रिक अधिकारों के संरक्षण के लिए हर संवैधानिक मंच पर आवाज उठाएगी।

## दो दिवसीय शिक्षक प्रेरणा एवं दक्षता संवर्धन कार्यशाला का समापन



**सीधी देशबन्धु।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार विकासखंड सीधी में आयोजित दो दिवसीय (10 से 11 जून 2026) शिक्षक प्रेरणा एवं गुणवत्ता संवर्धन कार्यशाला के द्वितीय बैच का सफ्लतापूर्वक समापन हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों के व्यक्तित्व विकास, शैक्षणिक दक्षता में वृद्धि तथा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना रहा।


बीआरसीसी डॉ. राजेश पाण्डेय ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विद्यालय विकास एवं प्रबंधन, प्रभावी शिक्षण कौशल, टीचिंग-लर्निंग मटेरियल (टीएलएम) के उपयोग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (छम्च-2020), एनसीएफ-2023, प्रयोगशालाओं के शैक्षणिक उपयोग, शिक्षा में नवाचार, शैक्षिक संवाद तथा विद्यार्थियों के अधिगम परिणामों में सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यशाला में नेतृत्व क्षमता एवं टीमवर्क, समावेशी शिक्षा, शिक्षक दक्षता संवर्धन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, एनसीएफ-2023 को विद्यालय स्तर पर लागू करने तथा मिशन अंकुर की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को निपुण बनाने संबंधी विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों में स्व-प्रेरणा, सकारात्मक कार्य संस्कृति और नवाचार आधारित शिक्षण दृष्टिकोण विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यशाला के माध्यम से शिक्षकों को नवीन शैक्षणिक अवधारणाओं और नवाचारों से परिचित कराया गया, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी पहल की गई।

## महाराणा प्रताप जयंती और मुहर्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर जोर



**सीधी देशबन्धु।** आगामी महाराणा प्रताप जयंती एवं मुहर्रम पर्व को जिले में शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ मनाने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर विकास मिश्रा, पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी, नगर पालिका अध्यक्ष काजल वर्मा, विभिन्न समाजों एवं धर्मों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि जिले में सभी पर्व एवं आयोजन सामाजिक समरसता और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हों, यह सुनिश्चित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसी गतिविधि नहीं की जानी चाहिए जिससे जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो। सभी आयोजनों का संचालन प्रशासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाए तथा आपसी भाईचारे और सद्भाव की परंपरा को बनाए रखा जाए।

## अब किताब में दुनिया के पहले व्हाइट टाइगर 'मोहन' की दास्तां




**रीवा देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के विंध्य क्षेत्र की शान व प्रतिष्ठा का पर्याय, दुनिया का पहला व्हाइट टाइगर 'मोहन', जिससे समूचे भारत वर्ष के जंगलों में रह रहे बाघों के दस्तावेजीकरण के युग का सूत्रपात हुआ है। वह जंगल की मांद में तब तक सिमटा,सिमटा, सकुचा, सकुचा पड़ा रहा हैं, जब तक रीवा राज्य के अंतिम शासक महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव की निगाहें उससे दो-चार नहीं हुई थी।

लगभग एक पूरी शताब्दी जंगल की आखेट कथाओं में रहे आए दुनिया के पहले व्हाइट टाइगर %मोहन% की मांद से लेकर गोविंदगढ़ राजमहल में आने तक की सर्वथा अनजानी व अनकही दास्तां अब शीघ्र ही वन्य प्रेमियों और पर्यटकों को पूरी प्रामाणिकता के साथ 'व्हाइट टाइगर, कुदरत की तख़लीक़ का करिश्मा' किताब के रूप में, दुर्लभ चित्रों के साथ देखने और पढ़ने को मिलेगी।

'व्हाइट टाइगर, कुदरत की तख़लीक़ का करिश्मा' मध्यप्रदेश शासन द्वारा एक लाख रुपए की सम्मान निधि के साथ प्रदत्त 'बनारसी दास चतुर्वेदी पत्रकारिता सम्मान' से सम्मानित विंध्य क्षेत्र के शीर्षस्थ वरिष्ठ पत्रकार, लेखक उमाशंकर तिवारी द्वारा रीवा के व्हाइट टाइगर पर किए गए वर्षो के लम्बे शोध व अनुसंधान के बाद लिखी गई एक किताब ही नहीं है बल्कि दुनिया के पहले सफेद बाघ मोहन का एक रोमांचक जिंदगी नामा भी है। जो कि अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर ज्ञानमुद्रा पब्लिकेशन के सौजन्य से प्रकाशित होने जा रही है। देश के प्रतिष्ठित 'ज्ञान मुद्रा पब्लिकेशन' के पब्लिशर वरुण महेश्वरी के अनुसार रीवा राज्य के अंतिम शासक व सफेद बाघों के संरक्षक महाराजा मार्तण्ड सिंह जू देव के रोचक व रोमांचक संस्मरणो से लबरेज ग्यारह अध्यायों की यह किताब प्रकाशन के पूर्व ही वन्य प्रेमी देशी व विदेशी पर्यटकों की पसंद बनती जा रही है।

## अनदेखी : सिरमौर तहसील कार्यालय के जर्जर, भवन में सीपेज छत से प्लास्टर गिरने खतरे की आशंका बनी



**बैकुंठपुर देशबन्धु।** तहसील कार्यालय सिरमौर का जर्जर भवन की छतों, कक्षों में आए दिन प्लास्टर गिरने की आशंका बनी रहती है तहसीलदार कक्ष से लेकर नायब तहसीलदार लेकर सहित कर्मचारियों के कक्ष की हालात खराब है हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ है। लेकिन सुरक्षा व्यवस्था की भारी चूक मानी जा सकती है तहसील कार्यालय बैकुंठपुर सर्किल,लालगांव सर्किल के साथ सिरमौर की प्लास्तर गिर चुका है कई कक्षों की छतों से प्लस्तर गिरने वाला है, रोजाना करीब पांच सौ से अधिक लोगों का आना-जाना होता है। ऐसे में कार्यालय के जर्जर होने से अपने काम से आने वाले ग्रामीणों, अधिवक्ता सहित कर्मचारी डर की स्थिति बनी रहती है

### सर्वर ठप, आईडी बंद- नागरिकों को समय पर कैसे मिले लोक सेवा का मिले लाभ

नागरिकों को समय पर कैसे मिले लोक सेवा सिरमौर में मिले लाभ सिरमौर लोकसेवा में नागरिकों को समय पर लोक सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है यहां तो कभी भी सर्वर ठप हो जाता है।तो आईडी बंद हो जाती है।

आनलाइन कार्य भी प्रभावित हो जाते है,वही दिनभर इंतजार करने के बाद लोग लौट जाते हैं। जब वह दूसरे दिन आते हैं तो फिर वहीं हाल बता दिया जाता है। खसरा ,खतौनी,आय प्रमाण पत्र,स्थानीय निवासी ,जाति प्रमाण पत्र - ईडब्ल्यूएस, नामांतरण ,आरसीएमएस सर्विसेस जैसे अन्य योजनाओं का कार्य किया जाता है

## योग एवं सूर्य नमस्कार को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील

**सीधी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने जिले के समस्त औद्योगिक प्रतिष्ठानों, संस्थानों, श्रमिक संगठनों, नियोजकों एवं श्रमिकों से आगामी 14 जून 2026 को आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम तथा 21 जून 2026 को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है। कलेक्टर ने बताया कि मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मंडल के कल्याण आयुक्त द्वारा योग एवं सूर्यनमस्कार को श्रमिकों की दैनिक जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों के लिए विशेष पहल की गई है। इसके अंतर्गत ''योग एसेंशियल्स एंड सूर्यनमस्कार'' की अवधारणा साझा करते हुए श्रमिकों को नियमित रूप से योग एवं सूर्यनमस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग एवं सूर्यनमस्कार न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि मानसिक संतुलन, कार्यक्षमता एवं सकारात्मक जीवनशैली के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## बायपास निर्माण में लगी केसीसी कंपनी के वाहनों पर परिवहन विभाग की कार्रवाई

### बिना दस्तावेज ट्रक जब्त



**रीवा देशबन्धु।** जिले में नवनिर्मित बाईपास के निर्माण कार्य में लगी केसीसी कंपनी के वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच के दौरान पाया गया कि निर्माण कार्य में लगे अधिकांश वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा तथा मध्य प्रदेश राज्य मोटरयान कर संबंधी दस्तावेज अद्यतन नहीं हैं।परिवहन विभाग की टीम ने केसीसी कंपनी के कैंप पहुंचकर वाहन संचालकों एवं प्रबंधन को निर्देश दिए हैं कि वे तीन दिवस के भीतर सभी वाहनों के वैध दस्तावेज एवं मोटरयान कर जमा करने संबंधी अभिलेख प्रस्तुत करें।

इसी अभियान के तहत शुक्रवार को एक ट्रक बिना आवश्यक दस्तावेजों के सड़क पर संचालित होता पाया गया। परिवहन विभाग ने उक्त ट्रक को जब्त कर परिवहन कार्यालय रीवा परिसर में खड़ा करा दिया है।विभागीय अधिकारियों के अनुसार यदि वाहनों के दस्तावेज मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप नहीं पाए गए तो संबंधित वाहन मालिकों एवं संचालकों पर मध्य प्रदेश मोटरयान अधिनियम के तहत शमन शुल्क एवं अन्य निर्धारित शास्ति अधिरोपित कर राजस्व की वसूली की जाएगी।परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा एवं वैधानिक नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## गर्मी की तपन में तारीख पे तारीख, कैसी सुधरेंगी सिरमौर तहसील की व्यवस्था

***तहसील परिसर में आइए तो पानी की बोतल साथ लाइए, वरना रह जाएंगे प्यासे***

**सिरमौर देशबन्धु।** सिरमौर तहसील के अलावा बैकुंठपुर एवं लालगांव सर्किल का इन दिनों हाल ए बेहाल हो चुका है रोज रोज के चक्कर में किसान पक्षकार का सब्र टूटने के कगार पर है तहसील कार्यालय में दुर्दशा का आलम है और फ़ाइल फैसले के इतंजार में तारीख पे तारीख मिल रही है न जाने कितने पक्षकार ,किसान ,रोजना वापस लौट जाते है और केशो की फाइले पर सुनवाई नही होने से पेडिंग में पड़ी हुई है जेठ जैसी गर्मी और लू जैसा तपन ऐसे में गुरुवार को पक्षकार,किसान कोई नकल के लिए खसरा,खतौनी,ऋण, पीएम सम्मान निधि पेशी को लेकर आए थे जिन्हें सर्वर आईडी चालू होने का बहाना बताकर लौटा दिया गया वही कार्यलय में कागजो की फाइले नीचे पड़ी धूल खा रही थी और स्वच्छता के नाम पर पूरा कार्यलय के चारो तरफ गन्दगी मकड़ी के जाले और कार्यलय के अंदर रेता देखने को मिला मनो सफाई का कहि नमो निशान नही है सिरमौर तहसील कार्यलय में पक्षकारों एवं,किसानों को तो हाल ऐसा है कि जब तहसील आइए तो पानी की बोतल साथ लाइए वरना प्यास लगने पर इधर-उधर भटकना पड़ेगा। क्योंकि तहसील परिसर में पीने के पानी का कोई इंतजाम नहीं है। वादकारी और अधिवक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ती है। सरकारी दफ्तरों टूटी कुर्सियां ,गंदगी की ब्यू जैसे ही तहसील कार्यलय के अंदर प्रवेश द्वार से अंदर पहुंचने पर गंदगी की ब्यू शौचालय कक्ष में धूल,गुटके की पन्नियां और लोगो की पीक, मकड़ी के जाले,देखे गए जहा स्वच्छता मिशन अभियान फेल दिखा इसके साथ ही पटवारी कार्यालय सहित अन्य कार्यालय की कुर्सियां टूटी और साफ सफाई के अभाव में खराब हो रही है बड़ा दुर्भाग्य है प्रत्येक विभाग की टेबिल की जवाबदेही तय है। परंतु राजस्व विभाग में इसका नामोनिशान नहीं। नामांतरण हो या सीमांकन आज समूचे सिरमौर से लेकर जिले और प्रदेश में हाहाकार मचा है हत्याएं हो रही है, और उसका सबसे बड़ा सूत्रधार राजस्व विभाग से है पश्चात पुलिस नामांतरण में भू स्वामी का नाम छोड़ देना ,कहीं भूमि का नम्बर छोड़ देना जिसके चलते किसान कचेहरी एसडीएम. कलेक्टर न्यायालय के चक्कर काट रहे समय धन दोनों बर्बाद कर रहे कर्मचारी दोष मुक्त रहता है। दुर्भाग्य से अगर भू स्वामी समान्य कर्मचारी हैं तो उसकी तो इतनी फजीहत होती है कि वह इन कार्यालयों के चक्कर काटे या चाकरी करें।



## शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जन कल्याण शिविरों का आयोजन

**सभी पात्र हितग्राहियों को अनिवार्यत: लाभान्वित करें: कलेक्टर**



**मऊगंज देशबन्धु।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शासन के निर्देशों के अनुरूप 12 जून से 16 जून तक जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शहरी क्षेत्र के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को शिविर का नोडल अधिकारी बनाया गया है। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने निर्देश दिये कि शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं के छूटे हुए पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाकर उन्हें योजनाओं से अनिवार्यत: लाभान्वित करें। शिविरों के माध्यम से शासन की प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। शिविर में आमजनता से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को संबंधित विभागों के माध्यम से सात दिन की समय सीमा में निराकृत करने की व्यवस्था भी की गई है।

## पाकिस्तान: बन्नू में हथियारबंद हमलावरों का कहर, दो पुलिसकर्मियों की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद, (आईएएनएस)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में अलग-अलग घटनाओं में हथियारबंद हमलावरों की गोलीबारी में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को एक पुलिस कांस्टेबल किसी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहा था। तभी बन्नू-मीरानशाह रोड पर अज्ञात हमलावरों ने उस पर गोली चला दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। एक दूसरी घटना में, एक और पुलिस कांस्टेबल को उसके घर के बाहर अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में हमलावरों को पकड़ने के लिए संबंधित इलाकों में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। इससे पहले इसी हफ्ते, पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के किला अब्दुल्ला, पिशिन और डुकी जिलों में पुलिस ठिकानों पर हुए हमलों में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य घायल हो गए थे। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी।

# किम जोंग उन के देश में भेज दिए थे ड्रोन, दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति को 30 साल की सजा

दक्षिण कोरिया के पूर्व उपराष्ट्रपति यून सुक येओल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक अदालत ने उन्हें उत्तर कोरिया पर ड्रोन अटैक करने के मामले में 30 साल कैद की सजा सुना दी है। उनपर 2024 में देश में मार्शल लॉलागू करने और सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक अक्टूबर 2024 में येओल ने उत्तर कोरिया की सीमा में ड्रोन भेज दिए थे जिसके बाद तनाव काफी बढ़ गया था। ऐसे में उन्हें युद्ध जैसी स्थितियां पैदा करने का दोषी पाया गया।

**पहले भी हो चुकी है उम्रकैद**– अभियोजन पक्ष ने पूर्व राष्ट्रपति के लिए 30 साल की सजा की मांग की थी। हालांकि युन ने सभी आरोपों से इनकार किया और कहा कि उन्होंने देश के खिलाफ कोई गद्दारी नहीं कीहै। इससे पहले करिया की एक अदालत ने उनपर मार्शल लॉ लागू करने और विद्रोह में प्रमुख भूमिका निभाने के आरोप में उम्रकैद की सजा सुना दी थी। यून के खिलाफ महाभियोग लाया गया था जिसे संवैधानिक अदालत ने बरकरार रखा और फिर उन्हें पद से हटा दिया गया। ड्रोन उड़ाने वाले मामले की वजह से अब भी उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया में तनाव बना हुआ है। वर्तमान राष्ट्रपति ली जे म्यंग ने खेद जताते हुए कहा कि इस



तरह के अनावश्यक तनाव से केवल देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान होता है। जांच में सामने आया था कि पूर्व राष्ट्रपति के शासनकाल में उत्तर कोरिया में ड्रोन तैनात कर दिए गए थे। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के बयान को बुद्धमानी बाताय है। बता दें कि 65 साल के यून सुक येओल ने दिसंबर 2024 में सेना और पुलिस बलों की मदद से संसद पर नियंत्रण करने की कोशिश की थी। उनपर आरोप है कि उन्होंने नेशनल असेंबली को अवैध तरीके से कब्जाने का प्रयास किया था। बादमें उन्होंने कहा कि राष्ट्रविरोधी ताकतों को रोकने के लिए उन्होंने ऐसा किया था।

# पाकिस्तान नहीं, यहां हो सकता है अमेरिका और ईरान के बीच समझौता, डोनाल्ड ट्रंप ने किया दावा

अमेरिका और ईरान के बीच समझौता करवाने का क्रेडिट लेने के पीछे पाकिस्तान लंबे समय से पड़ा हुआ है। पाकिस्तान में एक बार वार्ता फेल भी हो चुकी है। वहीं अब डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि दोनों देशों के बीच समझौता बेहद करीब है लेकिन पाकिस्तान में समझौते पर हस्ताक्षर नहीं होंगे बल्कि यह डील यूरोप में फाइनल होगी। ट्रंप ने दावा किया को दोनों देशों के बीच बड़ा समझौता होने वाला है। हालांकि ईरान ने इस बात से इनकार कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप से जब सवाल किया गया कि क्या ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतभा खामेनेई डील को लेकर तैयार हो गए हैं तो उन्होंने कहा, मैं जानता हूं उनका जवाब हां में ही हैं। ट्रंप ने कहा कि ईरान परमाणु हथियार छोड़ने को तैयार है। वे ना तो परमाणु हथियार खरीदेंगे और ना ही खुद विकसित करेंगे। ट्रंप ने कहा, हाल ही में स्थितियां बहुत गंभीर हो गई थीं। जो कुछ भी हुआ, मैं करना नहीं चाहता था। लेकिन कई बार हमला करना भी जरूरी हो जाता है।

**टकराव बढ़ा फिर नरम पड़े ट्रंप**– बीते तीन दिन से ईरान और अमेरिका में फिर से टकराव बढ़ गया था और युद्धिराम का उल्लंघन करते हुए दोनों तरफ से हमले होने लगे थे। इसके बाद गुरुवार को ट्रंप ने कहा कि वह अब ईरान पर हमला नहीं करना चाहते। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने यह कदम इस आधार पर उठाया है कि ईरान के साथ बातचीत ईरानी नेतृत्व के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच चुकी है और उसे मंजूरी मिल चुकी है। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि नाजुक युद्धविराम को बढ़ाने की बातचीत में प्रगति हुई है। उन्होंने पोस्ट किया कि चर्चाएं और अंतिम बिंदु, दोनों ही अवधारणा और विस्तृत स्तर पर, अमेरिका, इजराइल और अन्य क्षेत्रीय सहयोगियों द्वारा स्वीकृत कर दिए गए हैं।% हालांकि उन्होंने इस बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी।

**तेल उद्योग पर कब्जा करने वाले थे ट्रंप?**– इस नरमी से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को बहुत ही जोरदार हमला करने और तेल उद्योगों पर कब्जा कर लेने की धमकी दी थी। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ते ही दुनियाभर के बाजार भी अस्थिर हो जाते हैं। खास तौर पर तेल का बाजार तुरंत भाव खाने लगता है। डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खार्ग द्वीप पर कब्जा करे की धमकी कई बार दे चुके हैं।

## आज का इतिहास

1290– खिलजी प्रमुख जलालुद्दीन फिरोजशाह दिल्ली की गद्दी पर बैठा और इसके साथ ही गुलाम वंश के शासन का अंत हुआ।
1731– स्वीडिश ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना।
1757– बंगाल, बिहार और उड़ीसा के नवाब सिराजुद्दौला से युद्ध करने के लिए ईस्ट इंडिया कंपनी के रॉबर्ट क्लाइव ने मुर्शिदाबाद की तरफ कूच किया।
1888– अमेरिकी कांग्रेस ने श्रम विभाग का गठन किया।
1909– केरल के पालाघाट में ई एम एस नंबूदरिपाद का जन्म।
1932– ब्रिटेन ने 72 वर्षों तक स्वेज नहर का नियंत्रण अपने कब्जे में रखने के बाद उसे मिस्र को सौंपा।
1940– देश के महान क्रांतिकारी ऊधम सिंह को लंदन में फांसी दी गई। उन्हें जनरल ओ डायर की हत्या का दोषी ठहराया गया।
1943– नेताजी सुभाष चंद्र बोस जर्मनी से तोक्यो पहुंचे।
1944– बान की मून का जन्म। संयुक्त राष्ट संघ के आठवें महासचिव थे।

## सुडोकू 7300

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 2 | 3 | | 7 | | | |
| 3 | | 5 | | 9 | | | | |
| | | | 6 | | | | | |
| | 7 | 9 | | | | | 3 | 5 |
| | 2 | | 7 | | 4 | | 9 | |
| 5 | 4 | | | | | 2 | 8 | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | | | 6 | | 7 | | 1 |
| | | | 5 | | 9 | 8 | 6 | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## पीएमईजीपी लोन घोटाले में 19 के खिलाफ मामला दर्ज

**श्रीनगर।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत लोन मंजूर करने और उनके वितरण में कथित अनियमितता मामले में 19 लोगों, जम्मू-कश्मीर बैंक के अज्ञात अधिकारियों और अज्ञात सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीएमईजीपी एक केंद्रीय योजना है जो ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में रोजगार करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

## राजद प्रदेश कार्यालय में मनाया गया लालू यादव का जन्मदिन

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश कार्यालय में प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव का 79वां जन्मदिन मनाया गया। राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय महासचिव बीनू यादव, विधायक भाई वीरेंद्र सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के 79 वें जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर उन्हें जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं व दीर्घायु होने की कामना की।

## मुंबई की रिहायशी इमारत में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के उपनगर जुहू इलाके में गुरुवार सुबह एक बहुमंजिला रिहायशी इमारत में आग लग गई हालांकि इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की सूचनी नहीं है। अग्निशामक दल के सूत्रों के अनुसार, घटना सुबह 7:43 बजे जुहू में आरोग्य निधि अस्पताल के पास स्थित मनीषा बिल्डिंग में हुई। आग इमारत की छठी मंजिल पर लगे एक एसी यूनिट तक ही सीमित रही। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने के लिए चार दमकल गाड़ियां और अग्निशमन अन्य वाहन लगाए गए। दमकल कर्मियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

## वज्रपात की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत

**खगड़िया।** बिहार के खगड़िया जिले में गुरुवार को वज्रपात की अलग-अलग घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई, तथा कई अन्य लोग झुलस गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गोगरी अनुमंडल क्षेत्र के कन्हौली बहियार में आज सुबह बारिश के दौरान वज्रपात होने से पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान 62 वर्षीय विधानंद यादव, उनके पुत्र आशुतोष यादव तथा अंकेश कुमार के रूप में की गई है। घटना में कई अन्य लोग भी झुलस गए हैं। सूत्रों ने बताया कि बेलदौर प्रखंड के बलेठा पंचायत अंतर्गत नारदपुर गांव निवासी मणिलाल कुमार की भी वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई।

# पाकिस्तान अपना रक्षा बजट बढ़ाने की फिराक में, 3000 अरब रुपये का टारगेट, क्या है मंसूबा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान अपना वार्षिक बजट पेश करने वाला है। इसमें रक्षा व्यय लगभग 3000 अरब पाकिस्तानी रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तानी सशस्त्र बलों ने 20–25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की मांग की थी, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के दबाव के कारण इसे मात्र 6.6 प्रतिशत तक सीमित रखा जा रहा है। पिछले साल रक्षा बजट 2550 अरब रुपये के आसपास था। यह बढ़ोत्तरी काफी मायने रखती है। साथ ही, आर्थिक चुनौतियों के बीच सैन्य प्राथमिकताओं को बनाए रखने का संकेत देती है। बजट पेश करने से पहले पाकिस्तान में आर्थिक निर्णय लेने की प्रक्रिया में गतिरोध देखा गया। नेशनल इकोनॉमिक काउंसिल की बैठक तीसरी बार स्थगित कर दी गई, क्योंकि केंद्र सरकार और प्रांतों के बीच सहमति नहीं बन पाई। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में विकास बजट और आर्थिक लक्ष्यों को मंजूरी देनी थी, लेकिन खर्च की प्राथमिकताओं, राजस्व बंटवारे और कटौती पर मतभेद बने रहे।

**पाकिस्तान पर आईएमएफ का दबाव भी कर रहा काम**– पाकिस्तान पर खर्च सख्त करने और टैक्स बेस बढ़ाने के लक्ष्यों को पूरा करने का दबाव बना रहा है, जबकि प्रांत अपने हिस्से में कटौती का विरोध कर रहे हैं। सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर रक्षा बजट को सबसे अहम क्षेत्र माना जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और अफगानिस्तान के साथ जारी तनाव और आंतरिक सुरक्षा जरूरतों के कारण सैन्य मांगें मजबूत हैं। बजट में घोषित धन के अलावा वर्ष के दौरान अतिरिक्त फंड भी मिल सकते हैं। ऐसा करने से विकास कार्यों के फंड पर असर पड़ सकता है। आईएमएफ ने संघीय राजस्व को 13 प्रतिशत से अधिक बढ़ाकर 17.14 ट्रिलियन पीकेआर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

# नहीं रहीं थाइलैंड की भावी रानी, 3 साल से कोमा में थीं प्रिंसेज भा, अब कौन संभालेगा राजगद्दी?

थाईलैंड की भावी शासक राजकुमारी, बज्रकितियाभा का निधन हो गया है। शुक्रवार सुबह शाही परिवार ने एक बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है। राजा महा वजिरालॉन्गकॉर्न की सबसे बड़ी बेटी और देश की सबसे लोकप्रिय शाही हस्तियों में से एक, 'प्रिंसेस भा' पिछले साढ़े 3 साल से लाइफ सपोर्ट सिस्टम के सहारे कोमा में थीं। अब उनकी मौत से पूरे देश में शोक की लहर दौ? गई है। पैलेस द्वारा जारी बयान के मुताबिक, 47 वर्षीय राजकुमारी बज्रकितियाभा ने बैंकॉक के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। इससे पहले शाही परिवार ने बीते दिनों एक बयान जारी कर बताया था कि उनकी हालत बिगड़ती जा रही है। मेडिकल टीम ने बताया था कि उनके पेट और आंतों में इन्फेक्शन फैल गया था और उनके कई अंदरूनी अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद स्थानीय समयानुसार गुरुवार रात उनका निधन हो गया।

**दिसंबर 2022 में हो गई थीं बेहोश**– राजकुमारी बज्रकितियाभा दिसंबर 2022 में बैंकॉक में अपने पालतू कुत्तों को वॉक कराने के दौरान अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी थीं। डॉक्टरों के मुताबिक, दिल में माइकोप्लाज्मा इन्फेक्शन के कारण अचानक उनकी दिल की धड़कनें पूरी तरह अनियमित हो गई थीं। इससे उनके दिमाग में ऑक्सीजन की कमी हुई और वह कोमा में चली गईं। तब से उन्हें मशीनों के सहारे ही जीवित रखा गया था।

**सबसे योग्य उत्तराधिकारी थीं प्रिंसेज भा**– राजकुमारी को यहां के लोग प्यार से प्रिंसेज भा कहा करते थे। राजा वजिरालॉन्गकॉर्न की पहली पत्नी सोअमसावली से जन्मीं प्रिंसेज भा का जन्म 7 दिसंबर 1978 को हुआ था। वह अपने पिता की सात संतानों में सबसे बड़ी थीं। बचपन से ही वे काफी मेधावी थीं। आगे चलकर वे वह एक बेहद काबिल वकील थीं। उन्होंने अमेरिका की प्रतिष्ठित कॉर्नेल यूनिवर्सिटी से कानून में एलएलएम और डॉक्टरेट की डिग्रियां हासिल की थीं। इसके बाद उन्हें राजघराने से अहम जिम्मेदारियां भी मिलीं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में थाई मिशन के लिए काम किया। इसके बाद वे 2012 से 2014 तक ऑस्ट्रिया में थाईलैंड की राजदूत रहीं। इसके अलावा प्रिंसेज भा ने थाईलैंड की जेलों में बंद महिला कैदियों की स्थिति सुधारने और ड्रग्स मामलों में मिलने वाली कड़ी सजाओं के खिलाफ कानून में बड़े सुधारों की वकालत भी की थी। 2021 में उनके पिता ने उन्हें अपनी पर्सनल बॉडीगार्ड विंग का चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया था और उन्हें जनरल की रैंक दी थी।

**थाईलैंड के सिंहासन का अगला वारिस कौन?**– राजकुमारी बज्रकितियाभा के निधन से थाईलैंड में उत्तराधिकार को लेकर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। 73 वर्षीय राजा वजिरालॉन्गकॉर्न ने अभी तक आधिकारिक रूप से अपने उत्तराधिकारी का नाम घोषित नहीं किया है। प्रिंसेस भा के निधन से पहले उन्हें ही सबसे योग्य उम्मीदवार माना जा रहा था। हालांकि सालों पहले थाईलैंड के कानून में महिला उत्तराधिकारी का प्रावधान नहीं था। लेकिन 1974 में संविधान संशोधन के बाद इन नियमों में बदलाव किए गए थे। प्रिंसेज भा की मौत के बाद सबसे अहम दावेदार 21 वर्षीय प्रिंस दिपंगकोर्न हैं। वे राजा की तीसरी पत्नी से पैदा हुए इकलौते बेटे हैं और फिलहाल एकमात्र वैध पुरुष उत्तराधिकारी भी हैं।

हालांकि कम उम्र में इतनी बड़ी जिम्मेदारी संभालने की उनकी क्षमताओं पर सवाल उठ रहे हैं। इससे पहले राजा के अन्य चार बेटे भी थे। हालांकि राजा ने अपनी दूसरी शादी से हुए चार बेटों को 1996 में ही राजघराने से बेदखल कर दिया था। वे अपनी मां के साथ अमेरिका में रहते हैं और उनका शाही हक खत्म हो चुका है।

## वर्ग पहेली 7300

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१ वह पात्र जिसमें शवदाह के बाद मृतक की हड्डियों को रखा जाता है
१. अव्यवस्था,, गोलमाल, घपला
६. पढ़ा-लिखा,साक्षर
७. बुद्धिमान
८. बंदीगृह
१०. सौदे आदि में मध्यस्थता करने वाला
११. प्रज्वलित होना, जोर से जल उठना, क्रुद्ध होना. चौंकना, बिदकना
१३. जीत, फतह
१४. हरगिज
१५. बंधुत्व
१७. ऊंट के नाक में डाली जाने वाली रस्सी
१९. कमल
२१. कामयाबी
२४. सूर्य किरण

**ऊपर से नीचे:-**
१. जिनके पास कुछ न हो, अति निर्धन, वह वस्तु जिसका कोई मूल्य न हो
२. असह्य, अधिक मेहनत वाला काम (उपमा)
३. चंद्रमा के समान सुंदर मुख वाली
४. बीता हुआ समय
५. उपद्रव, दंगा १ (उर्दू)
९. 'टाईम कीपर
११. हित, कल्याण, अच्छा
१२. भैंस का नर बच्चा
१३. जंगल, वन
१४. दया, अनुकंपा
१५. किस्मतवर
१६. चायलूस
१८. सिर्फ, मात्र
१९. चंद्रमा, चंद्रमा का धब्बा
२०. चिपकने का गुण
२३. करतल ध्वनि

### वर्ग पहेली–7299

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ रा | ष्ट्र | २ कु | ल | ■ | ■ | ३ त | ह | ४ नि | शां |
| ज | ■ | कु | ■ | ५ ध | तू | रा | ■ | र्मो | ■ |
| ६ ह | ड़ | ब | ड़ा | ना | ■ | ७ श | क्ति | ही | ८ न |
| ठ | ■ | खा | ■ | ९ गा | ड़ | ना | ■ | ■ | ग |
| ■ | १० अ | ना | ११ का | र | ■ | ■ | १२ आ | तु | र |
| ■ | द | ■ | ट | ■ | १३ जि | ज्ञा | सा | ■ | ज |
| १४ ब | द | १५ ल | ना | ■ | ल्ल | ■ | १६ र | १७ स | न |
| हा | ■ | घु | ■ | १८ व | त | १९ न | ■ | मू | ■ |
| २० दु | र्दां | त | ■ | र्षा | ■ | २१ मि | थ्या | चा | २२ री |
| र | ■ | २३ म | न | ग | ढ़ं | त | ■ | ■ | ढ़ |


युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**सुरक्षा** | अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा का मुख्य जिम्मा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के हवाले

# सुरक्षा उपायों व आतंकवाद विरोधी अभियानों में आई तेजी

**जम्मू, (देशबन्धु)। हर बार की ही तरह इस बार भी अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा का मुख्य जिम्मा केरिपुब के हवाले किया गया है। यही कारण है कि यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं है कि अमरनाथ यात्रा को सकुशल सम्पन्न करवाने जुटे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों के लिए अमरनाथ यात्रा किसी भगीरथ प्रयास से कम नहीं है। अतीत में आतंकी धमकियां मिलने के बाद इसकी सुरक्षा का भार उसके कंधों।**

पर ही आता है और अब हर साल उसकी यह जिम्मेदारी बन चुकी है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (केरिपुब) ने वार्षिक अमरनाथ यात्रा से पहले पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा उपायों और आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज कर दिया है, जिसका लक्ष्य पवित्र यात्रा पर आने वाले लाखों भक्तों के लिए एक सुरक्षित और घटना-मुक्त तीर्थयात्रा सुनिश्चित करना है। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं को सुरक्षा प्रदान करने का जिम्मा हर बार की तरह इस बार भी पूरी तरह से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कांधों पर है जिसे अमरनाथ यात्रा



■ तीन जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलेगी पवित्र यात्रा

के मोर्चे पर दर्जनों अधिक अतिरिक्त कम्पनियों को तैनात करना पड़ेगा। 'यह कार्य कोई आसान नहीं है। तीन जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक कुल 57 दिनों की इस पवित्र यात्रा के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था को अभूतपूर्व स्तर तक मजबूत कर दिया है। जम्मू शहर में श्रद्धालुओं के ठहरने के स्थान से लेकर गुफा तक उन्हें पहुंचाने और फिर वापस लौटाने का टास्क कम मेहनत और खतरों से भरा हुआ नहीं है, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी कहते हैं। बकौल उनके 'पहले से ही राज्य में 100 कंपनियां थीं केरिपुब की और 74 के करीब अतिरिक्त कम्पनियों को भी अन्य राज्यों तथा रिजर्व कोटे से तैनात करने की तैयारी चल रही है। बढ़ी हुई सुरक्षा ग्रिड के हिस्से के रूप में, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय में, पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर की ओर जाने वाले पहलगाम और बालटाल अक्षों पर क्षेत्र प्रभुत्व अभ्यास, आतंकवाद विरोधी अभियान, मार्ग स्वच्छता और निगरानी गतिविधियों को तेज कर दिया है।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा बल संवेदनशील इलाकों में कड़ी निगरानी रख रहे हैं और तीर्थ यात्रा शुरू होने से पहले किसी भी संभावित खतरे को बेअसर करने के लिए नियमित तलाशी अभियान चला रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए उन्नत निगरानी उपकरण, ड्रोन, सीसीटीवी नेटवर्क और त्वरित प्रतिक्रिया टीमों को भी तैनात किया जा रहा है। जम्मू शहर में जहां उनके आधार शिविर और ठहरने के स्थानों को सुरक्षा प्रदान करने का जिम्मा उनका होगा साथ ही प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं को लेकर उनके वाहनों को जम्मू से पहलगाम तक पहुंचाने का जिम्मा भी सीआरपीएफ का है। इसके लिए सीआरपीएफ को दो सेक्टरों में बांटा जाएगा। जम्मू से रवाना होने वाले एस्कार्ट वाहन सिर्फ जवाहर टनल तक जाते हैं और वहीं से वापस आने वालों के जत्थों को लेकर लौटते हैं।




# अफगानिस्तान के खिलाफ वन डे सीरीज जिताने को बेताब गिल

## दोनों देशों के बीच हुए चार वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत ने तीन मैच जीते और जबकि एक टाई रहा

- भारत को रोहित व श्रेयस अय्यर से बड़ी पारी की उम्मीद

नई दिल्ली, 12 जून (देशबन्धु)। शुभमन गिल के हौसले शतक जमा रंग में होने और भारत को अफगानिस्तान के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ में हाल ही में इकलौता क्रिकेट टेस्ट मैच जिताने से बेशक बुलंद होंगे। शुभमन गिल अब भारत को अफगानिस्तान के खिलाफ धर्मशाला में शनिवार से शुरू हो रहे तीन वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज के पहले मैच में जीत के साथ आगाज कर बतौर कप्तान पहली वन डे सीरीज भी जिताने को बेताब होंगे। दोनों देशों के बीच अब तक हुए चार वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में भारत ने तीन मैच जीते और जबकि एक टाई रहा है। भारत की कोशिश बेशक अपना दबदबा बनाने की जरूर होगी लेकिन क्रिकेट के दोनों छोटे फॉर्मेट में अफगानिस्तान खासी मजबूत है। ऐसे में मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत इस साल जनवरी में मेहमान न्यूजीलैंड से वड़ोदरा का पहला मैच जीतने के बाद अगले लगातार दो मैच हार कर तीन वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों




भारत बनाम अफगानिस्तान वनडे मैच

की सीरीज 1-2 से हार गया था। इस हार को लेकर तब भारत के कप्तान शुभमन गिल और चीफ कोच गौतम गंभीर की खासी आलोचना हुई थी। 2027में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के लिए सही तैयारियों के मद्देनजर भारत के लिए अफगानिस्तान से यह तीन वन डे मैचों की सीरीज जीतनी बेहद जरूरी है। अब केवल वन डे अंतर्राष्ट्रीय खेल रहे रहे दो सबसे अनुभवी सदाबहार विराट कोहली और रोहित शर्मा के अनुभव की भारत को दक्षिण अफ्रीका में 2027 के वन डे विश्व कप में बेशक बहुत जरूरत होगी और वह चाहेगा कि ये दोनों पूरी तरह फिट रहें।

अगले वन डे विश्व कप के शुरू होने तक विराट कोहली भले ही 39 और रोहित शर्मा 40 बरस के हो जाएंगे लेकिन दक्षिण अफ्रीका की तेज और ऐसी पिचें जहां गेंद बहुत मूव होती है उन पर इन दोनों का अनुभव खासा कारगर रहेगा। ऐसे में 2027 के वन डे विश्व कप के लिए भारत की एकादश में इनकी जगह तय मानी जानी चाहिए इसके लिए बेवजह सवाल उठाने की जरूरत नहीं है।

दोनों टीमें आखिरी बार आईसीसी 2023 वन डे क्रिकेट विश्व कप के मैच जब भिड़ी तो तब अभी टीम में शामिल रोहित शर्मा के शतक और इशान और श्रेयस की बड़ी पारियों से भारत ने अफगानिस्तान पर दिल्ली में एकतरफा मैच आठ विकेट से हराया और तब की टीम के पांच खिलाड़ी भारतीय टीम में हैं।वहीं अफगानिस्तान की टीम में उसके लिए वन डे विश्व कप मे खेलने वाले सात खिलाड़ी मौजूदा टीम में है। विराट कोहली के जांघ की मांसपेशी में खिंचाव के चलते उपलब्ध नहीं होने पर दिलचस्प यह होगा कि रंग में चल रहे रोहित शर्मा के साथ यशस्वी भारत की पारी का आगाज करते हैं अथवा इशान किशन। भारत के लिए तीसरे नंबर पर उपकप्तान श्रेयस अय्यर, चौथे पर कप्तान शुभमन गिल,पांचवें पर केएल राहुल और फिर ऑलराउंडर वाशिंगटन, नीतिश रेड्डी व हर्ष दुबे, कुलदीप यादव ,अर्शदीप और बाकी तेज गेंदबाजों में कोई एक बल्लेबाजी के लिए उतरेगा।

### इतिहास रचने की दहलीज पर रोहित शर्मा, तोड़ेंगे 37 साल पुराना रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज का आगाज 13 जून से होने जा रहा है। सीरीज का पहला मुकाबला धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। रोहित शर्मा को वनडे सीरीज में खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया गया है। रोहित पहले वनडे मुकाबले में मैदान पर उतरने के साथ ही खास उपलब्धि हासिल कर लेंगे। दरअसल, धर्मशाला के मैदान पर अफगानिस्तान के खिलाफ अगर रोहित शर्मा पहला वनडे मुकाबला खेलते हैं, तो वह भारत की ओर से एकदिवसीय क्रिकेट मैच खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएंगे। रोहित 37 साल पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त करेंगे, जो अभी मोहिंदर अमरनाथ के नाम दर्ज है। मोहिंदर ने 39 साल और 36 दिन की उम्र में अपना आखिरी वनडे मुकाबला खेला था। वहीं, शनिवार (13 जून) को रोहित की उम्र 39 साल और 44 दिन होगी। ओवरऑल रिकॉर्ड की बात करें, तो वनडे क्रिकेट के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी नीदरलैंड्स के नोलन क्लार्क रहे हैं, जिन्होंने एकदिवसीय मुकाबला 47 साल और 257 दिन की उम्र में खेला था। रोहित ने आखिरी वनडे सीरीज न्यूजीलैंड के खिलाफ इस साल की शुरुआत में खेली थी। तीन मुकाबलों की सीरीज में रोहित का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। ऐसे में अफगानिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम के पूर्व कप्तान से फैंस को दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। 50 ओवर के फॉर्मेट में रोहित का रिकॉर्ड अफगानिस्तान के खिलाफ दमदार रहा है।

### भारत न्वन डे टीम

शुभमन गिल (कप्तान),श्रेयस अय्यर(उपकप्तान), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन(विकेटकीपर), नीतिश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव, गुरनूर बराड़, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, हर्ष दुबे।

### अफगानिस्तान वन डे टीम

हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, सादिकउल्लाह अटल, दरवेश रसूली, रहमत शाह, इकरम अलीखिल (विकेटकीपर), मोहम्मद नबी, अजमतुलल्लाह ओमरजइ, राशिद खान, नंगयाल खरोटी, गजनफर, जिया उर रहमान शरीफी, फरीद मलिक, बिलाल समी, मोहम्मद सलीम।


**शनिवार का वन डे मैच : भारत वि अफगानिस्तान ( धर्मशाला ), दोपहर डेढ़ बजे से।**

---

### जीत के साथ दक्षिण कोरिया का आगाज

## रोमांचक मुकाबले में चेकिया को 2-1 से हराया

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियांस)। फीफा वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत साउथ कोरिया ने जीत के साथ की है। रोमांच के भरपूर मुकाबले में टीम ने चेकिया को 2-1 से हराया। साउथ कोरिया ने मैच के दूसरे हाफ में 1-0 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की।




मैच के आगाज के साथ ही साउथ कोरिया और चेकिया की टीम को शुरुआत में गोल करने के कई मौके मिले, लेकिन दोनों ही टीमें इस भुनाने में नाकाम रहीं। मैच के 9वें मिनट में साउथ कोरिया के पास मिली फ्री किक से बढ़त बनाने का शानदार मौका था, लेकिन चेकिया के डिफेंस ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। 11वें मिनट में साउथ कोरिया की टीम कॉर्नर का भी फायदा उठाने में नाकाम रही। पहले हाफ में कोरिया ने चेकिया के डिफेंस पर दबाव तो खूब डाला, लेकिन उनके डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे। चेकिया कोपहले हाफ में दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर सकीं। हालांकि, दूसरे हाफ की शुरुआत से ही चेकिया ने आक्रामक खेल दिखाया और टीम को मैच के 59वें मिनट में सफलता हाथ लगी। लाडिसलाव क्रेजकी ने बेहतरीन हेडर के जरिए शानदार गोल करते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, 0-1 से पिछड़ने के बाद साउथ कोरिया ने मैच में शानदार वापसी की। 67वें मिनट में हांग इन बियोम ने टीम की ओर से पहला गोल दागा और स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद 80वें मिनट में ओह हियोन ग्यू ने साउथ कोरिया को मुकाबले में लीड दिला दी। मैच में 2-1 की बढ़त बनाने के बाद साउथ कोरिया ने चेकिया को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। चेकिया ने आक्रामक खेल दिखाते हुए गोल करने का कई बार प्रयास किया, लेकिन साउथ कोरिया के डिफेंस को नहीं भेद सका।

### कोच ब्रूज ने उठाए रेफरी के फैसले पर सवाल

नई दिल्ली। फीफा वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत साउथ अफ्रीका के लिए अच्छी नहीं हुई है। टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका को मेक्सिको के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। हार के बाद साउथ अफ्रीका टीम के मुख्य कोच ह्यूगो ब्रूज ने मैच के दौरान रेफरी के फैसले पर सवाल खड़े किए। मेक्सिको के खिलाफ साउथ अफ्रीका का डिफेंस काफी कमजोर नजर आया। मैच के दौरान साउथ अफ्रीका को 9 खिलाड़ियों के साथ खेलने पर मजबूर होना पड़ा। साउथ अफ्रीका टीम के खिलाड़ी स्फेफेलो सिथोले और थेम्बा जवाने को रेड कार्ड थमाया गया। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में ब्रूज ने कहा कि पहले रेड कार्ड को लेकर उन्हें कोई शिकायत नहीं है, लेकिन दूसरे रेड कार्ड का फैसला उन्हें सही नहीं लगा। उनका मानना है ।

## अर्जेंटीना ने फीफा पुरुष विश्व रैंकिंग में फिर से टॉप पर जगह बनाई

ज्यूरिख (स्विट्ज़रलैंड), 12 जून (एजेंसियां)। मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन अर्जेंटीना (पहला, 2 पॉइंट ऊपर) दुनिया की टॉप रैंक वाली टीम के तौर पर अपने टाइटल डिफेंस की शुरुआत करेगा। जून फीफा/कोका-कोला पुरुष वर्ल्ड रैंकिंग अब तक के सबसे बड़े फीफा वर्ल्ड कप के खत्म होने से कुछ घंटे पहले जारी की जाएगी।

फीफा अ कप से पहले कई फ्रेंडली मैचों के बाद, जिसमें दूसरा पीरियड था जब फीफा/कोका-कोला मेन्स वर्ल्ड रैंकिंग को इंटरनेशनल मैचों के दौरान रियल टाइम में अपडेट किया गया था, अर्जेंटीना आइसलैंड और होंडुरास के खिलाफ अपने दोनों वार्म-अप मैचों में जीत के बाद टॉप पर वापस आ गया। वे फ्रांस (तीसरे, 2 पॉइंट नीचे) की जगह लेंगे, जो कोटे डी आइवर से हारने के बाद पीछे हो गया था, फिर नॉर्दर्न आयरलैंड को हराया, और स्पेन (दूसरे, बिना किसी बदलाव के), जिसे इराक ने ड्रॉ पर रोका और फिर पेरू को हराया। टॉप टेन में और नीचे, मोरक्को (सातवें, 1 ऊपर) अपनी बढ़त जारी रखते हुए, अगस्त 1993 में फीफा/कोका-कोला मेन्स वर्ल्ड रैंकिंग शुरू होने के बाद से अपनी अब तक की सबसे ऊंची जगह पर पहुंच गया है। ऐसा करके, वे नीदरलैंड्स (आठवें , 1 नीचे) से आगे निकल गए, जबकि टॉप 20 में कहीं और, मेक्सिको (14वें, 1 ऊपर) और उरुग्वे (16वें, 1 ऊपर) सेनेगल (15वें, 1 नीचे) और अमेरिका (17वें, 1 नीचे) से ऊपर चले गए, जबकि ईरान (20वें) टॉप 100 में शामिल हो गया। हंगरी (39वें, 3 ऊपर), चिली (51वें, 3 ऊपर) और चीन (91वें, 3 ऊपर) टॉप 100 में सबसे बड़े चढ़ने वाले हैं, जबकि सर्बिया (41वें, 4 नीचे), माली (55वें, 3 नीचे) और बेनिन (93वें, 3 नीचे) में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की



गई है। टॉप 100 के बाहर, लेबनान (115वें, 7 नीचे) और भूटान (192वें, 6 नीचे) की रैंकिंग में सबसे ज़्यादा गिरावट आई है। कॉम्पिटिशन रेगुलेशन के मुताबिक, फीफा/कोका-कोला मेन्स वर्ल्ड रैंकिंग भी टाईब्रेकर का काम करेगी, ताकि ग्रुप स्टेज के आखिर में दो या उससे ज़्यादा टीमों के ग्रुप में रैंकिंग पक्की हो सके और यह तय हो सके कि स्टेप 1 और 2 में कई बार थर्ड-रैंक 32 क्राइटेरिया को पूरा करने के बाद भी टाई हुई टीम तक पहुंचने के लिए कौन सी आठ टीमें सबसे अच्छी थर्ड-प्लेस्ड टीमें हैं।

## सार संक्षेप

### ईस्ट दिल्ली राइडर्स रोमांचक जीत के साथ सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने शानदार जुझारूपन का प्रदर्शन करते हुए दिल्ली वंडर्स क्लब को 2 विकेट से हराकर प्रतिष्ठित 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजीकृत) के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। नॉकआउट चरण का यह मुकाबला अंत तक रोमांच से भरपूर रहा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली वंडर्स क्लब ने निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट पर 263 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से प्रियांशु पांडेय ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 62 गेंदों में 136 रन बनाए, जिसमें 14 चौके और 11 छक्के शामिल रहे। गगन वत्स ने 59 रनों की तेजतर्रार पारी खेली, जबकि हर्ष त्यागी ने 33 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 19.5 ओवरों में 8 विकेट खोकर 266 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### कोलाज स्पोर्ट्स क्लब सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** कोलाज स्पोर्ट्स क्लब ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए रवि ब्रदर्स को 102 रन से पराजित कर प्रतिष्ठित 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजीकृत) के सेमीफाइनल में जगह बना ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलाज स्पोर्ट्स क्लब ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 214 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। कप्तान समर्थ सेठ ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 49 गेंदों में 72 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 1 छक्का शामिल था। वहीं स्वास्तिक चिकारा ने शानदार 48 रन की उपयोगी पारी खेलकर टीम के स्कोर को मजबूती दी। रवि ब्रदर्स की ओर से जयंत खोरवाल सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 40 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। इसके अलावा मयंक गुसाईं, लक्ष्मण, देव कश्यप और विवान जिंदल ने एक-एक विकेट लिया। 215 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रवि ब्रदर्स की टीम कोलाज स्पोर्ट्स क्लब की अनुशासित गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और 15.5 ओवर में 112 रन पर ऑल आउट हो गई। शौर्य वीर सिंह ने सर्वाधिक 28 रन, विकेटकीपर विशाल ने 25 रन तथा सुपर सब्स्टीट्यूट आयुष दोसेजा ने 22 रन का योगदान दिया, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से टीम लक्ष्य के करीब नहीं पहुंच सकी।

### पहले के मुकाबले अब क्रिकेट में काफी बदलाव : स्टेन

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन का मानना है कि टी20 फॉर्मेट में आप सफल होने से ज्यादा फेल होते हैं। उन्होंने कहा कि पहले के मुकाबले अब क्रिकेट काफी बदल चुका है। स्टेन के अनुसार, अब बल्लेबाज को पहले के मुकाबले खराब शॉट खेलकर आउट होने पर खरी-खोटी नहीं सुननी पड़ती है। स्टेन ने एजेंसी के साथ बातचीत करते हुए पहले और अब के समय में क्रिकेट में आए बदलाव को लेकर बात की। विराट कोहली का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उनके दौर में बल्लेबाज या गेंदबाज हर साल अपने खेल को बेहतर करने का प्रयास करते थे। हालांकि, अब टी20 क्रिकेट के लगातार विकसित होने के बाद खिलाड़ी, टीम मैनेजमेंट या कोच इस बात को समझते हैं कि इस फॉर्मेट में खिलाड़ी सफल होने से ज्यादा फेल होता है। स्टेन ने कहा कि टी20 क्रिकेट में कुछ सीजन आपके लिए अच्छे नहीं रहेंगे, लेकिन कुछ सीजन ऐसे आएंगे जब आप बहुत बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे।

## विश्व कप में बल्लेबाजों को जिम्मेदारी लेनी होगी: अंजुम

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा ने कहा है कि टी-20 विश्व कप 2026 में भारतीय टीम के बल्लेबाजों को ज्यादा अहम भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि टीम की गेंदबाजी मजबूत होने की प्रक्रिया में है, ऐसे में टूर्नामेंट में बल्लेबाजों की भूमिका अहम होगी। अंजुम चोपड़ा ने एजेंसी से खास बातचीत में कहा कि मेरे हिसाब से, इस भारतीय टीम का नेतृत्व बल्लेबाजी करती है। बल्लेबाजों के लड़खड़ाने की कोई गुंजाइश नहीं है। हम टीम में पांच विशेषज्ञ बल्लेबाज खिला रहे हैं। पांच विशेषज्ञ बल्लेबाज होने की स्थिति में असफल होने की कोई गुंजाइश नहीं है।' इंग्लैंड के खिलाफ हाल में संपन्न टी20 सीरीज में यास्तिका भाटिया ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की थी।



यास्तिका ने सीरीज में सर्वाधिक 119 रन बनाए, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट (126.79) टॉप पांच स्कोरर में सबसे कम था। इस पर चोपड़ा ने कहा, 'मैं समझती हूं कि भारतीय टीम के पास तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए ज्यादा विकल्प नहीं है। अगर जेमिमा या हरमन वहां बल्लेबाजी कर रही हैं, तो मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी के लिए विकल्प कम हैं। भारती फुलमाली को मौका दिया गया होता।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में पीवी सिंधु करेंगी भारतीय टीम की अगुवाई




क्वालिफिकेशन सूची में सिंधु सहित 10 खिलाड़ियों को मिली जगह

नई दिल्ली 11 जून (एजेंसियां)। अगस्त में होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2026 में स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु 10 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेगी। नई दिल्ली में 17 से 23 अगस्त तक होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2026 के लिए ग्लोबल फेडरेशन ने क्वालिफिकेशन सूची में पूर्व चैंपियन पीवी सिंधु सहित 10 खिलाड़ियों को जगह मिली है। भारत की ओर से पांच स्पर्धाओं में कुल 10 लोगों को जगह मिली हैं, जिनमें पुरुष डबल्स की जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी देश के सबसे ऊंची रैंकिंग वाले दावेदार के तौर पर शामिल हैं। पीवी सिंधु ने बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) के क्वालिफिकेशन नियमों के तहत मेजबान देश की प्रतिनिधि के तौर पर महिला एकल ड्रॉ में अपनी जगह पक्की की। 28 अप्रैल की वर्ल्ड बैडमिंटन रैंकिंग पर आधारित इस क्वालिफिकेशन सूची में पुरुष और महिला एकल में 64-64 खिलाड़ी और हर युगल स्पर्धाओं में 48-48 जोड़ियां शामिल हैं। वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में हर कैटेगरी में भारत के दो खिलाड़ी सीधे एंट्री करेंगे। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी ने क्वालिफाई किया है, जबकि महिला सिंगल्स में सिंधु के साथ उभरती हुई खिलाड़ी उन्नति हुड्डा शामिल हैं। भारत की सबसे अच्छी रैंकिंग वाली एंट्री पुरुष डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की है, जिन्होंने कुल मिलाकर चौथी रैंकिंग के साथ क्वालिफाई किया। हरिहरन अमसाकरुणन और एमआर अर्जुन ने भारत के लिए पुरुष डबल्स में दूसरी जगह पक्की की।

## देश के लिए खेलने एक सपना था : यशवर्द्धन

**ग्वालियर,** 12 जून (एजेंसियां)। श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत की अंडर-19 टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की कमान यशवर्द्धन सिंह चौहान के हाथों में सौंपी गई है। यशवर्द्धन का कहना है कि देश के लिए खेलना उनका सपना था और यह सपना सच होने पर उन्हें बेहद खुशी है।



यशवर्धन ने 'आईएएनएस' के साथ बातचीत करते हुए कहा कि वह अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और कोच को देना चाहेंगे। यशवर्धन ने बताया कि वह 6-7 साल की उम्र में से ही क्रिकेट की कोचिंग ले रहे थे। उन्होंने कहा कि कोच लवकेश चौधरी की देखरेख में उन्होंने अपने क्रिकेट को निखारा। यशवर्धन के अनुसार, राज्य और एनसीए में अच्छा प्रदर्शन करने की वजह से उनका सिलेक्शन भारतीय टीम के कप्तान के तौर पर हुआ है। यशवर्धन ने कहा कि वह आज इस मुकाम तक अपने माता-पिता और कोच के सपोर्ट के कारण पहुंच सके हैं।

## जसपाल राणा का निधन : कोच और खिलाड़ी के तौर पर बेमिसाल रहा कॅरियर

- जर्मनी से लौटने के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई थी
- 1988 में नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में जसपाल ने सिल्वर मेडल जीता

नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। भारतीय निशानेबाजी के दिग्गज और प्रतिष्ठित कोच जसपाल राणा का 49 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जर्मनी के म्यूनिख में आयोजित प्रतियोगिता से लौटने के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। खिलाड़ी और कोच, दोनों भूमिकाओं में उन्होंने भारतीय निशानेबाजी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। 28 जून 1976 को उत्तराखंड के उत्तरकाशी में जन्मे जसपाल राणा को बचपन से ही निशानेबाजी में रुचि थी। जसपाल के पिता सेना के खुद पूर्व अधिकारी थे। ऐसे में पिता नारायण राणा ही उनके पहले कोच बने। 12 साल की उम्र में नेशनल लेवल पर जसपाल ने अपनी काबिलियत का परिचय दिया। 1988 में नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में जसपाल ने सिल्वर मेडल जीता। इसके बाद 1994 में जूनियर वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप में भी उनका प्रदर्शन दमदार रहा और इटली में हुई इस चैंपियनशिप ने उन्हें विश्व स्तर पर पहचान दिलाने का काम किया। जसपाल राणा ने 1996 के अ ट लां ट ा ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया।



## विलियमसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को तत्काल प्रभाव से अलविदा कह दिया है। केन विलियमसन के नाम न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन और शतक बनाने का रिकॉर्ड है। संन्यास के साथ ही विलियमसन के 16 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत हो गया है। विलियमसन ने अपना आखिरी टेस्ट लॉर्ड्स में खेला जिसमें न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा जारी एक बयान में विलियमसन ने कहा, 'मैंने इस बारे में कुछ समय से सोचा है, लेकिन पिछले कुछ दिनों में यह साफ हो गया है कि अब सही समय है। मैंने हमेशा इंटरनेशनल क्रिकेट के लिए एक मजबूत इच्छा और भूख महसूस की है। मुझे इस बात पर गर्व है कि मैंने न्यूजीलैंड के लिए खेले गए हर मैच में अपना सब कुछ दिया है। इससे कम कुछ भी जारी रखना सही नहीं होगा और मैं अपनी शर्तों पर पीछे हटने के लिए खुशकिस्मत महसूस कर रहा हूं।



# अर्थ जगत

**विदेशी मुद्रा भंडार 71.1 करोड़ डॉलर घटकर 681.61 अरब डॉलर पर**

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच जून को समाप्त सप्ताह में 71.1 करोड़ डॉलर घटकर 681.61 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 93.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 682.32 अरब डॉलर रहा था। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, पांच जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 270.4 करोड़ डॉलर घटकर 543.44 अरब डॉलर रह गईं।



## नेस्ले, केएफसी और फ्लिपकार्ट को एफएसएसएआई का नोटिस

### मैगी में कीड़े और रेस्टोरेंट में गंदगी मिलने पर मचा बवाल

*नई दिल्ली। देश में खाद्य पदार्थों की शुद्धता और स्वच्छता को लेकर स्नस्स्ढ्ढ ने सख्त रुख अपनाया है। सोशल मीडिया पर उपभोक्ताओं द्वारा दर्ज कराई गई गंभीर शिकायतों का संज्ञान लेते हुए एफएसएसएआई ने नेस्ले इंडिया, केएफसी और ई-कॉमर्स दिग्गज फ्लिपकार्ट जैसी बड़ी कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन ब्रांड्स पर पैक्ड फूड में कीड़े मिलने और आउटलेट्स में अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में काम करने के गंभीर आरोप लगे हैं।*

**मैगी नूडल्स में कीड़े और लार्वा मिलने की शिकायत** -एफएस-एसएआई ने नेस्ले इंडिया को उसके सबसे लोकप्रिय प्रोडक्ट मैगी के एक पैकेट में कीड़े और जिंदा लार्वा मिलने की ऑनलाइन शिकायत पर नोटिस थमाया है। नियामक ने कंपनी से प्रभावित बैच की पूरी जांच रिपोर्ट, इंटरनल क्वालिटी लॉग्स और सप्लाई चेन से उस स्टॉक को हटाने के लिए उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी मांगी है। इस विवाद के बाद शेयर बाजार में नेस्ले इंडिया के शेयरों में 3 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई।

**केएफसी आउटलेट में स्वच्छता नियमों की धज्जियां**-दूसरा मामला आंध्र प्रदेश के एमवीआर मॉल स्थित एक केएफसी आउटलेट का है। इस रेस्टोरेंट पर बेहद गंदे माहौल में खाना पकाने, कचरा प्रबंधन की कमी और पेस्ट कंट्रोल की सही व्यवस्था न होने का आरोप है। एफएसएसएआई ने केवासी के ऑपरेटर देवयानी इंटरनेशनल से कर्मचारियों की हाइजीन और साफ-सफाई पर सबूतों के साथ जवाब मांगा है। हालांकि कंपनी ने कहा है कि वे इस मामले की आंतरिक जांच कर रहे हैं।




### फ्लिपकार्ट मिनट्स पर डिलीवर हुए कीड़े वाले खजूर

फ्लिपकार्ट और फूड ब्रांड ओपन सीक्रेट भी एफएसएसएआई के रडार पर आ गए हैं। दरअसल क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट मिनट्स के जरिए डिलीवर किए गए ओपन सीक्रेट ब्रांड के खजूर में कीड़े पाए गए थे। बता दें कि नियामक ने दोनों कंपनियों से उनके इंटरनल क्वालिटी कंट्रोल रिकॉर्ड और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए किए गए सुरक्षा उपायों पर जवाब तलब किया है।

## बाजार में बहार, सेंसेक्स 1696 अंक उछला

*मुबई। शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में लंबे समय के बाद बंपर तेजी देखने को मिली। हफ्ते के आखिरी कारोबारी सत्र में बाजार लगभग 2 प्रतिशत की बढ़त लेकर बंद हुए। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 1695.40 अंकों (2.30 प्रतिशत) की बंपर बढ़त के साथ 75,527.95 अंकों पर बंद हुआ। जबकि, एनएसई का निफ्टी-50 इंडेक्स 461.30 अंकों (1.99 प्रतिशत) की जोरदार तेजी के साथ 23,622.90 अंकों पर बंद हुआ। अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की उम्मीदें बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट ने बाजार को रफ्तार दी।*

**1 प्रतिशत से ज्यादा तेजी के साथ खुला था बाजार**-शुक्रवार को बाजार के प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी-50 ने 1 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी के साथ कारोबार शुरू किया था। बीएसई सेंसेक्स 876.72 अंकों (1.19 प्रतिशत) की जोरदार तेजी के साथ 74,709.27 अंकों के लेवल पर खुला। इसी तरह, एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स ने भी आज 250.95 अंक (1.08 प्रतिशत) चढ़कर 23,412.55 अंकों पर कारोबार शुरू किया था।



### निवेशकों ने कमाए 10 लाख करोड़

**बजाज फाइनेंस के शेयर में छप्परफाड़ तेजी**- शुक्रवार को सेंसेक्स की 30 में से 28 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की 2 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 50 की भी 50 में से 39 कंपनियों के शेयर ही तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 11 कंपनी के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल बजाज फाइनेंस के शेयर सबसे ज्यादा 5.62 प्रतिशत की छप्परफाड़ बढ़त के साथ बंद हुए। जबकि, आईटी सेक्टर की प्रमुख कंपनी टेक महिंद्रा के शेयर आज सबसे ज्यादा 2.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

## ईरान डील की उम्मीद से सोने-चांदी में उछाल



**नई दिल्ली।** अमेरिका ईरान के बीच डील होने की उम्मीद में सोने-चांदी के वायदा भाव में अब तेजी देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,50,300 रुपए, जबकि चांदी के भाव 2,43,450 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के भाव तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट 1,663 रुपए की तेजी के साथ 1,50,595 रुपए के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,48,932 रुपए था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 1,386 रुपए की तेजी के साथ 1,50,318 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट 3,123 रुपए की तेजी के साथ 2,42,776 रुपए पर खुला। पिछला बंद भाव 2,39,653 रुपए था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 3,826 रुपए की तेजी के साथ 2,43,479 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है।

### ट्रम्प प्रशासन को बड़ी राहत

## अमेरिकी अदालत ने 10 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ वसूली जारी रखने की दी अनुमति

*नई दिल्ली। अमेरिका में आयात शुल्क को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई के बीच ट्रम्प प्रशासन को बड़ी राहत मिली है। वॉशिंगटन स्थित संघीय अपील अदालत ने फैसला दिया है कि कानूनी प्रक्रिया पूरी होने तक अमेरिकी सरकार दुनिया भर से आने वाले सामान पर लगाए गए 10 प्रतिशत टैरिफ की वसूली जारी रख सकती है। अदालत के इस फैसले को ट्रम्प प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण जीत माना जा रहा है, क्योंकि इससे सरकार को फिलहाल अपनी व्यापार नीति लागू रखने का रास्ता मिल गया है।*

**निचली अदालत ने बताया था अवैध**-पिछले महीने न्यूयॉर्क स्थित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अदालत ने छोटे कारोबारियों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए इन टैरिफ को अवैध करार दिया था। अदालत की बहुमत पीठ ने माना था कि राष्ट्रपति ने अपने अधिकारों की सीमा से आगे बढ़कर यह कदम उठाया है। अदालत ने कहा था कि टैरिफ लगाने का यह फैसला कानून द्वारा अधिकृत नहीं था।

**अपील अदालत ने क्यों दी राहत?**-अपील अदालत ने अपने आदेश में कहा कि ट्रम्प प्रशासन की दलीलें पहली नजर में मजबूत दिखाई देती हैं और सरकार का पक्ष अंतिम सुनवाई में सफल हो सकता है। इसी आधार पर अदालत ने अंतिम निर्णय आने तक टैरिफ वसूली जारी रखने की अनुमति दे दी।



**क्या है पूरा मामला?**

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस साल फरवरी में दुनिया के अधिकांश देशों से आयात होने वाले उत्पादों पर 10 प्रतिशत का अस्थायी टैरिफ लगाया था। यह फैसला 1974 के ट्रेड एक्ट की धारा 122 के तहत लिया गया था। यह प्रावधान राष्ट्रपति को सीमित अवधि के लिए अधिकतम 15 प्रतिशत तक वैश्विक आयात शुल्क लगाने की अनुमति देता है। हालांकि इसकी अवधि 150 दिनों तक ही सीमित होती है, जिसके बाद इसे जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी होती है।

**व्यापार घाटे को लेकर बहस**-इस मामले का एक बड़ा पहलू यह भी है कि क्या अमेरिका का व्यापार घाटा अंतर्राष्ट्रीय भुगतान संबंधी गंभीर समस्या की श्रेणी में आता है या नहीं। ट्रम्प प्रशासन का दावा है कि बढ़ता व्यापार घाटा अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है, जबकि विरोधी पक्ष इस व्याख्या से सहमत नहीं है।

## 1 जुलाई से महंगी होगी टाटा मोटर्स की गाड़ियां

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स की सभी पैसेंजर कारें 1 जुलाई से महंगी होने जा रही हैं। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएएमपीवी) ने शुक्रवार को अपनी पैसेंजर कार की कीमतों में 1.5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की घोषणा की। कंपनी ने बताया कि ये बढ़ोत्तरी इंटरनल कंबशन इंजन (आईसीई) और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) दोनों की कीमतों में होगी। टीएमपीवी ने शुक्रवार को एक एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 95.11 |
| एक यूरो | 110.59 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 126.81 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 67. 52 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 114 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट120 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-126नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स - 85 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सतना बाजार भाव

**सराफा बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सोना फाइन | 1,44,900 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| सोना जेवर | 1,40000 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी जेवर | 2500 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी फाइन | 265000 रु. | प्रति किलो |

**दाल- किराना भाव**

- भाव प्रति किलो -

अरहर ऊंची 110 अरहर मीडियम 100, उड़द ऊंची 110, उड़द धुली 115, मूंग खड़ी 100, मूंग धुली -110, चना 80-90, मसूर खड़ी 80, मसूर दाल 85-90

- भाव प्रतिकिलो -

धनियां खड़ी 100, धनियां पिसी 185, जीरा ऊंचा 270, जीरा मीडियम 260, हल्दी खड़ी 150, हल्दी पिसी 250, मूंगफली ऊंची 140, मूंगफली मीडियम 120, लाल मिर्च खड़ा 180, लाल मिर्च पिसी 280, जायफल-850, जावित्री-2400, तेज पत्ता-100, चैली-240, राई-120,

**लोहा वाला ट्रेडर्स**

प्रो. हरिशंकर तिवारी मो.नं.

- भाव प्रति किलो -

रायपुर- 8 एमएम -49.50, 10 एमएम -48.00, 12 एमएम -47.50, 16 एमएम -47.50

कामधेनू- 8 एमएम -54.50, 10 एमएम -53.00, 12 एमएम -52.50, 16 एमएम -52.50

## बैंक ऑफ़ इंडिया जबलपुर अंचल में शाखा प्रमुखों के साथ व्यवसाय संवर्धन बैठक 2026 का आयोजन

*जबलपुर। बैंक ऑफ़ इंडिया जबलपुर में फील्ड महाप्रबंधक संजय श्रीवास्तव एफ़जीएमओ-भोपाल की अध्यक्षता में एवं रमेश कुमार आँचलिक प्रबंधक-जबलपुर अंचल की अगुआई में अंचल के समस्त शाखा प्रमुखों के साथ व्यवसाय संवर्धन बैठक 2026 का आयोजन किया गया ।*

इस बैठक में सभी 52 शाखाओं के शाखा प्रमुखों से पिछले वित्तीय वर्ष में उनकी शाखाओं में हुए व्यवसाय की समीक्षा की गई एवं वर्तमान वित्तीय में अपेक्षित व्यवसाय वृद्धि हेतु विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए । फील्ड महाप्रबंधक संजय श्रीवास्तव ने प्रत्येक शाखा प्रमुखों से विभिन्न व्यवसायिक मदों में उनकी शाखा की प्रगति की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए । बैठक में सभी विभागों एवं प्रोसेसिंग सेंटर्स के प्रमुखों ने भी भाग लिया एवं शाखाओं की व्यवसायिक वृद्धि में आवश्यक सहयोग हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की ।



उप-आँचलिक प्रबंधक संतोष सहाय ने शाखाओं को ग्राहक सेवा में उत्तरोत्तर वृद्धि करने की आवश्यकता पर बल दिया साथ ही सभी आगंतुकों को इस बैठक में शामिल होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## कच्चा तेल सस्ता होने से निवेशकों की बढ़ी उम्मीदें

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को कच्चे तेल की कीमतों में ताजा गिरावट के बाद पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में 4.50 प्रतिशत तक की उछाल देखने को मिली। शुक्रवार को हिंदुस्तान पेट्रोलियम, इंडियन ऑयल और भारत पेट्रोलियम के शेयर 4.5 प्रतिशत तक चढ़ गए। ताजा गिरावट के बाद कच्चे तेल की कीमतें 2 महीने के निचले स्तर पर आ गईं। अमेरिका और ईरान में संभावित शांति समझौते की उम्मीदें बढ़ने से कच्चे तेल के दाम गिर गए हैं।

**भारत पेट्रोलियम के शेयर में 4.5 प्रतिशत तक की तेजी**- बीएसई पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम के शेयर 3.5 प्रतिशत की तेजी के साथ दिन के उच्चतम स्तर 379 रुपए पर पहुंच गए, जबकि इंडियन ऑयल के शेयरों में 3 प्रतिशत की तेजी आई और वे 138 रुपए प्रति शेयर के दाम पर पहुंच गए। भारत पेट्रोलियम के शेयरों में सबसे ज्यादा उछाल आया और 4.5 प्रतिशत की बंपर तेजी के साथ 295 रुपए पर पहुंच गए।

**अमेरिका और ईरान के बीच इस वीकेंड तक हो सकता है समझौता**-अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ इस वीकेंड तक समझौता हो सकता है। एक पोस्ट में ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत ईरानी नेतृत्व के उच्चतम स्तर तक पहुंचने और मंजूरी मिलने के बाद उन्होंने हमले रोक दिए। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित समझौते के मुख्य बिंदुओं को अमेरिका, इजराइल, सऊदी अरब, यूएई, कतर, तुर्की, पाकिस्तान, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन और मिस्र समेत कई पक्षों ने सिद्धांत और विस्तार से मंजूरी दे दी है।

## दुनिया के पहले खरबपति बनने वाले हैं एलन मस्क, ताइवान की जीडीपी से ज्यादा हुई नेटवर्थ!

*नई दिल्ली। दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलॉन मस्क इतिहास रचने से महज चंद कदम दूर हैं। जी हां, वे दुनिया के पहले खरबपति बनने वाले हैं और ये कमाल उनकी कंपनी स्पेसएक्स करने वाली है, जो दुनिया का सबसे बड़ा आईपीओ लाकर लिस्टिंग के लिए तैयार है। मस्क की नेटवर्थ में अचानक 274 अरब डॉलर का उछाल आ गया है। इसके साथ ही उनकी कुल संपत्ति लगभग ताइवान की जीडीपी से ज्यादा हो गई है।*

**दुनिया का सबसे बड़ा आईपीओ लॉन्च** - एलॉन मस्क की एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स ने अमेरिकी बाजार में अब तक का सबसे बड़ा इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ के प्राइस बैंड की बात करें तो ये 135 डॉलर प्रति शेयर तय किया गया है। इस आईपीओ लॉन्च के जरिए स्पेसएक्स कंपनी की मार्केट वैल्यूएशन 1.77 ट्रिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर होगी। इसका सीधा असर एलन मस्क की संपत्ति पर पड़ा है। कंपनी के दस्तावेजों और फोर्ब्स के अनुमानों के आधार पर एक कैलकुलेशन के आधार पर अनुमान जाहिर किया है कि स्पेसएक्स के शेयरों में कारोबार शुरू होने पर मस्क की कुल संपत्ति 1.1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो सकती है, यानी वे दुनिया के पहले ट्रिलेनियर यानी खरबपति बन जाएंगे।



**अभी कहां पहुंची मस्क की संपत्ति?**- स्पेसएक्स आईपीओ लॉन्च ने ही एलॉन मस्क को एक बड़े मुकाम पर पहुंचा दिया है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के आंकड़ों पर नजर डालें तो अब मस्क की नेटवर्थ 971 अरब डॉलर हो गई है, जबकि फोर्ब्स के रियल टाइम बिलेनियर्स इंडेक्स के अपडेटेड आंकड़े देखें, तो ये बढ़कर 982 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इस आंकड़े के साथ एलॉन मस्क टॉप-10 अरबपतियों की सूची में उनके बाद दूसरे पायदान पर मौजूद गूगल अल्फाबेट के को-फाउंडर लैरी पेज से तीन गुना से भी ज्यादा अमीर हो गए हैं। लैरी पेज का नेटवर्थ 304 अरब डॉलर है। - एलॉन मस्क की संपत्ति का ये आंकड़ा ताइवान की जीडीपी से भी आगे निकल गया है, जो करीब 976 अरब डॉलर है। न सिर्फ ताइवान, बल्कि एलॉन मस्क की नेटवर्थ में आए उछाल के बाद उनकी संपत्ति अब कई देशों के वार्षिक आर्थिक उत्पादन से भी अधिक है। उनकी संपत्ति भारत के सकल घरेलू उत्पाद के लगभग एक-चौथाई के बराबर है, जो आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार लगभग 4.15 ट्रिलियन डॉलर है।

**इस साल संपत्ति में तगड़ा उछाल**- एलॉन मस्क की संपत्ति में इस साल 2026 में अब तक 351 अरब डॉलर का उछाल आ चुका है, जो कि दुनिया के दूसरे सबसे अमीर इंसान लैरी पेज की कुल नेटवर्थ से भी ज्यादा है। बहस चाहे जो भी हो, आंकड़े खुद ही सब कुछ बयां करते हैं कि आधुनिक इतिहास में किसी भी व्यक्ति ने इतनी बड़ी संपत्ति जमा नहीं की है।

**इन दिग्गज कंपनियों की कमान**- 1971 में दक्षिण अफ्रीका के प्रिटोरिया में एक कनाडाई मां और दक्षिण अफ्रीकी मूल के पिता के घर जन्मे एलॉन मस्क ने पेंसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की, 1997 में वे ग्रेजुएट हुए थे। अगले तीन दशकों में, उन्होंने कंपनियों का एक ऐसा नेटवर्क बनाया, जिसने उन्हें दुनिया की सबसे शक्तिशाली कॉर्पोरेट हस्तियों में एक बना दिया। एलॉन मस्क टेस्ला और स्पेसएक्स के जरिए विश्व प्रसिद्ध हुए। 2008 में सीईओ के रूप में टेस्ला में शामिल होने के बाद, उन्होंने इलेक्ट्रिक व्हीकल तकनीक को नया आयाम दिया। सिर्फ टेस्ला और स्पेसएक्स ही नहीं, बल्कि मस्क ने कई अन्य कंपनियों की सह-स्थापना भी की है।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है।
अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पैलेस के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनीतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक एवं मुद्रक **अशोक मिश्रा** द्वारा श्रीजी प्रिंटर्स नौदरा ब्रिज जबलपुर से मुद्रित सैमरिया चौक रीवा रोड सतना म.प्र. से प्रकाशित। फोन 0761-4085031, सम्पादक- **मोहन सुरजन,** पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार), मानसेवी सलाहकार सम्पादक-**नियाज खान,** स्थानीय संपादक-**कपिल चौरसिया,** रीवा कार्यालय: चौरसिया बिल्डिंग, अमहिया रोड रीवा म.प्र. फोन-07662-406671 आर.एन.आई पंजी.क्रमांक **38532/85,** डाक पंजीयन-रीवा संभाग/16/2009-2011

# परसमनिया गढ़ी में गोली चली, राजपरिवार की बहू घायल

**बड़ी वारदात** | नागौद राजघराने में हुई सनसनीखेज वारदात, गढ़ी में रहने वाली महिला पर है गोली मारने का आरोप



- पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**सतना, देशबन्धु।** उचेहरा थाना के परसमनिया में बाबा राजा उर्फ रूपेन्द्र सिंह की गढ़ी में गोली चलने की वारदात हुई है। गुरूवार 11 जून की दोपहर हुई घटना में राजपरिवार की बहू बाबा राजा रूपेन्द्र सिंह की पत्नी योगिता सिंह को गोली लगी है। मौजूदा समय में रीवा के निजी अस्पताल में उनका इलाज जारी है। घटना के संबंध में पुलिस ने गढ़ी में ही रहने वाली एक महिला सुनीता सिंह परिहार को गिरफ्तार किया है। यह महिला कौन है, राजपरिवार में इसका किससे क्या नाता है, इस बात का खुलासा नहीं हुआ है। योगिता सिंह की मां नरेन्द्र कुमारी का कहना है कि घटना के वक्त सुनीता सिंह गढ़ी में मौजूद थी, उसने बंदूक से नौ राउंड फायर किए, बंदूक से निकली चौथी गोली योगिता के पेट में लगी।

गौरतलब है कि बाबा राजा उर्फ रूपेन्द्र सिंह मध्यप्रदेश शासन के पूर्व गृह मंत्री, खजुराहो के पूर्व सांसद एवं वर्तमान नागौद विधायक भाजपा के कद्दावर नेता नागेंद्र सिंह के भतीजे हैं, जो परसमनिया में रहते हैं।

नागौद राजघराने से ताल्लुक रखने वाले बाबा राजा की परसमनिया में गढ़ी है। इसी गढ़ी के अंदर गोली चलने की सनसनीखेज घटना हुई है, जिससे पूरे इलाके में सनाका खिंचा है।






## गिरफ्तारी के बाद सलाखों के पीछे

पुलिस के मुताबिक, गोली लगने के बाद योगिता सिंह को तत्काल उचेहरा सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें सतना जिला अस्पताल भेज दिया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रीवा ले जाया गया। निजी अस्पताल में उनके शरीर से गोली निकाल दी गई है, उन्हें होश आ गया है। योगिता सिंह के बयान के आधार पर आरोपी सुनीता सिंह के खिलाफ उचेहरा थाना में अपराध क्रमांक 256 में बीएनएस की धारा 296 बी एवं 109(1) के तहत 11 जून को पंजीबद्ध किया गया था। शुक्रवार 12 जून को इसी अपराध में सुनीता सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

## योगिता की मां के गंभीर आरोप

राजघराने से जुड़ी इस घटना को लेकर तरह– तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इसी क्रम में सोशल मीडिया में योगिता सिंह की मां नरेंद्र कुमारी का एक बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने अपने दामाद रूपेंद्र सिंह बाबा राजा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। नरेंद्र कुमारी के मुताबिक, सुनीता सिंह लंबे समय से बाबा राजा के संपर्क में है। पिछले कई सालों से वह परसमानिया गढ़ी में नाजायज तरीके से रह रही है। यहां बता दें की योगिता सिंह ने घटनाक्रम के संबंध में जो बयान पुलिस को दिया है, उसमें उन्होंने कहा है कि विवाद के दौरान सुनीता सिंह ने उन्हें घर से निकल जाने के लिए कहा। सुनीता ने उनसे कहा कि यह उसका घर है। बहरहाल, सुनीता सिंह कौन है? इसका राजघराने से क्या नाता है? इस पर हम बात नहीं कर रहे। घटना के बाद जो बातें सामने आईं उनमें ऐसा भी कहा जा रहा है कि उदयपुर से नागौद आईं योगिता सिंह जब अपनी मां नरेन्द्र कुमारी, भाई नागेंद्र सिंह राठौर और बेटे पृथु के साथ जब परसमनिया पहुंची तो उनके आने पर बाबा राजा खुश नहीं हुए। पति पत्नी के बीच कुछ कहासुनी हुई। इस दौरान नागेंद्र सिंह राठौर और बाबा राजा रूपेन्द्र सिंह यानि जीजा साले के बीच विवाद हो गया और नौबत मारपीट की आ गई। झगड़े के दौरान सुनीता ने एक कमरे की खिड़की से गोली चलाना शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक, बाबा राजा रूपेन्द्र सिंह ने भी अपने साथ बदसलूकी और हमले से संबंधित रिपोर्ट नागेंद्र सिंह के खिलाफ की है। शिकायत मिलने पर बाबा राजा का मेडिकल भी उचेहरा अस्पताल में कराया गया है।

## सुनीता है झगड़े का कारण

योगिता सिंह ने पुलिस को जो जानकारी दी है उसके मुताबिक, गुरूवार की दोपहर करीब 3 बजे वह अपने बेटे पृथु सिंह और भाई नागेंद्र सिंह राठौर के साथ गढ़ी परसमनिया अपने घर गईं थीं। वहां सुनीता सिंह परिहार अपशब्द बोलते हुए झगड़ा करने लगी, जब उसे ऐसा करने से मना किया गया तो उसने जान से खत्म कर देने की नीयत से गोली चलाई जो पेट में बांई तरफ लगी। रिपोर्ट के मुताबिक, योगिता सिंह ने अपने बेटे के ऊपर भी गोली चलाए जाने की बात कही है। रिपोर्ट में योगिता सिंह ने साफ कहा है कि उनके और उनके पति के बीच झगड़े का कारण यही सुनीता सिंह है। इसका उनसे और उनके परिवार से कोई लीगल रूप से संबंध नहीं है। यह उनके घर में उनके पति को ब्लैकमेल करके जबरन रह रही है। योगिता सिंह ने आरोप लगाया है कि सुनीता सिंह के द्वारा पहले भी उनके साथ मारपीट की गई थी, जिस पर उचेहरा थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई थी।

## फॉरेंसिक टीम को नहीं बुलाया

गोली किसने चलाई, क्यों चलाई, किस बंदूक से गोली चली, कुल कितने राउंड फायर हुआ यह सब अब जांच विवेचना का विषय है। लेकिन सूत्रों की माने तो उचेहरा पुलिस ने घटनास्थल की जांच के लिए एफएसएल की टीम नहीं बुलाई। जबकि जानकारों का कहना है कि गोली चलने जैसी घटना में एफएसएल टीम से जांच कराया जाना उचित माना गया है। गोली चलने की घटना में, फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी के बैलिस्टिक विभाग द्वारा यह सिद्ध करने के लिए वैज्ञानिक जांच की जाती है कि अपराध में किस हथियार का इस्तेमाल हुआ था, गोली किसने चलाई और किन परिस्थितियों में चलाई। एफएसएल द्वारा घटनास्थल से बरामद किए गए हथियार की जांच करके पता लगाया जाता है कि वह चालू हालत में है या नहीं। क्या उससे फायर किया जा सकता है, और कहीं हथियार में कोई बदलाव तो नहीं किया गया है।

अपराध स्थल से बरामद खाली कारतूस, बुलेट (छर्रे), या खोखों को प्रयोगशाला में संदिग्ध हथियार से टेस्ट फायर करके मिलाया जाता है। गोली चलने पर हथियार के फायरिंग पिन और बैरल की सूक्ष्म खरोंचें कारतूस पर छप जाती हैं, जो उंगलियों के निशान की तरह हर बंदूक के लिए अद्वितीय होती हैं। घटनास्थल और पीड़ित के कपड़ों या शरीर पर लगे बारूद के निशानों की जांच कर यह पता लगाया जाता है कि गोली कितनी दूरी समीप या दूर से चलाई गई थी। दीवारों, खिड़कियों या वस्तुओं पर गोली के छेद और कोण की जांच करके यह पता लगाया जाता है कि शूटर किस दिशा और स्थिति में खड़ा था। गोली चलाने वाले व्यक्ति के हाथों, कपड़ों या संदिग्ध सतहों पर बारूद के रासायनिक अवशेषों बेरियम, लेड आदि की मौजूदगी का परीक्षण किया जाता है, जिससे यह साबित होता है कि उस व्यक्ति ने हाल ही में गोली चलाई थी या नहीं। हथियार की मैकेनिज्म ट्रिगर प्रेशर आदि की जांच करके यह तय किया जाता है कि गोली दुर्घटनावश चली या जानबूझकर चलाई गई थी।

**सार-समाचार**

## तीसरे दिन मिली बीहर नदी में डूबे युवक की लाश

**रीवा देशबन्धु।** जिले के सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुशहा निवासी अनुपम मिश्रा 38 वर्ष 3 दिन पूर्व बीहर नदी में डूब गया था। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस एवं प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा था और युवक की तलाश के लिए सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच घटना के तीसरे दिन आज युवक का शव सगरा थाना क्षेत्र के ग्राम कटकी बरहा के समीप मिला है। ज्ञात हो कि बीते बुधवार को चार युवक बीहर नदी में नहाने के लिए गए हुए थे। साथी के बचाव के प्रयास के दौरान अनुपम स्वयं भी नदी की गहराइयों में समा गए और लापता हो गए थे। आज सुबह ग्रामीणों ने अनुपम का शव ग्राम कटकी बरहा के समीप बीहर नदी में देखा। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला गया।



## फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**रीवा देशबन्धु।** जिला फुटबॉल संजय के तत्वाधान में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंडर-15 समर कप 7 साइड फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन एस ए एफ फुटबॉल ग्राउंड में किया जा रहा है! आज का उद्घाटन मैच एस ए एफ बॉयज फुटबाल क्लब विरुद्ध अर्बन फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया! दोनों ही टीमों ने बहुत अच्छे खेल का प्रदर्शन किया मैच के पहले हाफ में एस ए एफ बॉयज टीम ने 1- 0 से बढ़त बना ली वहीं दूसरे हाफ में अर्बन टीम ने भी एक गोल मार कर मैच को ड्रा कर लिया और कुछ ही मिनट बाद समय समाप्त हो गया रेफरी द्वारा की फाइनल विशिल के साथ मैच ड्रा पर खत्म हुआ आज उद्घाटन मैच में मुख्य अतिथि के रूप में राम कीर्ति शर्मा उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया! वहीं अध्यक्षता सुशील बाड़ोलिया ने किया! विशिष्ट अतिथि के रूप में छोटे खान, वीरेन्द्र मिश्रा और शब्बीर खान मौजूद रहे! जिला फुटबाल संघ के सचिव मोहम्मद कासिम खान ने उक्ताशय की जानकारी दी।



# डंपर ने मारी ऑटो को ठोकर, 3 की मौत



**रीवा देशबन्धु।** गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत डिडिया स्थित बोरी फैक्ट्री के सामने देर राम बालू से लोटड तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो को जोरदार टक्कर मारी है। इस सड़क हादसे में तीन लोगों की घटना स्थल पर मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है और मृतकों के शवों को अस्पताल पहुंचाया है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ऑटो सवार लोग मौसी के यहां ग्राम भटल जा रहे थे। जैसे ही वह डिहिया स्थित बोरी फैक्ट्री के सामने पहुंचे तभी तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में आशीष कुशवाहा निवासी बहरी बांध, हरिशंकर चतुर्वेदी निवासी बहरी बांध और शैलेंद्र तिवारी निवासी भटलों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। घटना की सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची है और तीनों मृतकों के शवों को पीएम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है और वहीं पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### गांव में फैला मातम

हादसे के बाद मृतकों के पैतृक गांवों बहुरी बांध और डिहया भटलो में मातम का माहौल है। शुक्रवार सुबह जैसे ही इस घटना की खबर ग्रामीणों तक पहुंची, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। तीनों ही युवक बेहद मिलनसार और व्यवहार कुशल थे।

## समान ओभर ब्रिज के ऊपर से चैन स्नेचिंग करने वाले आरोपी पकड़ाए



**रीवा देशबन्धु।** शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत ओवरबिज के ऊपर एक सप्ताह पूर्व हुई चैन स्नेचिंग की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। वारदात में शामिल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिनके कब्जे से लूट का माल भी बरामद किया गया है। ज्ञात हो कि बीते 5 जून को रतहरा निवासी आदर्श मिश्रा शाम तकरीबन 4.00 बजे बाइक से सिरमौर चौराहा की ओर से अपने घर रतहरा की ओर जा रहे थे। जैसे वह सामान चौराहा ओवरबिज के ऊपर पहुंचे तभी बाइक सवार दो युवक आए और उनकी बाइक में टक्कर मारते हुए गले से सोने की चैन तोड़कर फरार हो गए थे। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। जिसके आधार पर पुलिस ने बदमाशों की पता तलाश शुरू की तो संदेह के आधार पर बृजेश साकेत और आकाश साकेत निवासी गुड़ को पकड़कर थाने में पूछताछ की गई तो आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट की चैन भी बरामद कर ली है।

# नशीली दवा के साथ पकड़े गए आरोपी को 6 महीने का कारावास



**सतना, देशबन्धु।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट सतना के पीठासीन अधिकारी माननीय शशिकांत वर्मा द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली दवाओं का कारोबार करने वाले आरोपी अमीन खान को दोषी पाकर कठोर कारावास एवं अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया है। इस प्रकरण में राज्य की ओर से पैरवी अखिलेश अवंधिया एजीपी द्वारा की गई। मामला थाना सिविल लाइन सतना के अपराध क्रमांक 688/2024 से संबंधित है। 16 नवंबर 2024 को एएसआई राजबहादुर सिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गढ़िया टोला कब्रिस्तान के पास एक व्यक्ति थैले में अवैध नशीली दवाइयां बिक्री के लिए लेकर खड़ा है। पुलिस बल एवं स्वतंत्र साक्षियों की मदद से घेराबंदी कर आरोपी अमीन खान तनय हिफाजुद्दीन खान (24) निवासी गढ़िया टोला सतना को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक डिब्बे में कुल 27 पत्ते कुल 216 कैप्सूल प्रतिबंधित नशीली दवा बरामद हुई। आरोपी के पास इन प्रतिबंधित दवाओं को रखने या बेचने का कोई वैध लाइसेंस नहीं था। पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट तथा मप्र ड्रग कन्ट्रोल एक्ट के तहत कार्रवाई कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 8(सी) सहपठित धारा 21(सी) एवं मप्र ड्रग कन्ट्रोल एक्ट के तहत दोषी को 6 माह के कठोर कारावास तथा 5 हजार रुपये एवं एक हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया गया है।


# 'रुक जाना नहीं' परीक्षा योजना

**माध्यमिक शिक्षा मंडल, म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा/द्वितीय अवसर परीक्षा 2026 के अनुत्तीर्ण विद्यार्थी निराश न हों, उनके लिए जून 2026 से पुन: परीक्षाएं**

**केवल माध्यमिक शिक्षा मंडल, म.प्र. भोपाल से 2026 की मुख्य परीक्षा/ द्वितीय अवसर परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी हेतु**

**पात्रता**

माध्यमिक शिक्षा मंडल, म.प्र. भोपाल की फरवरी-मार्च 2026 में/द्वितीय अवसर अप्रैल-मई 2026 में आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में अनुत्तीर्ण एवं अनुपस्थित रहे विद्यार्थी।

**परीक्षा**

- पात्र परीक्षार्थी 20 जून 2026 तक आवश्यक रूप से एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से अथवा स्वयं, ऑनलाइन निर्धारित शुल्क जमा कर पंजीयन करवा सकते हैं।
- परीक्षाएं जून 2026 के अंतिम सप्ताह से आयोजित की जावेंगी।
- परीक्षा प्रश्नपत्र मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के पाठ्यक्रम अनुसार ही होंगे तथा केवल अनुत्तीर्ण विषयों की ही परीक्षा देनी होगी। अंकसूची म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, भोपाल द्वारा ही दी जावेगी, जिसमें पूर्व में उत्तीर्ण विषयों के प्राप्तांक दर्शित होंगे।
- किसी कारणवश हितग्राही म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की माह जून 2026 की परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाते हैं, तो उन्हें शेष विषयों की परीक्षा माह दिसम्बर 2026 में आयोजित होने वाली परीक्षा हेतु पुन: पंजीयन करवाकर उत्तीर्ण होने के लिए अवसर प्रदान किया जावेगा।
- जून 2026 में आयोजित हाई स्कूल की प्रथम चरण की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थी को ही कक्षा 11वीं में नियमित प्रवेश की पात्रता होगी। द्वितीय चरण में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को कक्षा 11वीं में नियमित प्रवेश नहीं मिलेगा परन्तु वे अगले वर्ष 2028 की ओपन स्कूल बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की 'ओपन स्कूल परंपरागत' परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

"हार मान लेना अंत नहीं होता, एक और कोशिश से ही सफलता की शुरुआत होती है।"

- उदय प्रताप सिंह, मंत्री, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन, मध्यप्रदेश शासन

**ऑनलाइन ई-माइग्रेशन एवं तत्काल ई-अंकसूची**

RJN Video Link

✓ परीक्षा के प्रवेश पत्र www.mpsos.mponline.gov.in एवं www.mpsos.nic.in से डाउनलोड कर सकेंगे।

✓ प्रवेश पत्र पर परीक्षा की समय सारणी आदि की जानकारी अंकित होगी।

✓ किसी भी प्रकार की समस्या समाधान हेतु एम.पी. ऑनलाइन की हेल्पलाइन 0755-6720200 पर संपर्क करें।

✓ परीक्षा का पाठ्यक्रम एवं ब्लूप्रिंट म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल अनुसार ही होगा।

**मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, भोपाल**

M.P. Madhyam/126351/2026







## घर से निकले युवक की कुएं में मिली लाश

**रीवा।** जिले के बैगुनपुर कस्बा स्थित वार्ड क्रमांक 14 में आज सुबह एक अज्ञात युवक का शव पुराने कुएं के अंदर पड़ा देखा गया। जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कुएं से इस युवक के शव को बाहर निकलवाया और पीएम के लिए सिरमौर अस्पताल भिजवा दिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक आज सुबह बैकुंठपुर कस्बे के वार्ड क्रमांक 14 के निवासियों ने एक अज्ञात युवक का शव कुएं के अंदर पड़ा हुआ देखा। जिसकी सूचना तत्काल बैकुंठपुर पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाया और युवक की पहचान के प्रयास शुरू किए गए। कुछ ही देर में युवक की पहचान सिन्नर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमरी निवासी संजय कोल के रूप में हुई है।